आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 20 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 244, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान 14

स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी 13

## क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप, भारत-अमेरिका समेत पूरी दुनिया में दिखा असर

# 1400 उड़ानें रद, बैंक-आईटी की सेवाएं प्रभावित

लंदन/वाशिंगटन/नई दिल्ली

एंटीवायरस से जुड़ी कंपनी क्राउडस्ट्राइक के एक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट सर्वर ठप पड़ गया। इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में हजारों उड़ानें रद करनी पड़ीं, बैंकों, अस्पतालों और मीडिया संस्थानों में सेवाएं प्रभावित हुईं और काफी संख्या में व्यवसायों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित मुद्दों से जूझना पड़ा। भारत, हांगकांग, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका सहित कई देशों में इस गड़बड़ी ने प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन को पंगु बना दिया। इसका सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ा है।

विमानन विश्लेषण कंपनी सिरियम ने कहा कि दुनिया भर में निर्धारित लगभग 1,10,000 वाणिज्यिक उड़ानों में से 1400 को रद कर दिया गया है। साइबर संस्थान ट्रैंकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एएनजेड, वेस्टपैक, वीजा और ऑप्टस जैसे ऑस्ट्रेलियाई बैंकिंग व दूरसंचार संस्थान प्रभावित हुए हैं। माइक्रोसॉफ्ट विंडो उपयोगकर्ताओं को लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दे रही थी। इसके कारण सिस्टम पुनः आरंभ हो रहे थे या स्वचालित रूप से बंद हो रहे थे।

### यात्रियों को हाथ से लिखे बोर्डिंग पास किए जारी

### क्राउडस्ट्राइक के सीईओ ने परेशानी पर माफी मांगी


### लैपटॉप पर ब्लू स्क्रीन समस्या दिखाई दी




नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट ठप होने के कारण परेशान रहे यात्री। ● एजेंसी

### भारतीय मंत्रालय माइक्रोसॉफ्ट के संपर्क में : वैष्णव

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उनका मंत्रालय माइक्रोसॉफ्ट के संपर्क में है। एनआईसी नेटवर्क व्यवधान से प्रभावित नहीं है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर वैष्णव ने कहा कि इस व्यवधान का कारण पहचान लिया गया है और इस मुद्दे को हल करने के लिए अपडेट जारी किए गए हैं।






### व्यवधान की पहचान कर ली गई : सीईओ

क्राउडस्ट्राइक के सीईओ जॉर्ज कर्ट्ज ने कहा कि आईटी व्यवधान पैदा करने वाले दोष की पहचान कर ली गई है और उसे ठीक कर दिया गया है। यह न तो कोई सुरक्षा से संबंधित घटना है और न ही साइबर हमला। उन्होंने कहा कि क्राउडस्ट्राइक उन ग्राहकों के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जो विंडोज होस्ट के लिए एक एकल सामग्री अपडेट में पाई गई खराबी से प्रभावित हैं। उन्होंने इसके लिए दुनियाभर के लोगों से माफी मांगी।

### माइक्रोसॉफ्ट को 20 खरब का नुकसान

**अमेरिका।** माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड आउटेज की वजह से दुनिया भर में बैंकिंग और उड़ान सेवाओं पर असर देखने को मिला। इस बीच दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में शुमार माइक्रोसॉफ्ट को भी तगड़ा झटका लगा है। आईटी सिस्टम क्रैश के बाद कुछ ही घंटों में 23 बिलियन डॉलर यानी करीब 20 खरब रुपयों का नुकसान झेलना पड़ा। इसका असर दुनिया भर की कंपनियों तक देखा गया।

### इंडिगो आउटेज प्रभाव को कम करने में जुटा

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी एयरलाइन इंडिगो उड़ान संचालन पर एमएस सॉफ्टवेयर आउटेज के प्रभाव को कम करने की दिशा में काम कर रही है और हवाई अड्डों पर इस मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता तथा तत्परता के साथ हल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही एवं चार मेट्रो हवाई अड्डे में वॉर रूम सक्रिय कर दिया है।

### 10 बैंक, एनबीएफसी पर पड़ा असर : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सेवाओं में व्यवधान के कारण देश के 10 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कामकाज में मामूली व्यवधान पैदा हुआ, जिसे या तो हल कर लिया गया या समाधान किया जा रहा है। अधिकांश बैंकों के महत्वपूर्ण सिस्टम क्लाउड में नहीं हैं इसके अलावा कुछ चुनिंदा बैंक ही क्राउडस्ट्राइक साधन का उपयोग कर रहे हैं।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर दो घंटे तक फंसे रहे कृषि मंत्री

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर एक बजे उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। इनके यात्रियों ने विमान में हंगामा किया। वहीं एयरपोर्ट पर भी यात्रियों ने भी हंगामा किया। इस दौरान दिल्ली जा रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह भी दो घंटे तक फंसे रहे। उनकी फ्लाइट एक घंटे तक रनवे पर अटकी रही। लखनऊ में कुल 17 उड़ानें प्रभावित हुईं।

## बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार, 666.9 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 9.70 अरब डॉलर उछलकर अब तक के उच्चतम स्तर 666.85 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.15 अरब डॉलर हो गया था।

## असम 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है और 2041 तक वे बहुसंख्यक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांख्यिकीय नमूने के अनुसार असम में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत है। 2011 में असम में 1.4 करोड़ मुसलमान थे और कुल मुस्लिम आबादी 1.07 करोड़ थी। असम की कुल 3.12 करोड़ निवासियों का 34.22 प्रतिशत थी। राज्य में 1.92 करोड़ हिंदू थे जो कुल आबादी का 61.47 प्रतिशत था। मुख्यमंत्री ने कहा हर 10 साल में असम में मुस्लिम आबादी 11 लाख बढ़ जाती है।

## रजिस्ट्रेशन में वाहन स्वामी अपडेट करा सकेंगे मोबाइल नंबर

**लखनऊ।** वाहन स्वामियों की वाहन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, अगर किसी का मोबाइल नंबर वाहन रजिस्ट्रेशन में अपडेट नहीं है या गलत अंकित है तो वह विभाग की वेवसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नंबर सही करा सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को अपर परिवहन आयुक्त (आईटी-प्रवर्तन) एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वाहन स्वामियों को घर बैठे सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा कर चालान या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई से वाहन स्वामी खुद को अपडेट रख सकते हैं।







## स्वामी और संघमित्रा को कोर्ट ने माना फरार

लखनऊ, विधि संवाददाता

कथित रूप से बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने, मारपीट, गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोप के मामले में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या व उनकी पुत्री पूर्व सांसद संघमित्रा मौर्या को स्थानीय अदालत ने फरार माना है। कोर्ट ने दोनों को 27 अगस्त को हाजिर होने का आदेश दिया है।

यह आदेश एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने पारित किया है। इसके पूर्व कोर्ट दोनों के खिलाफ अप्रैल 2024 में ही गैर जमानतीय वारंट भी जारी कर चुकी है। वहीं उक्त मुकदमे के खिलाफ स्वामी प्रसाद और संघमित्रा हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में भी याचिका दाखिल कर चुकी हैं, हालांकि हाईकोर्ट ने भी उन्हें कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया था। पत्रावली के अनुसार सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा व स्वामी प्रसाद मौर्या समेत अन्य के ख़िलाफ़ मुकदमा दाखिल किया है।



## प्रश्नपत्र हल करने की आरोपी मेडिकल छात्रा गिरफ्तार

**नीट-यूजी मामला**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रथम वर्ष की एमबीबीएस छात्रा को कथित तौर पर सॉल्वर मॉड्यूल का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया। प्रश्नपत्र हल करने वाला ये गिरोह एक इंजीनियर के साथ मिलकर काम कर रहा था, जिसने नीट-यूजी प्रश्नपत्र चुराए थे। सीबीआई अदालत ने छात्रा को तीन दिनों की रिमांड पर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। वहीं हिरासती पूछताछ के बाद 10 अभियुक्तों को वापस जेल भेज दिया।

## 50 हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



● मुकदमे से मामा का नाम निकालने के लिए मांगे थे एक लाख

**अमृत विचार :** थाना सुभाषनगर की करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को एंटी करप्शन की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज ने कार से टक्कर मारकर हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में शिकायतकर्ता के मामा का नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये मांगे थे। शामली के थाना आदर्श मंडली के गांव टिटोली निवासी धर्मेंद्र देशवाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया।

जीजीआईसी रोड निवासी आदर्श कुमार और उसके मामा विजय पाठक हत्या की कोशिश के मामले जेल गए थे। आदर्श जमानत पर बाहर आ गया। उसका मामा ठेकेदारी करता था। चौकी इंचार्ज ने आदर्श से उसके मामा का मुकदमे से नाम निकालने और धाराएं हल्की करने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। दो किस्त में रुपये देना तय हुआ। आदर्श ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन के सीओ यशपाल सिंह से इसकी शिकायत की। इसके बाद उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया।

## यूपीएससी ने पूजा खेडकर के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

नई दिल्ली (एजेंसी)

यूपीएससी ने महाराष्ट्र कैडर की प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

यूपीएससी ने शुक्रवार को बताया कि जांच में पाया गया है कि पूजा ने नियमों का उल्लंघन किया है। धोखाधड़ी से सिविल सेवा परीक्षा की उच्चतम आयु सीमा को बढ़ाया है। इसके लिए उसने अपना नाम, पिता- माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपना ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर, फर्जी पहचान बनाकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया।

### मां से संबद्ध इंजीनियरिंग कंपनी की गई सील

**पुणे।** पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम ने ट्रेनी आईएएस पूजा की मां द्वारा संपत्ति का बकाया नहीं चुकाने पर तलावडे क्षेत्र में स्थित बंद पड़ी कंपनी थर्मोवेरिटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सील कर दिया है। पूजा ने आरक्षण के तहत सिविल सेवाओं में चयन के लिए आवेदन करते समय अपने आवासीय पते के रूप में इंजीनियरिंग कंपनी का पता दिया था।

**पिता को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण :** यहां की एक सत्र अदालत ने पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर को 25 जुलाई तक गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है।

## राज्यपाल को छूट देने वाले प्रावधान की होगी समीक्षा

### पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 361 के उन प्रावधानों की समीक्षा करने पर शुक्रवार को सहमत हो गया जो राज्यपालों को किसी भी तरह के आपराधिक मुकदमे से पूर्ण छूट प्रदान करते हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पश्चिम बंगाल राजभवन में संविदा पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी की याचिका पर दिया है।

राजभवन की महिला कर्मचारी ने कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 अप्रैल और दो मई को राज्यपाल के आवास में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसके साथ छेड़छाड़ की। साथ ही अधिकारियों पर गलत तरीके से बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अगुवाई वाली पीठ ने पश्चिम बंगाल राजभवन की महिला की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाने की अनुमति दी है। साथ ही अटॉर्नी जनरल आर. वेंकट रमणी से सहायता करने को कहा है। महिला का नाम न्यायिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई जांच ही न हो। सबूत एकत्र किए जाने चाहिए। राज्यपाल के पद छोड़ने तक इसे अनिश्चित काल के लिए टाला नहीं जा सकता। अनुच्छेद 361 के खंड दो के तहत राज्यपालों को दी गई छूट जांच पर रोक नहीं लगा सकती है। ऐसे मामलों की जांच में समय का बहुत महत्व है।



### राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी

पीठ ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए आदेश में कहा है कि याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के खंड (2) के तहत राज्यपाल को दिए गए संरक्षण के दायरे से संबंधित मुद्दा उठाया गया है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपालों के संरक्षण से संबंधित है। इसका खंड दो कहता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान किसी भी न्यायालय में उनके विरुद्ध कोई भी आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी।



**आज का मौसम**

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान



37.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- विश्व हिंदू परिषद महानगर नाथनगरी की प्रेसवार्ता अलखनाथ मंदिर में सुबह 11 बजे।
- कैंसर से बचाव के लिए आईएमए हाल में सीएमई रात 9 बजे।
- मानव सेवा क्लब का स्थापना दिवस एवं अधिष्ठापन समारोह रोटरी भवन में शाम 7 बजे।
- पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पौधरोपण जन अभियान रामगंगा नगर योजना के ब्रह्मपुत्र ब्लॉक के पार्क में सुबह 10 बजे।

### यात्रियों की सुविधा के लिए कर्मियों की लगाई ड्यूटी

**बरेली अमृत विचार :** सावन के दिनों में रोडवेज यात्रियों को बस स्टेशनों पर किसी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने बस स्टेशनों पर तीन-तीन पालियों में 100 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। सुबह छह से दोपहर दो बजे तक, दोपहर दो से रात 10 बजे तक और रात 10 से सुबह छह बजे तक कर्मचारी कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे और यात्री सुविधाओं पर नजर रखेंगे। यह कंट्रोल रूम 22 जुलाई से 19 अगस्त तक चलेंगे।

# कांवड़ यात्रा के मार्गों को 24 घंटे में निरीक्षण कर करें दुरुस्त

## मंडलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी, शाहजहांपुर और बदायूं में कांवड़ यात्रियों के सभी मार्ग दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग से मंडल के उन सभी मार्गों की रिपोर्ट तलब की है, जिन रास्तों से कांवड़ यात्री गुजरते हैं। उन्होंने अफसरों को कांवड़ यात्रियों के मार्ग का निरीक्षण कर 24 घंटे में शेष मार्गों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं अफसरों ने आंवला में कांवड़ यात्रा से संबंधित मार्ग का निरीक्षण भी किया।

लोक निर्माण विभाग के अफसरों के अनुसार बरेली में चयनित 32 में 27 मार्ग अधिशासी अभियन्ता प्रांतीय खंड, 5 मार्ग अधिशासी अभियन्ता निर्माण खंड-1 के अधीन हैं। 32 मार्गों के सापेक्ष 31 मार्ग संतोषजनक अवस्था में हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 530 से पैगानगरी गोरा लोकनाथपुर, बसंतपुर होते हुए गुलड़िया मार्ग अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त है। 16.77 किमी लंबे इस मार्ग पर कार्य कराया जा रहा है। वहीं, पीलीभीत में लोनिवि के पास चयनित 25 मार्ग हैं। इसमें 22 मार्ग संतोषजनक अवस्था में हैं। बरखेड़ा पिपरामंडन बुहित परेई 15 किमी, माधोटांडा पूरनपुर मार्ग पेट्रोल पंप तक 12 किमी और कस्बा कलीनगर से शाहगढ़ पुलिस चौकी एनएच तक 13.किमी मार्ग बाढ़ एवं अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त है। शाहजहांपुर और बदायूं में कांवड़ यात्रियों के मार्ग दुरुस्त होने की बात कही गई है।



आंवला में कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते लोक निर्माण विभाग के अफसर। ● अमृत विचार

### पुलिस अधीक्षक ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** सावन के मद्देनजर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने झुमका तिराहा से लेकर रामपुर की सीमा तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्राधिकारी नवीन कुमार, फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी धनंजय पांडे एवं अन्य पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस दौरान रामपुर के पुलिस अधिकारियों से भी संपर्क कर कुछ बिंदुओं पर चर्चा की गई।



### कांवड़ सेल को गठन हेल्पलाइन जारी किए

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पहली बार कांवड़ सेल का गठन कर हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जिसके लिए बीएसएनएल की हंटिंग लाइन के पांच कनेक्शन लिए गए हैं। यहां पांच पुलिसकर्मियों की टीम जत्थेदारों से वार्ता कर फीडबैक लेगी। इस पर लोग भी समस्या बता सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 0581-2990450 और आपात सेवाओं के लिए 112 जारी किया गया है। एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह की मॉनिटरिंग में रिजर्व पुलिस लाइन में कांवड़ सेल का गठन किया गया है। कांवड़ सेल 24 घंटे समन्वय कर सूचनाओं का आदान-प्रदान करेगा। कोई समस्या आएगी तो थाना प्रभारी के मध्य समन्वय स्थापित कर निदान कराया जाएगा।

### सावन में नाथ मंदिरों के लिए सिटी बसें चलाने का सुझाव

**बरेली, अमृत विचार:** सावन में नाथ मंदिरों के लिए सिटी बसें चलाने का कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने सुझाव दिया है। वह जल्द इस संबंध में नगर आयुक्त से वार्ता करेंगे। विधायक का कहना है कि बसें पूरे महीने नहीं तो कम से कम सोमवार के दिन चलें। अभी बसें देहात रूट पर ही चल रही हैं।

विधायक ने बताया कि पर्यटन स्थलों पर बस के जरिए श्रद्धालु कई मंदिरों में जाकर दर्शन करते हैं और घूमते हैं। नियत स्थान पर बसें खड़ी होती हैं और श्रद्धालु गंतव्य तक जाकर तय समय में बस में लौटते हैं। इसी तरह की व्यवस्था यहां भी हो। शहर में धोपेश्वरनाथ, तपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, वनखंडीनाथ, त्रिवटीनाथ, अलखनाथ और पशुपतिनाथ मंदिर है। तपेश्वर, मढ़ीनाथ मंदिर तक बस नहीं जा सकती है, अन्य मंदिरों के आसपास तक बस आसानी से जा सकती है। तपेश्वरनाथ के लिए सुभाषनगर मालगोदाम और मढ़ीनाथ के लिए सिटी स्टेशन तक आसानी से बस जा सकती है और वहां से ई-रिक्शा से श्रद्धालु मंदिर तक जा सकते हैं।

## कांवड़ियों के मार्गों का मेयर ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मेयर डॉ. उमेश गौतम ने शुक्रवार को कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक स्थान पर धीमी गति से टाइल्स बिछाए जाने पर नाराजगी जताई और कहा कि शिवभक्तों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अफसरों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मार्ग दुरुस्त करा लें, क्योंकि अब समय बहुत कम है।

मेयर ने कांवड़ मार्गों को लेकर पहले कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद अफसरों के साथ सबसे पहले त्रिवटीनाथ मंदिर मार्ग को देखने पहुंचे। वहां टाइल्स बिछाने कार्य धीमी गति से चल रहा था उसे जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। पेड़ों की छटाई कराने के साथ ही प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए। इसके बाद उन्होंने अलखनाथ मंदिर मार्ग का जायजा लिया। जहां निर्माणाधीन नाले की रखी गईं ईंटों को देखकर फटकार लगाई और हटाने को कहा। मेयर ने कहा कि रविवार को ही शिवभक्तों का निकला शुरू हो जाएगा। इसलिए जहां कहीं भी काम अधूरा है, उसे पूरा कर लिया जाए।



कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते मेयर डॉ. उमेश गौतम। ● अमृत विचार



हरिद्वार जल लेने के लिए बाइकों से रवाना होता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

## स्काई वॉक 15 और अर्बन हॉट 30 वर्ष के लिए संचालन को दिया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीएमडी, मल्टी लेवल पार्किंग, तांगा स्टैंड सहित 19 प्रोजेक्ट पर काम तेज

**अमृत विचार :** निर्माण पूरा होने के बाद भी काफी समय से संचालक के अभाव में शुरू न होने वाले स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट को रफ्तार मिलने वाली है। इनके संचालन तय करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जल्द लोगों को इसका फायदा मिलने लगेगा।

चुनाव आचार संहिता और कुछ लेटलतीफी के कारण स्मार्ट सिटी के कई प्रोजेक्ट अटके हुए थे। इसके लिए संचालकों का इंतजार था। स्मार्ट सिटी लिमिटेड 5 अगस्त को एजेंसी तय करेगी किसे संचालन का जिम्मा दिया जाए। 22 जुलाई को बिड बैठक का आयोजन होगा। पटेल चौक पर 11.34 करोड़ रुपये की लागत से स्काई वॉक बनकर तैयार है। यहां दुकानों को छोड़कर बाकी काम पूरा हो चुका है। इसे 15 वर्ष के लिए दिया जाना है। इसके अलावा अर्बन हॉट, हैंडीक्राफ्ट सेंटर और तांगा स्टैंड को 30-30 साल लिए दिया जाएगा। इन दोनों के लिए एजेंसी को चयन के लिए नंबर निर्धारित किए गए हैं। बीएमडी, मल्टी लेवल पार्किंग, तांगा स्टैंड सहित कुल 19 प्रोजेक्ट हैं। अधिकारियों के अनुसार स्मार्ट सिटी के मुख्य प्रोजेक्ट संचालक तय होने के बाद अगस्त या सितंबर माह के पहले सप्ताह में शुरू करने का लक्ष्य है, ताकि लोगों को इसका फायदा मिल सके।

## एक सप्ताह बारिश के आसार

- अधिकतम तापमान पांच डिग्री लुढ़का, आज से होगी बारिश

**बरेली , अमृत विचार :** जिले का मौसम एक बार फिर बदल गया है। सुबह से बादल छाने और हवा चलने से दिन के तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इससे गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली, हालांकि दोपहर बाद धूप खिलने से फिर उमस बढ़ गई। मौसम विभाग ने शनिवार से एक सप्ताह तक मध्यम से भारी बारिश का अनुमान जताया है।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो गुरुवार से पांच डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह वातावरण में नमी 88 फीसदी और शाम को 79 फीसदी रही।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सप्ताह भर बारिश के आसार हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 36-38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27-29 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का अनुमान है।

## कांवड़ यात्रा :सात जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली दिल्ली पैसेंजर समेत 14 ट्रेनों को दिया अतिरिक्त ठहराव
- लखनऊ-ऋषिकेश और बरेली-ऋषिकेश के बीच भी मेला

**अमृत विचार:** कांवड़ मेला में जाने वाले शिव भक्तों को रेलवे ने राहत दी है। सात जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों से योगनगरी ऋषिकेश और हरिद्वार स्टेशन के बीच चलाई जाएंगी। इनमें से एक जोड़ी ट्रेनें लखनऊ से योगनगरी ऋषिकेश स्टेशन व एक जोड़ी ट्रेन योगनगरी ऋषिकेश से बरेली के बीच भी चलेंगी। वहीं 22 ट्रेनों में सोमवार से 19 अगस्त तक अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे।

बरेली दिल्ली पैसेंजर समेत 14 ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव गंगा घाटों के नजदीक रेलवे स्टेशनों पर दिया गया है। मुरादाबाद रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी आदित्य गुप्ता ने बताया कि 04372 योगनगरी ऋषिकेश-लखनऊ मेला स्पेशल 6 से 19 अगस्त तक प्रतिदिन योगनगरी ऋषिकेश से 20:35 बजे चलेगी। बरेली जंक्शन पर ट्रेन सुबह 5:15 बजे पहुंचकर 05:17 पर रवाना होगी। वहीं 04371 लखनऊ-योगनगरी मेला स्पेशल 7 से 20 अगस्त तक प्रतिदिन लखनऊ से सुबह 11:45 बजे चलेगी और बरेली जंक्शन से 15:52 बजे रवाना होगी। 04370 योगनगरी ऋषिकेश-बरेली मेला स्पेशल ऋषिकेश से 3 से 5 अगस्त तक प्रतिदिन योगनगरी ऋषिकेश से 20:35 बजे चलकर बरेली सुबह 5:15 बजे पहुंचेगी। वापसी में 04369 बरेली-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 4 से 6 अगस्त तक प्रतिदिन बरेली से 15:50 बजे चलकर ऋषिकेश 23:00 बजे पहुंचेगी। दोनों ही ट्रेनें पूरी तरह अनारक्षित होंगी। 04376/04375 बरेली-अलीगढ़-बरेली और 04378/04377 बरेली-अलीगढ़-बरेली ट्रेनों में 22 जुलाई से 19 अगस्त तक दो-दो अतिरिक्त सामान्य कोच लगाए जाएंगे।



अधीक्षण अभियंता को समस्या बताता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल।

## व्यापारी को ग्लो साइन बोर्ड का अलग से बिल बताकर भेजा नोटिस

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार :** कॉमर्शियल कनेक्शन के बाद भी बिजली विभाग ने एक व्यापारी को ग्लो साइन बोर्ड का अलग से बिजली बिल बताकर नोटिस भेज दिया। इससे नाराज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पावर कारपोरेशन के शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता से मुलाकात की। जल्द समस्या का समाधान कराया जाने की मांग की।

जिलाध्यक्ष देवेंद्र जोशी और महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना के नेतृत्व में व्यापारी अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ से मिले। शोभित सक्सेना ने बताया कि उनके संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष का डीडीपुरम में शोरूम है। शोरूम के नाम का ग्लो साइन बोर्ड लगा है। जिसका कॉमर्शियल कनेक्शन है। वह हर माह समय पर बिल जमा करते हैं। उसके बाद भी विभाग ने उनको एक नोटिस भेज दिया, जिसमें कहा है कि आप अनधिकृत तरीके से 126 के तहत सप्लाई टाइप 20 में ग्लो साइन बोर्ड दुकान के बाहर लगा कर अपना प्रचार कर रहे हैं। इसलिए 2 लाख से अधिक का बिल देना होगा। इस दौरान व्यापारियों ने विभाग पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी कौन सी दुकान है, जिस पर उसके नाम का ग्लो साइन बोर्ड नहीं लगा है। अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंता सुरेंद्र गौतम को कार्यालय में बुलाकर नोटिस के बारे में पूछा। जिस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि यह नोटिस उनके समय में नहीं भेजा गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के नोटिस व्यापारियों को आगे से न भेजे जाएं। महानगर प्रभारी दानिश जमाल ने बताया कि उनकी सप्लाई को किला उपकेंद्र के 3 की जगह फीडर 7 से जोड़ दी है। इस वजह से बिजली समस्या से जूझना पड़ रहा है। अधीक्षण अभियंता ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। अमरजीत बक्शी, राजा सेठ, मनोज अरोरा, विशाल सक्सेना, जुनेद अली खान आदि मौजूद रहे।

## गोंडा हादसे के दूसरे दिन भी ट्रेनें प्रभावित, जंक्शन पर घंटों देरी से पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गोंडा में रेल हादसे की वजह से दूसरे दिन भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। बरेली जंक्शन पर शुक्रवार को गरीबरथ एक्सप्रेस, अवध असम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं।

बरेली जंक्शन पर 12203 सहरसा अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस 4 घंटे 42 मिनट, 15211 जननायक 4 घंटे 25 मिनट, 15273 सत्याग्रह 3 घंटे 6 मिनट, 14617 जनसेवा 4 घंटे 39 मिनट, 15279 पुरबिया 5 घंटे 18 मिनट, 15909 अवध असम एक्सप्रेस 6 घंटे 5 मिनट, 13019 बाघ 2 घंटे 22 मिनट की देरी से पहुंची। इसके अलावा 15097 अमरनाथ एक्सप्रेस 5 घंटे 13 मिनट की देरी से चल रही थी। इन सभी ट्रेनों को हादसे के कारण डायवर्ट किया गया था। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि देर रात 23:58 बजे डीजल फिट दिया गया था, इसलिए अप लाइन शुक्रवार को विद्युत लाइन के साथ फिट कर दी गई है। शाम को एक मालगाड़ी इस खंड से होकर चलाई गई।

### आज भोजीपुरा से चलेगी देहरादून एक्सप्रेस

बाढ़ की वजह से शाही के पास बर्बाद हुए रेलवे पुल को ठीक करने का काम इंजीनियरिंग विभाग की टीमें कर रही हैं, मगर बरेली-पीलीभीत-टनकपुर रेल खंड पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह निरस्त है। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 15020 टनकपुर देहरादून एक्सप्रेस का संचालन टनकपुर के स्थान पर शनिवार को भोजीपुरा से किया जाएगा।

## रिश्वतखोरी : पीड़िता पर भी कार्रवाई का आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वायरल ऑडियो प्रकरण की जांच में लेन-देन की बात की हुई पुष्टि

**अमृत विचार :** रिश्वतखोरी प्रकरण में वायरल ऑडियो की जांच के बाद जब कार्रवाई का नंबर आया तो अफसरों ने रिश्वत मांगने वाली भोजीपुरा की बीएमएम पूनम राजपूत के साथ ऑडियो वायरल करने वाली बालाजी स्वयं सहायता समूह की सचिव अनीता के विरुद्ध भी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह ने 1 जुलाई को वायरल ऑडियो प्रकरण में अपनी जांच शासन को सौंपी थी।

जांच में ऑडियो में दोनों महिलाओं के बीच पैसे के लेन-देन की बात की पुष्टि की गई। ऑडियो में बीडीओ के नाम पर पैसा मांगा जा रहा था, लेकिन इसका कोई उल्लेख जांच में नहीं किया गया। मामले में पीड़िता के विरुद्ध भी कार्रवाई का पत्र जारी हो गया। डीसीएनआरएलएम को डीडीओ की ओर से जारी पत्र में ऑडियो में शामिल बीएमएम पूनम व बालाजी स्वयं सहायता समूह की सचिव अनीता के विरुद्ध एक सप्ताह में कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह पत्र तीन जुलाई को जारी किया गया, जिस पर तत्कालीन डीसीएनआरएलएम का अतिरिक्त चार्ज लिए परियोजना अधिकारी तेजवंत सिंह ने कोई कार्यवाही नहीं की। नए डीसीएनआरएलएम योगेंद्र लाल ने बताया कि अभी मामले को समझने में समय लगेगा। आदेशानुसार कार्रवाई कर सीडीओ को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। पीड़िता अनीता का कहना है कि इसमें हमारी गलती क्या है। अफसर, अफसर की ही सुनते हैं। हम गरीब महिलाएं हैं, हमारी कौन सुनेगा। एक साल से चक्कर लगाते-लगाते थक गए हैं। मानदेय भी नहीं मिला है।

### मंडलायुक्त ने दिए थे जांच के निर्देश

कुछ समय पहले आंगनबाड़ी केंद्रों पर राशन पहुंचाने के बदले में शासन से बालाजी महिला स्वयं सहायता समूह को मिले 1.70 लाख के भुगतान में से 50 हजार रुपये कमीशन वसूलने का आरोप बीडीओ पर लगा था। इसका खुलासा पिछले साल बीएमएम पूनम राजपूत और समूह की पदाधिकारी अनीता की बातचीत के एक वायरल ऑडियो से हुआ था। उसमें बीडीओ के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही थी। एक संस्था की ओर से पिछले दिनों ऑडियो क्लिप मंडलायुक्त को भेजकर प्रकरण की जांच कराने का अनुरोध किया गया। इसके बाद फिर डीसीओ यशपाल सिंह को जांच सौंपी गई।

## मांगें पूरी न होने पर कार्य बहिष्कार का किया एलान

**बरेली, अमृत विचार :** आशा कार्यकर्ताओं ने मांगें पूरी न होने पर कार्य का बहिष्कार करने का एलान किया है। जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान बीती 1 जुलाई से व्यापक रूप से चल रहा है। शनिवार से यह अभियान प्रभावित हो सकता है, क्योंकि आशा कार्यकर्ताओं ने मांगें पूरी न होने के विरोध में धरना आरंभ कर दिया है। आशा वर्कर यूनियन की जिलाध्यक्ष शिववती साहू ने बताया कि आभा आईडी बनवाने के नाम पर कार्यकर्ताओं से डेटा ऑपरेटर का काम करवाया जा रहा है। समय से मानदेय भी जारी नहीं किया जा रहा है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार, मंडल अध्यक्ष मंजू पटेल, मंडल उपाध्यक्ष चंपा गंगवार व मंडल सचिव जय श्री गंगवार आदि उपस्थित रहे।

### गर्मी में फिर बढ़े डायरिया के मरीज

**बरेली :** जिला अस्पताल में स्थित 26 बेड का वार्ड शुक्रवार को फिर डायरिया के मरीजों से भर गया। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि गर्मी बढ़ने से बच्चे डायरिया की चपेट में आ रहे हैं।

## रबड़ फैक्ट्री प्रकरण की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

### जमीन पर मालिकाना हक और भुगतान के लटके मुद्दे पर भी ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी में 25 वर्षों से बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री की जमीन पर मालिकाना हक और लंबे समय से भुगतान के लटके मुद्दे को लेकर शुक्रवार को शासन स्तर पर महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कमिश्नर, डीएम समेत सभी अधिकारियों और एसएंडसी यूनियन के महामंत्री से पूरे मामले की विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद मुख्य सचिव ने डीएम को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

दरअसल रबड़ फैक्ट्री बंद होने के बाद से 1432 कर्मचारियों का भुगतान 25 सालों से रुका हुआ है। इसको लेकर कर्मचारी परेशान हैं। वे लगातार देय भुगतान की मांग कर रहे हैं। जमीन के मालिकाना हक को लेकर मामला बॉम्बे हाईकोर्ट में चल रहा है। सरकार की ओर से महा अधिवक्ता अनिल सिंह और अधिवक्ता रमेश पाटिल की ओर से पैरवी नहीं किए जाने की वजह से मामला और टल रहा है। इसको लेकर पिछले दिनों एसएंडसी यूनियन के महासचिव अशोक मिश्रा की अगुवाई में पदाधिकारियों ने मीरगंज विधायक डीसी वर्मा से मिलकर बात रखी थी।

विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा था। महामंत्री ने वन मंत्री अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल से भी पैरवी की सिफारिश की थी। बीते मंगलवार को महामंत्री ने वनमंत्री अरुण कुमार, संत प्रकाश शर्मा के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से लोक भवन में मुलाकात की थी।

शुक्रवार को मुख्य सचिव ने वर्चुअल बैठक की, जिसमें कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीएम रविंद्र कुमार सहित कई अफसर जुड़े। बताया जाता है कि इस प्रकरण में करीब एक घंटे तक बैठक हुई। मुख्य सचिव ने कमिश्नर और डीएम से पूछा कि अब तक इस मामले में क्या-क्या कार्रवाई की गई है और जमीन पर सरकार का मालिकाना हक दिलाने के लिए क्या-क्या प्रयास किए गए। प्रशासन की ओर से इसकी जानकारी दी गई। फैक्ट्री के कर्मचारी के लटके भुगतान की धनराशि और जमीन की कीमत मुख्य सचिव की ओर से पूछी गई। प्रशासन ने इसकी भी जानकारी दी।

**एक सप्ताह का समय मांगा**

दस्तावेजों को छुपाकर मुंबई हाईकोर्ट से अल्केमिस्ट के पक्ष में कराए गए फैसले का मामला भी बैठक में मुख्य सचिव के सामने उठा। उन्होंने इसकी भी जानकारी ली और अल्केमिस्ट की तरफ से जुड़े लोगों से इसमें नाराजगी भी जताई। अल्केमिस्ट की ओर से एक सप्ताह का समय भी मांगा गया। एसएंडसी यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा ने बताया कि बैठक में रबर फैक्ट्री के मसले पर कई बिंदुओं पर वार्ता हुई है। बैठक सार्थक रही है। मुख्य सचिव ने डीएम को भी निर्देश दिए हैं। उम्मीद है कि जल्द ही सन्तोषजनक नतीजे सामने आ सकते हैं। जिलाधिकारी के प्रयास भी सराहनीय है। बैठक में उपसचिव शासन निर्मेश कुमार शुक्ला, यूनियन के महामंत्री अशोक कुमार मिश्रा सहित 17 लोग जुड़े रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली व लखनऊ को
● अकाउंटेंट की (विज्ञापन विभाग में)
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

वात्सल्य सेवा संस्थान (डे बोर्डिंग)
73, रेसीडेन्सी गार्डन, स्टेडियम रोड, बरेली।
मानसिक व शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों हेतु विशेष शिक्षा केन्द्र
सुविधायें : स्पेशल एजूकेशन, एक्टीविटीज़ ऑफ डेली लर्निंग (ए.डी.एल. ट्रेनिंग) ऑक्यूपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, नैचुरल थेरेपी, योगा, म्यूज़िक एवं डांस थेरेपी, वोकेशनल ट्रेनिंग, आई.क्यू. टेस्ट, काउंसलिंग, ओरल मोटर थेरेपी, स्पोर्टस ट्रेनिंग प्रोग्राम, आउटडोर ट्रेनिंग प्रोग्राम जिम, फुल एयर कंडीशन रजि नं. IN UP 483052511690707
मो. 9358268401, 7310999730

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly
Registration Free
ADMISSION OPEN
FOR SESSION 2024-25
BUS FACILITY AVAILABLE
M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoology)
M.Com.
M.A. (Education, Geography, Political Science, Eng. Lit.)
P.G.D.C.A.
B.Ed.
B.Sc.(PCM/ZBC) B.A. B.B.A. B.C.A.
B.Sc. (Home Science) B.Com. B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# हाईटेंशन लाइन गिरने से दो किशोरों की मौत, एक झुलसा

## फरीदपुर में सीएएस इंटर कॉलेज के फार्म हाउस पर बने ट्यूबवेल पर नहाने गए थे तीनों, घायल सीएचसी में भर्ती

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**अमृत विचार :** ट्यूबवेल पर नहाते समय रिश्ते के तीन भाइयों पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई और तीसरा झुलस गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

फरीदपुर के मोहल्ला परा मौनी महादेव निवासी गंगू का बेटा कृष्णा (14), पंपी का बेटा जय सिंह (14) और चिप्पी का बेटा रामू (12) अपने घर से करीब एक किमी दूर रोडवेज बस अड्डे के पीछे सीएएस इंटर कॉलेज के फार्म हाउस पर बने ट्यूबवेल पर नहाने के लिए गए थे। तीनों घर से बिना बताए गए थे। तीनों किशोर हौद में नहा रहे थे कि तभी 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर हौद में गिर गया। इससे तीनों करंट की चपेट में आ गए। रामू हौद में एक किनारे पर था, इसलिए वह बचकर भागा और कुछ दूर जाकर बाग में गिर गया। वहीं जय सिंह और कृष्णा हौद से नहीं निकल सके, जिससे दोनों की मौत हो गई।


जय सिंह और कृष्णा की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार


घटना स्थल पर मौजूद एसडीएम और सीओ। ● अमृत विचार


जय सिंह और कृष्णा की फाइल फोटो।

घास काट रहे लोग मौके पर पहुंचे और यूपी 112 को सूचना दी और विद्युत आपूर्ति बंद कराई। एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय, सीओ गौरव कुमार सिंह और इंस्पेक्टर रामसेवक घटना स्थल पर पहुंचे। घटना स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम और एंबुलेंस पहुंची। डॉक्टरों की टीम ने जय सिंह और कृष्णा को मृत घोषित कर दिया, जबकि रामू को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया। रामू और जय सिंह चचेरे-तहेरे भाई, जबकि कृष्णा उनका फुफेरा भाई था।

### हादसे के बाद सदमे में रामू


घटना स्थल पर मौजूद रामू

रामू ने बताया कि वह हौद की चारदीवारी पर बैठा था और उसका एक पैर पानी में था, जबकि जय और कृष्णा पानी में थे। जैसे ही तार टूटकर गिरा, वैसे ही पानी से धुआं उठने लगा। झटका लगने पर उसका पैर किसी तरह पानी से बाहर आ गया और वह मामूली रूप से झुलस गया था। वह डरकर बाग की ओर भागा और गिर गया। कृष्णा और जय सिंह ने भी निकलने की कोशिश की लेकिन नहीं निकल सके। रामू ने बताया कि जय सिंह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे था। वह, जय सिंह और कृष्णा परिवार का खर्च चलाने के लिए पिता के साथ मिलकर केमिकल बेचते थे। जय सिंह के पिता बाजारों में फेरी लगाकर मंजन बेचते हैं। जय और कृष्णा के शव पहुंचते ही पूरा मोहल्ला गमगीन हो गया। दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

“बिजली का तार टूटने से दो किशोरों की मौत हुई है। जबकि तीसरा किशोर झुलस गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। परिजनों ने अभी तक किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। शवों का पोस्टमार्टम करा दिया गया है।

**– गौरव कुमार,** सीओ फरीदपुर

“अधिशासी अभियंता ने हादसे की जानकारी दी है। मामले की जांच कराई जा रही है। हादसा कैसे हुआ, इसकी अधिशासी अभियंता से रिपोर्ट तलब की गई है। **– ज्ञानेंद्र सिंह,** अधीक्षण अभियंता ग्रामीण

### जर्जर तारों की वजह से कई घटनाएं हुईं

जर्जर तारों के गिरने से कई घटनाएं हो चुकी हैं। बावजूद इसके बिजली विभाग के अधिकारियों की नींद नहीं टूटी है। दोनों भाइयों की मौत के बाद विभागीय अधिकारी जांच कराने की बात कह रहे हैं। लोगों का कहना है कि बरसों पुराने तार मौत बनकर झूल रहे हैं। शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने बताया कि कस्बे में कई स्थानों पर लगे पोल भी नीचे से गल चुके हैं। इनसे कभी भी हादसा हो सकता है।


इसी ट्यूबवेल पर नहाने आए थे तीनों।

# घूमने के बहाने जंगल में ले जाकर दोस्त को लूटा

**बरेली, अमृत विचार :** थाना भुता क्षेत्र में दोस्त को घूमने के बहाने जंगल में बुलाकर साथियों के साथ मिलकर लूट लिया और उसकी गला दबाकर हत्या की कोशिश की। दोस्त को मरा समझकर भाग गए। पीड़ित ने भुता थाना में तहरीर दी है। फतेहगंज पूर्वी के गांव टिसुआ निवासी दिनेश ने बताया कि बारादरी के जोगी नवादा निवासी एक युवक से उसकी दोस्ती है। दो दिन पहले उसके दोस्त ने फोन करके जंगल घूमने के बहाने बुलाया। जब वह अपनी कार से आरोपी के पास पहुंचा, तो वह अपने दो साथियों के साथ कार में बैठ गया। चारों भुता थाना क्षेत्र के जंगल में गए। वहां पर उसके साथ आरोपियों ने मारपीट की और पर्स और मोबाइल छीन लिया। इसके बाद गला दबा दिया। जब वह बेहोश हो गया तब उसे मरा समझकर उसकी कार सहित फरार हो गए। ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को बुलाया। पुलिस ने दिनेश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों ने आरोपी दोस्त के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

## एक नजर

### व्यापारी को ब्लैकमेल कर रहे साइबर ठग

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर के एकतानगर में रहने वाले श्री जी कम्प्यूटर्स के व्यापारी संजीव गर्ग ने बताया कि उन्होंने कभी भी लोन के लिए आवेदन नहीं किया था। इसके बाद भी 17 जुलाई को उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि आपका 6 .50 लाख रुपये का लोन स्वीकृत हो चुका है। क्या आपको लोन चाहिए। इस पर उन्होंने मना कर दिया। कुछ देर रुकने के बाद उसने कहा कि आपके स्टेट बैंक खाते में यह रकम भेज देता हूं। तब भी उन्होंने मना कर दिया और फोन काट दिया। इसके बाद कई फोन आए, लेकिन उन्होंने कॉल काट दी। दोपहर दो बजे के बाद उनके खाते में 1680 रुपये के कई ट्रांसफर आए। 18 जुलाई को व्हाट्सएप नंबर पर संदेश आने शुरू हो गए कि आपने कर्ज लिया है। शाम तक भुगतान नहीं किया तो आपके परिवार व दोस्तों में यह संदेश सभी को भेजा जाएगा। डर के कारण व्यापारी ने यूपीआई आईडी और नेट बैंकिंग बंद करा दी। परेशान होकर पीड़ित ने साइबर सेल में तहरीर दी है।

### सिलेंडर में आग से हजारों का सामान जला

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक मकान में लगी आग से शुक्रवार को हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची अग्नि शमन की टीम ने आग पर काबू पाया। बाईपास मार्ग पर शराब भट्टी के नजदीक स्थित मकान के सूर्य प्रकाश वर्मा अपने परिवार के साथ श्री आनन्दपुर गए हुए थे। इनके घर पर बहन राधा वर्मा और उसकी सास मुन्नी थी। शुक्रवार शाम राधा ने पूजा के बाद दीपक जलाया था, जिससे पास ही रखे सिलेंडर में आग लग गई जो देखते ही देखते विकराल हो गई। आग देख दोनों महिलाएं घर से बाहर निकल आईं और शोर पर भीड़ एकत्र हो गई। दमकल विभाग की टीम ने आग बुझाई।

# लापरवाही का आरोप : दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मी और एक फालोवर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों और एक फालोवर को लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया। बहेड़ी थाने में तैनात दरोगा ने जनसुनवाई न करते हुए महिला को भगा दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

बहेड़ी थाने में तैनात दरोगा वेद सिंह 17 जुलाई को थाने पर जन सुनवाई अधिकारी थे। उन्होंने शिकायत लेकर पहुंची मिला की सुनवाई नहीं की। शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जांच कराई। प्राथमिक जांच में दोषी पाए जाने पर दरोगा वेद सिंह को निलंबित कर दिया। वहीं अलीगंज थाने में तैनात मुख्य आरक्षी अशोक कुमार को 14 जून को ज्येष्ठ दशहरा पर्व के अवसर पर चौबारी मेला में ड्यूटी के लिए अलीगंज से भेजा गया। आरोप है कि ड्यूटी समाप्त होने पर वापस न आकर गैरहाजिर रहे। वहीं प्रेमनगर थाने में तैनात सिपाही अकांशु धामा की 6 जून को चीता मोबाइल पर रात 8 बजे ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन वह ड्यूटी से गैरहाजिर रहे।

पुलिस लाइन में तैनात फालोवर बबलू यादव 16 मई को पुलिस लाइन से पुलिस मुख्यालय लखनऊ रवाना किए गए, लेकिन समय से आमद नहीं कराई और गैर हाजिर रहे। तीनों को भी निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जिले में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- **जांच में दोषी पाए जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई**
- **महिला अपराध में दरोगा ने पीड़िता को थाने से था भगाया**

### एक दरोगा समेत 50 पुलिस कर्मियों का तबादला

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराय आर्या ने शुक्रवार को एक दरोगा समेत 50 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इसमें ज्यादातर महिला सिपाही हैं। पुलिस लाइन में तैनात दरोगा लक्ष्मण चन्द को पुलिस भर्ती कार्यालय, बिथरी चैनपुर थाने में तैनात महिला सिपाही आरजू को आईसीसीसी कार्यालय, मयूरी को सीबीगंज थाने से आईसीसीसी कार्यालय, मीनू शर्मा को किला से यातायात नियंत्रण कक्ष, सिपाही कुलदीप को पेशी कार्यालय क्षेत्राधिकारी नवाबगंज, मुख्य आरक्षी रवि कुमार को देवरनिया थाने से पेशी कार्यालय क्षेत्राधिकारी हाइवे भेजा गया है।

# महिला को बातों में फंसा कर चेन ले भागे दो ठग

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज के खलीलपुर रोड स्थित शिवज्ञान गली निवासी मुन्नी देवी के अनुसार वह पुत्र शिवकुमार के साथ शुक्रवार की शाम बाजार में खरीदारी के लिए गई थीं। उन्होंने सामान अपने बेटे को दे दिया था, जिसे लेकर वह आगे घर चला गया था। वह पीछे-पीछे पैदल जा रही थीं। इस दौरान दो ठग उनके पीछे लग गए। उन्होंने महिला को अपनी बातों में उलझा लिया फिर थाने के ठीक सामने लोहिया विहार कॉलोनी के पार्क में ले गए। वहां दोनों ने महिला को एक थैला यह कहकर थमा दिया कि उसमें काफी रुपये हैं। हम लोग आपस मे बांट लेंगे, किसी से कहना नहीं। इसके बाद उन्हें बातों में उलझा कर उन्होंने उनके गले में पहनी सोने की चेन व कानों से झुमकी निकलवा लीं। इसके बाद ठग समोसे लेकर लौटने की बात कहकर वहां से भाग लिए।

# घर के बाहर टहल रहे युवक को कुत्तों के झुंड ने नोचा, गंभीर हालत में भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** घर के बाहर टहल रहे युवक पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, फरीदपुर क्षेत्र में 11 साल की बालिका को घोड़े ने काटकर जख्मी कर दिया।


घायल राजेश।

कस्बा शेरगढ़ के वार्ड 12 निवासी राजेश गुरुवार रात खाना खाकर घर के बाहर टहल रहे थे। अचानक कुत्तों के झुंड ने उनपर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने कुत्तों को भगाकर उन्हें बचाया। परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर, फरीदपुर के गांव नवादा बिलसंडी की रहने वाली 11 साल की शिवानी शुक्रवार को घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान घोड़े ने उसे काटकर घायल कर दिया। बच्ची को भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- **चीख पुकार सुनकर लोगों ने कुत्तों को भगाया**
- **फरीदपुर क्षेत्र में घोड़े ने बच्ची को काटकर किया जख्मी**

### कुत्तों को पकड़ने के लिए नहीं चला रहे अभियान

शहर से लेकर देहात तक कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। आए दिन कुत्ते बच्चों और बड़ों पर हमला कर रहे हैं। तीन सौ बेड अस्पताल में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाने के लिए आ रहे हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी नगर निगम की ओर से कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

### कुत्तों के हमलों में जा चुकी है चार बच्चों की जान

सीबीगंज क्षेत्र में पिछले साल कुत्तों ने चार बच्चों पर हमला कर उनकी जान ले ली थी। जिसमें बंडिया खना गौटिया और मथुरापुर में दहशत फैल गई थी। पिछले दिनों भी बंडिया गांव में तीन बच्चों पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया था।

# बिजली कटौती से नाराज वनमंत्री ने अफसरों को तलब कर आपूर्ति में सुधार की दी हिदायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती से नाराज वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने शुक्रवार को बिजली विभाग के अधिकारियों को तलब कर लिया। उनके साथ विकास भवन सभागार में बैठक कर आपूर्ति में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली कटौती और मोहर्रम के दिन पूरे दिन आपूर्ति बंद रखने पर नाराजगी जताई।

बैठक में संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अभियंताओं ने बताया कि मोहर्रम के जुलूस में शामिल तख्त की लंबाई अधिक थी। ऐसे में कोई हादसा न हो, इसको लेकर आपूर्ति को बंद कर दिया था। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि किला, सीबीगंज, कुतुबखाना, शाहदाना, संजय नगर, मढ़ीनाथ, सुभाष नगर, बिथरी चैनपुर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। इसपर अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में बेहतर आपूर्ति दी जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के कई लोगों से बिजली अधिकारियों को बात कराकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बिजली समस्या दूर करने के लिए अफसरों को निर्देश दिए। बैठक में विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, सीडीओ जगप्रवेश, मुख्य अभियंता रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ, ज्ञानेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।


अफसर और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार।

- **विकास भवन में बिजली अफसरों के साथ की बैठक**
- **जनप्रतिनिधियों ने भी बिजली समस्या पर जताई नाराजगी**

# किला में नहीं थमा बिजली संकट, जेई का फिर घेराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** किला क्षेत्र में बिजली संकट नहीं थम रहा है। कुबड़ी पाकड़ के पास शुक्रवार सुबह बंच लाइन टूट गई। पूरे दिन बिजली गुल होने से नाराज लोगों ने शुक्रवार को उपकेंद्र पर जेई का घेराव कर लिया।

कुबड़ी पाकड़ के पास बंच लाइन टूटने के बाद 12 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही। कई बार लोगों ने बिजली विभाग को तार टूटने की सूचना दी, लेकिन उसके बाद भी कोई कर्मचारी उसे ठीक नहीं करने नहीं पहुंचा। देर शाम को जब अवर अभियंता उपकेंद्र पर पहुंचे तो नाराज लोगों ने उनका घेराव कर लिया। इसके अलावा मलूकपुर नाला के पास बंच केबल टूटकर गिर गई। गुरुवार देर रात जसोली में ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिसके बाद ट्राली ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति बहाल कराई गई।


किला क्षेत्र में अवर अभियंता से बिजली कटौती पर नाराजगी जताते क्षेत्र के लोग।

किला के पांच नंबर फीडर पर चार ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से एक नंबर से जोड़ गए। खन्नू मोहल्ले में ट्रिपिंग की समस्या रही। वहीं सीबीगंज के सनैय्या रानी में गुरुवार रात 9:30 बजे 33 केवी का तार टूट गया। उसके बाद देर रात तार को जोड़कर आपूर्ति बहाल की गई। 4 घंटे तक सर्वोदय नगर, बिधौलिया, करगैना, रफियाबाद, स्वालेगनर, गोविंदापुर रामपुर रोड समेत अन्य जगह पर बिजली गुल होने से लोग परेशान हुए। सुभाषनगर और सिविल लाइंस के साथ कुतुबखाना क्षेत्र में फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

### जाम से जूझे


किला रोड पर श्मशान भूमि रेलवे क्रासिंग के पास भीषण जाम में काफी देर तक वाहन सवार फंसे रहे। ● अमृत विचार

### दुकान के आगे सोने पर जूस विक्रेता ने चाकू मारा

**बरेली, अमृत विचार :** जूस की दुकान के आगे सो रहे युवक की जूस विक्रेता ने पिटाई की और चाकू से हमला कर दिया। थाना कोतवाली ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक होटल के कर्मचारी राम बहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह गुरुवार रात 12 .30 बजे बबलू जूस वाले की दुकान के आगे सो गया था। इसी बीच जूस वाला आया और उसे उठाया। जैसे ही वह उठा तो वह मारपीट करने लगा। विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके गंभीर चोट आई है।

# दरोगा के बेटे अमन की हत्या में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवादाता, बरेली

**अमृत विचार :** दरोगा के बेटे के पाचवें हत्यारोपी जतिन अग्रवाल को पुलिस ने गुलाबनगर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल डंडा बरामद किया है। वहीं विवेचना में सामने आए रेहान ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। थाना प्रेमनगर के एक मुकदमे में उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था, उसी मामले में उसने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस उसे रिमांड पर लेगी। वहीं राम गुज्जर को पुलिस अब तक तलाश नहीं कर सकी है।

शाहजहांपुर में तैनात दरोगा के बेटे अमन की 13 जुलाई को हत्या कर दी गई। 14 जुलाई को इज्जतनगर थाना क्षेत्र के जीएन सिटी रोड से शव बरामद किया था। इस प्रकरण में पुलिस ने 18 जुलाई को मुठभेड़ के दौरान विपिन और शालू गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पवन और नीरज गोयल का चौधरी तालाब के पास पकड़कर जेल भेजा था। इस मामले में नामजद जतिन और राम गुज्जर फरार चल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर 19 जुलाई को पुलिस ने रानी साहब का फाटक गुलाबनगर निवासी जतिन अग्रवाल को गंगा मंदिर के पास रेलवे लाइन के पार सड़क से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में जतिन ने बताया कि वह हत्या और मारपीट में शामिल था। शव ठिकाने लगवाने के लिए वह ऑटो से गया था। रेहान ऑटो लेकर आया था। उसी ऑटो में अमन का शव रखकर जेएन सिटी तक ले जाया गया।

- **एक अन्य आरोपी रेहान ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण**


पुलिस गिरफ्त में आरोपी जतिन।

### रामगुज्जर अभी पुलिस गिरफ्त से दूर

एसओजी के खास मुखबिर और अमन हत्याकांड का मुख्य आरोपी दो दिन पहले एसओजी के कहने पर किला थाने गया था लेकिन कुछ देर रुकने के बाद वह फरार हो गया। फरार राम गुज्जर अब तक पुलिस को नहीं मिला है। पुलिस की दो टीमें उसकी तलाश कर रही हैं। सूत्रों की माने तो राम गुज्जर लोगों को धमकाता था कि एसओजी उन्हें तलाश कर रही है। धमकी में आकर लोग एसओजी से सिफारिश कराने के लिए उसे आगे बढ़ाते थे। इसके बाद वह कीमत तय करता है। थाने से फरारी के संबंध में भी सीओ द्वितीय जांच कर रहे हैं।

### पोस्टमार्टम हाउस पर उगाही करने पहुंचा युवक

**बरेली, अमृत विचार :** पोस्टमार्टम हाउस पर जल्द पोस्टमार्टम कराने का झांसा देकर एक युवक मृतकों के परिजनों से उगाही करने पहुंच गया। इस पर वहां मौजूद लोगों ने हंगामा कर दिया। शोरशराबा सुन कर पहुंचे पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों को देख आरोपी बाइक लेकर भाग गया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर करीब एक बजे पीला कुर्ता और सफेद पैजामा पहने एक युवक बाइक से पहुंचा था। बाइक पर भाजपा बूथ अध्यक्ष लिखा था। आरोपी मृतकों के परिजनों से जल्द पोस्टमार्टम कराने को लेकर सौदा तय करने लगा। इस बीच वहां मौजूद एक व्यक्ति ने उससे पहचान पत्र मांग लिया। हंगामा होता देख पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी भी बाहर आ गए। तब तक आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया। इस दौरान एक व्यक्ति ने युवक का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# दरवाजे तोड़कर घरों में घुसकर महिलाओं को पीटा, पथराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शाही के गांव गौसगंज में बवाल में सात लोग घायल**
- **पुलिस ने 25 लोगों को लिया हिरासत में, फोर्स तैनात**

**अमृत विचार :** शाही के गांव गौसगंज में टार्च की रोशनी का विरोध करने पर सैकड़ों लोग दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए। घर में महिलाओं से मारपीट और अभद्रता की। विरोध करने पर पथराव भी किया। मारपीट में सात लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी दक्षिणी मानुष पारीकी, शाही समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 25 लोगों को हिरासत में लिया है।

गांव गौसगंज निवासी कुंदनलाल के घर में शादी समारोह है। शुक्रवार को बहू की विदाई होकर आई। रात 8 बजे के बाद एक समुदाय के युवक उनके घर में टार्च लगाने लगे। कुंदनलाल और उनके परिजनों ने विरोध किया। इस पर युवकों ने पथराव कर दिया। कुंदनलाल के पक्ष के लोग भी आ गए और विरोध जताया। तब दूसरे पक्ष के सैकड़ों लोग हथियार लेकर आए और कुंदनलाल और उनके पक्ष के लोगों के घरों में घुस गए और मारपीट की।


गांव गौसगंज में मामले की जानकारी लेते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

कुंदनलाल के पक्ष के कई लोगों ने डर में दरवाजे बंद कर लिए। इस पर आरोपियों ने दरवाजे तोड़ दिए और महिलाओं समेत अन्य लोगों को भी पीटा। जिससे गांव में आक्रोश पनप गया। सूचना पर फोर्स पहुंची और आरोपियों को हिरासत में लिया। हमले में कुंदनलाल पक्ष के पायल, तेजराम, रेवतीराम, सोमपाल, मनोहर, रुपचंद और दिव्या गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने पुलिस की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### तीन दिन पहले ताजिये निकालने के दौरान हुआ था विवाद

ग्रामीणों ने बताया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने गलियों को भी घेर लिया था। लोग करीब एक घंटे तक घर से बाहर नहीं निकल सके। मौके पर पहुंची पुलिस की सहायता से घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया जा सका है। मंगलवार को गौसगंज गांव में ताजिये निकाले गए थे। ताजियों को लेकर लोगों ने परंपरा के विरुद्ध तय स्थान से आगे बढ़ा दिया। इस पर लोगों ने आपत्ति जताई थी। बाद में पुलिस के दखल अंदाजी से मामला सुलझ गया था। आरोपियों ने विवाद की साजिश दो दिन पहले ही रच ली थी और शुक्रवार को टॉर्च की रोशनी लगाने के बहाने हमला कर दिया।

“गांव में शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। 25 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

**–अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000



बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157


## वित्त मंत्री से आयकर रिटर्न भरने की तिथि 31 अगस्त करने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** आयकर पोर्टल सुचारू रूप से नहीं चलने के कारण आयकरदाताओं के रिटर्न दाखिल होने में समय लग रहा है। इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव मुकेश मिश्रा ने वित्त मंत्री को पत्र भेजकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि 6 जुलाई से इन्कम टैक्स पोर्टल बहुत धीमा चल रहा है। 26 एएस, एआईएस और टीआईएस फॉर्म डाउनलोड नहीं हो पा रहे हैं। इससे आयकर विवरण भरने में लोगों को मुश्किल हो रही है।

## चेकिंग कर डग्गामार वाहनों के किए चालान

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया। इसके तहत डग्गामार वाहनों के चालान किए गए। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को शहर में चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस और परमिट के साथ टैक्स जमा नहीं करने वाले तीन वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा अनधिकृत रूप से संचालित छह स्कूल और निजी वाहनों के भी चालान किए गए।

# देश हित में जरूरी है बैंकों का राष्ट्रीयकरण

## बैंक राष्ट्रीयकरण की 55 वीं वर्षगांठ पर बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन ने की संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बैंक राष्ट्रीयकरण की 55 वीं वर्षगांठ पर बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की ओर से शुक्रवार को रोटरी भवन में संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने निजीकरण का विरोध करते हुए बैंकों के राष्ट्रीयकरण के महत्व को बताया।

इस मौके पर अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने बैंकों के साथ देश के सभी उपक्रमों का राष्ट्रीयकरण किए जाने को देशहित में बताया। मुख्य वक्ता उप महामंत्री गीता शांत ने सरकार के किसी भी प्रकार किए जाने वाले निजीकरण के प्रयास को जन विरोधी करार दिया। कहा कि बैंक, बीमा, रेल भेल जैसे उपक्रम देश के नवरत्न हैं। इनके स्वरूप में कोई बदलाव जनता स्वीकार नहीं करेगी। अधिकारी संघ के संतोष तिवारी ने कहा कि सभी ग्रामीण बैंकों का विलय उनके प्रायोजक बैंकों में किया जाए। यूनियन बैंक स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री पुष्पेंद्र माहेश्वरी ने कहा कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद से जनता की जमापूंजी की सुरक्षा के साथ ही तीव्रता से देश का समग्र विकास हो रहा है।



रोटरी भवन में संगोष्ठी में बोलते बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव महरोत्रा और मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

● ग्रामीण बैंकों का विलय उनके प्रायोजक बैंकों में किए जाने की रखी गई मांग

स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन के नवींद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीयकृत बैंक देश की धरोहर हैं। इनके स्वरूप से कोई छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। अटेवा की पुष्पा गंगवार ने एनपीएस और निजीकरण का विरोध हर कर्मचारी से करने का आह्वान किया। इस दौरान बैंक राष्ट्रीयकरण के इतिहास और वर्तमान चुनौतियों पर आधारित एक विशेष पर्चा भी वितरित किया गया, जो यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन के उपाध्यक्ष रमीज अली ने लिखा था। संचालन महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने किया। रंजन मोहिले, बादाम सिंह, पुनीत टंडन, नवनीत शर्मा, ललित चौधरी, शैलेंद्र, जितेंद्र मिश्र, चरण सिंह यादव, एसके गुप्ता अमित कुमार आदि मौजूद रहे।


बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें ● नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता ● दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा ● दर्द रहित प्रसव की सुविधा ● बच्चेदानी की रसौली ● माहवारी की समस्यायें ● बांझपन का इलाज ● गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली


## बचत योजनाओं में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी

**बरेली, अमृत विचार :** महिला समृद्धि सम्मान योजना और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत प्रधान डाकघर में हर रोज 100 से 150 खाते खोले जा रहे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार खातों की संख्या बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक अब तक 4412 महिलाएं खाता खुलवा चुकी हैं। गत वर्ष यह संख्या करीब 3 हजार थी। महिला समृद्धि योजना में निवेश की गई राशि पर 7 .50 प्रतिशत का ब्याज तिमाही के आधार पर मिलता है, जबकि सुकन्या समृद्धि के तहत 7 .6 प्रतिशत का ब्याज मिलता है। सीनियर पोस्टमास्टर सुमनेश कुमार ने बताया कि इस योजना में निवेश के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## वित्त मंत्री से बरेली में एम्स खुलवाने की मांग



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आम बजट में जनपदवासियों को एम्स की सौगात देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। यहां रेल मार्ग और वायुमार्ग की समुचित सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां के साथ-साथ शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं, संभल, रामपुर और लखीमपुर जनपदों के गंभीर मरीजों को भी सघन चिकित्सा के लिए दिल्ली एम्स जाना पड़ता है। साधनहीन मरीज अक्सर दिल्ली नहीं पहुंच पाते और उचित चिकित्सा के अभाव में दम तोड़ देते हैं। बरेली में एम्स खुलने से मरीजों को उसका समुचित लाभ मिल सकेगा। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड और निकटवर्ती देश नेपाल के मरीजों को भी चिकित्सा की सुविधाएं मिल सकेंगी।

## आंचल सामाजिक विकास समिति ने लगाए पौधे

**बरेली, अमृत विचार :** आंचल समाजिक विकास समिति ने 10 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है। महासचिव मोमिना परवीन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर हम सबको जागरूक होने की आवश्यकता है। अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। समिति के सदस्य अरशद खान ने बताया कि आंचल कंप्यूटर सेंटर के बच्चों ने सेटेलाइट पुल के पिलर के चारों तरफ पौधरोपण किया। इनकी देखभाल भी वो खुद करेंगे। समिति के संस्थापक अध्यक्ष एचआर सनी और नीतू आदि उपस्थित रहे।

## जल लेने हरिद्वार रवाना हुए 300 कांवड़िए

**बरेली, अमृत विचार :** सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए जल लेने 300 कांवडियों का जत्था शुक्रवार को हरिद्वार के लिए रवाना हो गया। दिन में जोगीनवादा स्थिति वनखंडी नाथ मंदिर में आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे कांवड़ियों ने शिव का विधिवत पूजन और आरती की। भजनों पर झूमते-थिरकते भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़िए सुरेश शर्मा नगर चौराहे से होते हुए सेटेलाइट बस स्टेशन पर पहुंचे। यहां से हरिद्वार के लिए रवाना हो गए। कांवडियों ने बताया कि वे 21 जुलाई की रात में गंगाजल लेकर पहुंचेंगे और सुबह मंदिर में शिव का विधिवत जलाभिषेक करेंगे। शिव कुमार, नवीन, चंद्रिका, अभिनव, विशाल आदि उपस्थित रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता देवतुल्य

## कैंट विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सम्मान समारोह में बोले एमएलसी मोहित बेनीवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से शुक्रवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का सम्मान समारोह सिटी ऑडिटोरियम में हुआ, जिसमें पटका पहनाकर मतदाताओं का अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि भाजपा कैडर बेस पार्टी है। इसका प्रत्येक कार्यकर्ता देवतुल्य है। उनकी मेहनत का ही परिणाम है, जो केंद्र में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं।

सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि मैं महानगर संगठन से बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता के सम्मान के लिए हर समय उपलब्ध रहूंगा। किसी भी कार्यकर्ता के साथ अगर अन्याय होता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


मतदाता सम्मान समारोह में मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### मतदाता कहां हैं, ये तो पार्टी के कार्यकर्ता हैं

महानगर के प्रभारी एमएलसी मोहित बेनीवाल की नजर जब सामने कुर्सी पर बैठे लोगों पर गई तो वह बोल पड़े कि कार्यक्रम कैंट विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं के अभिनंदन और स्वागत समारोह का है। पर इसमें मौजूद लोग पार्टी के कार्यकर्ता हैं, कोई मतदाता नहीं है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। इस पर सोचने की जरूरत है। उन्होंने मंच पर बैठे नेताओं और पदाधिकारियों को इशारों में ही बताया कि मतदाताओं को ही जोड़ने से 2027 के विधानसभा के चुनाव जीता जा सकेगा। हमें कार्यकर्ता के साथ मतदाताओं का भी विश्वास जीतना होगा।

### सबका साथ, सबका विकास का नारा नहीं, जिसका साथ उसका विकास : छत्रपाल

कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि सबका साथ सबका विकास का नारा अब नहीं चलेगा। जिसका साथ, उसका विकास होगा। जो हमारे साथ है, उसके विकास लिए हमें आगे आना होगा। उन्होंने नाम लिए बगैर कहा कि एक नेता ने सामूहिक निकाह कराने की मंशा पाल रखी थी, लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि बरेली में यह सब अब नहीं चलेगा। इस पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। वहीं, कार्यक्रम में सभी के मोबाइल बंद करा दिए गए थे, ताकि अंदर की गोपनीय बातें बाहर न आ सकें।

महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि संगठन अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए हर वक्त खड़ा है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, सांसद, विधायक संजीव अग्रवाल, मेयर डॉ. उमेश गौतम और महानगर अध्यक्ष ने की। महानगर उपाध्यक्ष देवेंद्र जोशी, विष्णु शर्मा, लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र अटल, रेखा श्रीवास्तव, मंत्री सूर्यकांत मौर्य, जेपीएस पाल, नरेंद्र मौर्य, मोहित तिवारी, कन्हैया राजपूत, राम बहादुर मौर्य, राज किशोर कश्यप, ओम प्रकाश लोधी, शाहिद आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन महानगर महामंत्री प्रभु दयाल लोधी ने किया।

# बोर्ड बैठक में रखीं सड़क पानी सहित कई समस्याएं


छावनी परिषद के नेहरू सभागार में बोर्ड बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि और अधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** छावनी परिषद की ओर से बोर्ड बैठक का आयोजन नेहरू सभागार में शुक्रवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्रिगेडियर गौतम पेंटल ने की। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित सांसद छत्रपाल सिंह व कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के समक्ष कैंट क्षेत्र में सड़क, पानी आदि की समस्याएं रखी गईं।

मुख्य अधिशासी अधिकारी रविंद्र ने सार्वजनिक कल्याण व कर्मचारियों की एसीपी की समस्या रखने के साथ ही जनरल अस्पताल में डायलिसिस यूनिट सहित तमाम उपकरणों की मांग की। बीआई बाजार क्षेत्र में आमजनों के लिए पेयजल सुविधा को देखते हुए ओवर हेड टैंक का निर्माण, तमाम गलियों में सीसी रोड, टाइलीकरण और इंटरलॉक सहित कई सुविधाओं की मांग भी उनके समक्ष रखी गई।

मुख्य अधिशासी अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में पानी व सड़कों की समस्या को लेकर एजेंडा प्रस्तुत किया गया था, जो सर्वसम्मति से पारित हो गया है। इस दौरान मनोनीत सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल भी उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला 24 को, करें पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में 24 जुलाई को सुबह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन होगा, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। सहायक निदेशक (सेवायोजन) त्रिभुवन सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होन के लिए अभ्यार्थी सेवायोजन बेव पोर्टल https://rojgaarsangam.up.gov.in और https://www.ncs.gov.in पर पंजीकरण के लिए आवेदन करें।

# बरेली शतरंज एसोसिएशन ने खेल कैलेंडर किया जारी

● 24 अगस्त से शुरू होगा खेल सत्र, मार्च या अप्रैल में होगी चैंपियनशिप

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली शतरंज एसोसिएशन स्कूलों में जाकर नई पीढ़ी को शतरंज से जोड़ने का काम करेगी। इसको लेकर कार्ययोजना तैयार की गई है। एसोसिएशन ने खेल सत्र के कैलेंडर की औपचारिक लांचिंग कर दी है।

शुक्रवार रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल ने बताया कि शतरंज को बढ़ावा देने के लिए संगठन लगातार कई प्रतियोगिताओं, कोचिंग कैंप और सेलेक्शन टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। हम स्कूलों में जा-जाकर छात्रों को इस खेल से जोड़ेंगे। सभी आयु वर्गों के लोगों को भी चेस से जोड़ने की योजना बनाई है। इस दौरान सचिव रामकिशोर, अभय मोहन शर्मा, डॉ. शमीम अहमद और नीरज रावत आदि उपस्थित रहे।

**इन तिथियों में होंगी प्रतियोगिताएं :** इंटर स्कूल चेस चैंपियनशिप 24 अगस्त, संडे प्रैक्टिस टूर्नामेंट 24 सितंबर और 24 अक्टूबर, चेस कोचिंग कैंप 24 नवंबर, सेलेक्शन टूर्नामेंट स्टेट चेस चैंपियनशिप रैपिड और ब्लिड्स 24 नवंबर, संडे चेस प्रैक्टिस टूर्नामेंट 24 दिसंबर और 25 जनवरी, बरेली शतरंज चैंपियनशिप मार्च या अप्रैल 2025 में होगी।

# बरेली कॉलेज : बीए और बीएससी जीव विज्ञान की तीसरी मेरिट जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को 20 से 22 जुलाई तक लेना होगा प्रवेश

● पहली मेरिट के विद्यार्थी शनिवार दोपहर 2 बजे तक जमा कर सकेंगे शुल्क

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने बीए और बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष की तीसरी मेरिट शुक्रवार को जारी कर दी है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को 20 से 22 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। वहीं पहली मेरिट में तकनीकी कारणों से शुल्क जमा करने से रह गए छात्रों को एक और मौका दिया गया है। छात्र शनिवार दोपहर 2 बजे तक शुल्क जमा कर सकेंगे।

मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश के लिए तीसरी मेरिट जारी की है। बीएससी जीव विज्ञान में वही छात्र प्रवेश ले सकेंगे, जिनके पास इंटर में जीव विज्ञान विषय है। विद्यार्थी किसी भी समस्या पर सुबह 22 से दोपहर 3 बजे तक कॉलेज के सेमिनार कक्ष में संपर्क कर सकते हैं।

### बीए की तृतीय मेरिट

सामान्य महिला-61.935-59.258, ओबीसी ओपन-64.008-60.644, महिला-60.532-59.509, एससी ओपन-55.532-50.010, महिला-49.806-45.399, एसटी-सभी

### बीएससी जीव विज्ञान की तृतीय मेरिट

सामान्य महिला-72.782-70.687, ओबीसी ओपन-75.256-73.301, महिला-73.211-72.393, एससी ओपन-68.826-64.622, महिला-64.213-62.372, ईडब्ल्यूएस-59.305-54.397, एसटी- सभी

# रोजगार सेवकों ने मंत्री-सांसद का घेराव कर समस्याएं बताईं

**बरेली, अमृत विचार :** एक साल से मानदेय नहीं मिलने और तीन साल से ईपीएफ का भुगतान नहीं होने के विरोध में रोजगार सेवकों ने विकास भवन में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार और विधायक संजीव अग्रवाल को वहां देख सभी ने उनका घेराव कर अपनी समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों ने जल्द ही उनकी समस्या के समाधान का आश्ववासन दिया है।

ग्राम रोजगार सेवा संघ के बैनर तले रोजगार सेवक शुक्रवार को विकास भवन में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। इस दौरान उन्हें वहां पर वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार और विधायक संजीव अग्रवाल मिल गए। उन्हें देख रोजगार सेवक समस्याओं के विरोध में नारेबाजी करते हुए उनके पास पहुंचे और उनका घेराव किया। आक्रोशित रोजगार सेवकों ने मानदेय न मिलने पर पौधरोपण में सहयोग न करने की बात भी कही। इस पर उनकी समस्या को सुनने के बाद सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने मामले को लोकसभा सदन में उठाने का आश्वासन दिया।


जनप्रतिनिधियों का घेराव कर विरोध करते रोजगार सेवक।

# विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य का किया घेराव


प्राचार्य का घेराव कर ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के महानगर के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बरेली कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव कर सात सूत्री ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि कॉलेज में कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित करने के साथ पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के तहत पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं

बरेली कॉलेज के अध्यक्ष हर्षित चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कहा कि कॉलेज में सूचना केंद्र की व्यवस्था की जाए। विद्यार्थियों के लिए पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जाए। शौचालयों की सफाई कराई जाए। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था के लिए फर्नीचर भी नहीं है। महाविद्यालय में पहले माइनर विषय स्वयं छात्र चुनते थे लेकिन इस सत्र में माइनर विषय महाविद्यालय की ओर से दिए जा रहे हैं। इसे पहले की तरह किया जाए। महानगर मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि अगर तीन दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो उग्र आंदोलन होगा। विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव, विभाग सह संयोजक श्रेयांश बाजपेई, महानगर मंत्री आनंद कठेरिया, इकाई मंत्री लक्की शर्मा, सह संयोजक शुभ गंगवार, दीपू यादव, अंशू, लकी शर्मा, शिवम सक्सेना, नितिन वाल्मीकि, सलोनी, अजय मौर्य, नितिन उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने मरीजों को चिकित्सा सहायता प्रदान की



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी और फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में "100 दिन की पहल" कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। दवाओं की जानकारी देने के साथ मरीजों के परिवारों का भी सहयोग किया। अस्पताल के निदेशक ने स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कनौजिया ने स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण की प्रशंसा की। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार और बबीता शर्मा ने किया। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को बधाई दी और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। प्रशांत शर्मा, सूर्य प्रकाश, आकांक्षा अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## सिटी रोज ने फ्लैश फायर को छह विकेट से हराया



**बरेली, अमृत विचार :** टी-20 लीग मैच में शुक्रवार को सिटी रोज क्लब और फ्लैश फायर टीम के बीच मैच खेला गया। सिटी रोज की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी फ्लैश फायर की टीम 19.4 ओवर में 110 रन पर ऑलआउट हो गई। इसमें सबसे ज्यादा 31 रन फैजान ने बनाए। अफरोज खान ने 26 रनों का योगदान दिया। नीरज तोमर और नेहल अंसारी ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में मैदान पर उतरी सिटी रोज की टीम ने 14.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। टीम में कप्तान शोएब अंसारी ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। अमन बजाज, रवि भदौरिया, सौरभ कन्नौजिया, प्रेमपाल, शारिक, कामिल, अभिषेक और इल्यास आदि उपस्थित रहे।

## कजाकिस्तान में हुए ओलंपियाड में यशस्वी ने जीता रजत



**बरेली, अमृत विचार :** कजाकिस्तान में आयोजित 35 वें अंतर्राष्ट्रीय बायोलॉजी ओलंपियाड में डीपीएस के 12 वीं के छात्र यशस्वी कुमार ने सिल्वर मेडल जीत कर पूरे प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ और माता-पिता ने हर्ष जताया है। प्रधानाचार्य वीके मिश्रा ने भी उन्हें बधाई दी है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक संस्था एचबीसीएसई (होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन) की ओर से 7 से 14 जुलाई तक इस ओलंपियाड का आयोजन किया गया था।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने लिया 2000 पौधे लगाने का संकल्प



**बरेली, अमृत विचार :** पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग बरेली चैप्टर द्वारा एक महीने में 2000 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने ग्राम परधौली, अटाकायस्थान, बिबियापुर में 500 से ज्यादा पौधों का रोपण किया। छायादार, फलदार तथा औषधि वाले पौधे रोप कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी संस्था के वालंटियर और शिक्षकों ने ली। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने इस कार्य के लिए उनका धन्यवाद दिया। डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर अमित कुमार के अनुसार आगे भी अन्य गांवों और शहर के अलग-अलग पार्कों में पौधे लगाने का कार्यक्रम जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पौधे उपलब्ध कराने में वन विभाग का विशेष सहयोग रहा। सौरभ मेहरोत्रा, पार्थो कुनार, श्वेता कुनार, अंकित अग्रवाल, सारुल, प्रीति, शेफाली, पूजा, नेहा, स्वाति, निहारिका, रीना, खुशी धांध, संदीप, पूनम आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों से यारी

अंकित चौहान, बरेली

● सरकारी विभागों में तैनात दोस्तों का ग्रुप हर रविवार सड़क किनारे और पार्क में लगा रहा 50 पौधे

● पौधों की परवरिश करने के साथ दूसरों को भी ऐसा करने के लिए कर रहे प्रेरित

**अमृत विचार :** एक ओर जहां हरियाली पर आरी चलाई जा रही है। जंगल कंक्रीट में तब्दील होते जा रहे हैं, वहीं शहर में कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। दोस्तों का यह ग्रुप न केवल पौधरोपण कर रहा है बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहा है। हर सप्ताह रविवार को यह ग्रुप सड़क किनारे, पार्क और कार्यालयों में 50 पौधे लगा रहा है। उनकी देखभाल भी करता है। दोस्तों की यह पौधों से यारी पर्यावरण को सहेजने का काम कर रही है।

**ऐसे शुरू हुआ सफर :** शहर के मेगा ड्रीम हाउस कॉलोनी में रहने वाले कुछ दोस्तों ने दो माह पहले मेगा प्लांटेशन के नाम से ग्रुप बनाया। ग्रुप के सदस्य दिलीप कुमार ने बताया कि इसमें 15 सदस्य हैं। सबसे पहले उन लोगों ने कॉलोनी में घर-घर जाकर पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। बताया कि सभी सदस्य अलग-अलग विभागों में कार्यरत हैं। रविवार को सभी का अवकाश रहता है, इसलिए इस दिन सुबह मिनी बाईपास रोड किनारे, पार्क आदि स्थानों पर पौधरोपण करते हैं। अन्य लोग भी इससे प्रेरित हों, इसलिए यह पहल की गई है।


मिनी बाईपास रोड पर बने डिवाइडर के बीच पौधे लगाते मेगा प्लांटेशन ग्रुप के सदस्य।

### ...ताकि सांसों को मिलती रहे ऑक्सीजन

मेगा प्लांटेशन ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि जून में प्रचंड गर्मी का प्रकोप रहा। इस वजह से प्रदेश भर में कई लोगों की सांसें थम गईं। इसी को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई, ताकि सांसों को ऑक्सीजन मिलती रहे।


हर रविवार को हमारी टीम पौधरोपण करती है। साथ ही जिन स्थानों पर पौधे रोपे जा चुके हैं, उनकी निगरानी भी करती है। पौधों को पानी देने के साथ आसपास के लोगों को इनकी देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। -रविंद्र कादियान


लोग पर्यावरण को बचाने की बात सिर्फ कहते हैं लेकिन इसको धरातल पर लाने की जरूरत है। जिस प्रकार इस वर्ष गर्मी का प्रकोप रहा है, ये सीख है कि हम पर्यावरण की सहेजने के प्रति कितने सजग हैं। हमारी यह मुहिम जारी रखेगी। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे। -दिलीप कुमार


पौधरोपण का उद्देश्य खतरे में पड़े पर्यावरण को बचाना और जीवन को सुंदर बनाना है। पेड़ प्रकृति के अनमोल उपहार हैं। इन्हें मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। अन्य भी इससे प्रेरणा लें और पर्यावरण को बचाएं। -गौरव द्विवेदी


# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem ®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली

9634499693
9837338306

# अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 जुलाई 2024, रविवार
04 अगस्त 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

# युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

## भुता के गांव रमपुरा की घटना, चार दिन पहले पत्नी दोस्त के साथ चली गई थी

संवाददाता, बरेली/भुता

**अमृत विचार :** थाना भुता क्षेत्र के गांव रमपुरा प्रवीन में गुरुवार देर रात नशे में युवक ने दोस्त की लाइसेंसी बंदूक से खुद के सीने में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक की पत्नी चार दिन पहले उसके दोस्त के साथ चली गई थी। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

गांव रमपुरा प्रवीन निवासी नेहा ने बताया कि उनका भाई अभिषेक गंगवार उत्तराखंड में प्राइवेट कंपनी में गाड़ी चलाता था। वह पिछले 15 साल से भाभी प्रियंका, मां गुड्डी समेत परिवार के अन्य लोगों के साथ बारादरी के जोगी नवादा में रहती हैं। उनका आरोप है कि उनकी भाभी प्रियंका का अभिषेक के एक दोस्त के साथ प्रेम संबंध थे। वह चार दिन पहले उसी के साथ कहीं चली गई थीं। जब यह बात भाई को पता चली तो वह गुस्से में घर आया। उसके बाद भाई गुरुवार को अपने दोस्त जगत सिंह के साथ पैतृक गांव रमपुरा प्रवीन पहुंचा। वहां से मौसेरे भाई बंटू को लेकर ससुराल नकटा थाना बरखेड़ा गया। जब भाभी अपने मायके में नहीं मिली, तो वहां से वह अपने ससुर सर्वेश, दोस्त जगत, भाई बंटू के साथ अपनी गाड़ी से गुरुवार की रात करीब 12 बजे गांव रमपुरा प्रवीन पहुंचा। उससे पहले उसने खूब शराब पी रखी थी। उसने शराब के नशे में गाड़ी में रखी अपने दोस्त जगत सिंह की लाइसेंस बंदूक को निकाल कर एक हवाई फायर किया। उसके बाद खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। फायर की आवाज सुनकर मौसेरा भाई और परिजन समेत ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अभिषेक को अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना अध्यक्ष सतीश कुमार भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।


परिजनों से पूछताछ करते एसपी दक्षिणी।


अभिषेक (फाइल फोटो)

### बहन को भेजा मेसेज, 'मैं आत्महत्या कर रहा हूं'

बहन नेहा ने बताया कि गुरुवार को भाई ने उसे मेसेज किया था। जिसमें उसने लिखा कि 'मैं आत्महत्या कर रहा हूं' इसकी वजह प्रियंका है। इसी वजह से अभिषेक अवसाद में रहता था। अभिषेक की शादी छह साल पहले प्रियंका से हुई थी। उसके एक तीन वर्षीय बेटा आर्यन है। उनके पिता की भी पहले निधन हो सका है। मां गुड्डी का आरोप है कि पत्नी के अवसाद के चलते बेटे ने आत्महत्या की है। बहू के खिलाफ कार्रवाई की जाए। थाना अध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि पत्नी से अवसाद की वजह से अभिषेक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मौके से पुलिस ने खाली कारतूस और बंदूक बरामद कर लिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

> पत्नी के अवैध संबंध की वजह से अभिषेक अवसाद में रहता था। जिसके कारण उसने दोस्त की बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। -मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

प्रवेश प्रारम्भ
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलाजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# चौकी इंचार्ज की जेब से दो लाख 25 हजार रुपये और मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की चेतावनी के बाद भी नहीं सुधरे

**अमृत विचार :** 50 हजार की रिश्वत लेने वाले करगैना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की चेतावनी के बाद भी नहीं सुधरे। वहीं चौकी इंचार्ज की जेब से दो लाख 25 हजार रुपये मिले हैं। इसके बारे में वह टीम को संतोषजनक जवाब भी नहीं दे सके।

कुछ दिनों पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना सुभाषनगर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चौकी इंचार्ज के पास 40 विवेचनाएं लंबित होने पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिक विवेचनाएं लंबित होने की जांच भी सीओ द्वितीय संदीप सिंह को दी थी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने शुक्रवार को जब चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र देशवाल को रिश्वत लेते दबोचा तो उसकी जेब से दो लाख 25 हजार रुपये बरामद हुए। इस तरह से चौकी इंचार्ज के पास से दो लाख 75 हजार रुपये बरामद हुए। जब टीम ने दो लाख 25 हजार रुपयों के बारे में पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद टीम ने चौकी इंचार्ज से थाना कोतवाली में लाकर लंबी पूछताछ की। इससे पहले भी चौकी इंचार्ज का कई विवादों में नाम सामने आया था। उसके पास क्षेत्र के कई दलाल लगातार संपर्क में रहते थे, जो उसकी मुकदमों में सेटिंग कराते थे।

### 24 फरवरी को दर्ज हुई थी रिपोर्ट

सर्वोदय नगर कॉलोनी, करगैना निवासी व्यापारी सुनील दीक्षित ने आरोप लगाया था कि उनके भाई सुधीर दीक्षित का पत्नी से विवाद चल रहा है। सुधीर को उसकी पत्नी और साला प्रताड़ित करते थे। इसकी वजह से वह तीन साल से गांव डैप्टा श्यामपुर में रह रहे हैं। उनके दो पुत्र हैं अपनी मां के साथ कोतवाली क्षेत्र में रहते हैं। उनका आरोप था कि सुधीर दीक्षित को लगता था कि उन्हें उन्होंने अलग कराया है। इस कारण रंजिश मानते हैं। उनका आरोप था कि सुधीर के बेटे आदर्श ने उनके बेटे आयुष की जेई एडवांस की लॉगिन आईडी हैक कर गलत सूचनाएं दर्ज की थीं, ताकि उसका प्रवेश न हो सके। इसकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। 8 फरवरी को बेटा बहन की शादी के कार्ड बांटने के लिए स्कूटी से निकला था, तभी आदर्श दीक्षित और उसके मामा विजय पाठक ने बदायूं रोड पर कार से टक्कर मारकर उसकी हत्या की कोशिश की थी।

# सीओ दीपशिखा पर लगे आरोपों की जांच पूरी होने पर शासन को भेजी जाएगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो लाख मांगने और ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज करने का है आरोप

**अमृत विचार :** मीरगंज क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अहिवरन को दो लाख रुपये मांगने और जबरन ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज करने के आरोप में जिला मुख्यालय से अटैच किया गया है। मामले में पुलिस अधीक्षक उत्तरी मानुष पारीक विभागीय जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने पर शासन को फाइनल रिपोर्ट भेजी जाएगी।

बता दें कि मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव तिलमास निवासी रिफाकत अली ने तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान से उनकी शिकायत की थी। कहा था कि जेसीबी से मिट्टी खोद कर कच्ची ईंटें बनाई जा रही थीं। इस दौरान क्षेत्राधिकारी दीपशिखा अहिवरन वहां पहुंचीं और मजदूरों को धमकाने लगीं। आरोप है कि सीओ ने कागज देखने से मना कर दिया और थाने आने को कहा। इसके बाद ट्रैक्टर और मशीन थाने ले जाकर सीज कर दी। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने उनसे दो लाख रुपयों की भी मांग की। मामले में तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मानुष पारीक को जांच सौंपी थी। जांच में सामने आया कि सीओ डॉ. दीपशिखा अहिवरन ने खनन अधिकारी और मजिस्ट्रेट को जानकारी दिए बिना खुद मौके पर पहुंच कर कार्रवाई की। लापरवाही, स्वेच्छाचारिता, शासनादेश की अवहेलना के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सीओ डॉ. दीपशिखा अहिवरन सिंह को तत्काल प्रभाव से मीरगंज से हटा कर जिला मुख्यालय संबद्ध कर दिया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि मामले में अभी जांच चल रही है। जांच पूरी होने पर शासन को फाइनल रिपोर्ट भेजी जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# अखिलेश यादव धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें: शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले दुकानदारों को दुकान के सामने अपना नाम लिखने का आदेश जारी किया है। इस पर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर और सहारनपुर हमेशा से संवेदनशील रहा है। लिहाजा, यहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी बन जाती है। जिन रास्तों से कावड़ यात्रा निकलेगी, उन इलाकों के दुकानदारों से कहा गया है कि वे दुकान के आगे अपने नाम का बोर्ड लगाएं। यह आदेश सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए है, ताकि कहीं भी दोनों समुदायों के बीच टकराव की स्थिति पैदा न हो, लेकिन सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस धार्मिक कार्यक्रम को भी राजनीति का अखाड़ा बना दिया है। वह प्रदेश में कावड़ यात्रा को लेकर दोनों समुदायों में टकराव की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। वह उनसे गुजारिश करते हैं कि धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद कर दें। उन्हें राजनीति करने के बहुत अवसर मिलेंगे।

## सार-संक्षेप

### ऐसे पाठ्यक्रम तैयार करें जिससे युवाओं को मिले रोजगार



**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षु कार्यक्रम सेल में मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कानपुर शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड के सह निदेशक विवेक कुमार ने सभी को अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों के बारे में बताया कि यह योजना कानूनी रूप से एक्ट के माध्यम से संचालित हो रही है। इस योजना का लाभ यह है कि इंडस्ट्री को कौशल युक्त युवा मिल सकेंगे और अनुभवी लोगों के साथ कार्य करते हुए वह अपनी कौशल को और निखार सकेंगे। इसके अलावा रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि दुनिया के जितने विकसित देश हैं वह सभी पढ़ाई के साथ जीविकोपार्जन के लिए तैयार करते हैं और उनके व्यक्तित्व में कौशल विकास के गुणों को जोड़ते हैं। इसी प्रकार विश्वविद्यालय और कॉलेज अपने कोर्स और पाठ्यक्रम को इस प्रकार बनाएं कि विद्यार्थी स्वयं को रोजगार से जोड़ सकें। इस मौके पर डॉ. रामबाबू सिंह, इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन से दिनेश गोयल, डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह, डॉ. आशुतोष प्रिय, डॉ. रश्मि रंजन, डॉ. कीर्ति प्रजापति, डॉ. सौरभ वर्मा, तपन वर्मा, राघवेंद्र शर्मा, विशेष कुमार सहित दो सौ से अधिक महाविद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षक मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ऑफ बरेली ग्लोरी ने किया पौधरोपण

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली ग्लोरी की ओर से शुक्रवार को सुभाषनगर स्थित एमजी कॉन्वेंट स्कूल में पौधरोपण किया गया। क्लब के सचिव शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि जैव विविधता की सुरक्षा के लिए पौधे लगाना जरूरी है। कार्यक्रम के तहत स्थानीय निवासियों को भी आम, जामुन, नीम और पीपल के पौधे वितरित कर पौधरोपण करवाया गया। इस दौरान अजय अरोड़ा, राजीव कोहली, अशोक श्रीवास्तव, हरि ओम शर्मा, सतवंत सिंह चड्ढा, आरएस भंडारी और प्रदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** महिला कल्याण विभाग की ओर से भारत सरकार के 100 दिन के अभियान संकल्प एचईडब्ल्यू के तहत वन स्टॉप सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाके अंतर्गत बढ़ाई गई धनराशि के बारे में जानकारी दी गई। स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना आदि के बारे में भी बताया गया। हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 102, 108, 1076 की जानकारी भी दी गई। केंद्र प्रबंधक चंचल गंगवार, पदमा आदि उपस्थित रहे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के 117 वें स्थापना दिवस पर रोपे पौधे



**बरेली, अमृत विचार :** बैंक ऑफ बड़ौदा के 117वें स्थापना दिवस पर महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही अग्रसेन क्रिकेट अकादमी के लिए विभिन्न खेल उपकरण भी भेंट किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति के महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित), बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख राज कपूर, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा प्रतासपुर की शाखा प्रबंधक नेहा त्रिपाठी व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल व क्रीड़ाधिकारी धीरज अग्रवाल द्वारा पौधे लगाकर की गई। इस इस दौरान चीफ प्रॉक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, डीन मयंक शर्मा, सुमित अग्रवाल, संचित कक्कड, राकेश कुमार, प्रथमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### युवा सम्मेलन में बहादुर खान को किया याद




**बरेली, अमृत विचार :** नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू) बरेली शाखा की तरफ से उत्तर रेलवे मनोरंजन सदन में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें 1974 के हड़ताली वरिष्ठ कॉमरेड बहादुर खान की याद में श्रद्धांजलि सभा की गई। मंडल मंत्री राजेश चौबे, सहायक मंडल मंत्री दीपक यादव, मंडल उपाध्यक्ष पंकज सक्सेना, शाखा सचिव राजेश दुबे, शाखा अध्यक्ष मुशर्रफ खान आदि पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के बाद युवा मोर्चा का सम्मेलन आरंभ हुआ। बरेली शाखा के कन्वीनर विवेक चौबे, फिरोज खान, सरोज कुमारी को युवा मोर्चा की बागडोर सौंपी गई। निशा रानी, सुशील अरोड़ा, रामवीर दिवाकर, महेश चंद्र, रामकुमार, चंदन सिंह, सचिन गुप्ता, राजेश कुमार, स्टेशन मास्टर मनीष उपाध्याय, संगीता सक्सेना, पाटन यादव, राहुल शर्मा, रवि राज, कमलेश उपाध्याय ,इमरान, राकेश कुमार, महबूब अली, अभिषेक कुमार, जुबैर खान, भोजराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मचारी संघ ने पूरा किया 1100 पौधों का लक्ष्य



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिलाध्यक्ष रामलाल कश्यप के नेतृत्व में पंचायत घर भरतौल पर पौधरोपण किया गया। सफाई कर्मचारियों ने भी अपने तैनाती वाले गांवों में पंचायत घर, आरआरसी, सामुदायिक शौचालय और स्कूलों में एक-एक पौधा लगाकर 1100 पौधों का लक्ष्य पूरा किया। उपनिदेशक पंचायत महेंद्र सिंह और डीपीआरओ कमल किशोर के अलावा ग्राम प्रधान रीतराम सिंह, रनवीर सिंह पटेल, राजेंद्र सिंह कोली, नन्हे लाल वाल्मीकि, अकील, सतीश वाल्मीकि, कमल किशोर कश्यप, भगवान दास कश्यप, निहाल सिंह, फरीद अख्तर, देवकीनंदन आदि उपस्थित रहे।

### खेती में वैज्ञानिक पद्धति को शामिल करने की दी सलाह



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त के मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित की गई। इसका विषय पशुधन आधारित मॉड्यूल के माध्यम से ग्रामीण युवाओं की आजीविका सुरक्षा बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में डॉ. हंसराम मीना व प्रसार शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महेश चंद्र ने कृषकों व ग्रामीण युवाओं के लिए संस्थान के प्रसार संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता संस्थान की संयुक्त निदेशक, डॉ. रूपसी तिवारी ने की। इसमें कृषकों को खेती एवं पशुपालन में वैज्ञानिक पद्धतियों को शामिल कर उनका लाभ लेने को कहा गया। आयोजन का संचालन डॉ. आरएस सुमन व डॉ. श्रुति ने किया।

# खाद्यान्न डिलीवरी में घपलेबाजी की तो फर्म होगी ब्लैकलिस्ट

## संभागीय खाद्य नियंत्रक ने समीक्षा के दौरान अफसरों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सिंगल स्टेज व्यवस्था की समीक्षा बैठक करते संभागीय खाद्य नियंत्रक।

**अमृत विचार :** संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) मनिकन्डन ए. ने कार्यालय सभागार में शुक्रवार को सिंगल स्टेज व्यवस्था के तहत कोटेदारों को खाद्यान्न डिलीवरी की समीक्षा की। उन्होंने सिंगल स्टेज ठेकेदारों पर खाद्यान्न की डिलीवरी समय पर करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घपलेबाजी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ मुकदमा लिखा जाएगा और उन्हें ब्लैक लिस्ट भी करेंगे।

**• घपलेबाजी करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ लिखा जाएगा मुकदमा**

बैठक में बताया गया कि सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के तहत बरेली मंडल में 54 ब्लॉकों के सापेक्ष सभी ब्लॉकों पर परिवहन ठेकेदार की नियुक्ति ई-टेंडर के जरिए पूरी कर ली गई है। यह ठेकेदार अब खाद्यान्न भी उठा रहे हैं। ठेकेदारों को बताया गया कि अगर वह या उनके वाहन चालक खाद्यान्न डिलीवरी में अनियमितता बरतते हैं, वाहन को अनावश्यक रोकते हैं या फिर निर्धारित रूट से डायवर्ट करते हैं तो इसे घोर अनियमितता मानते हुए वाहन चालक और परिवहन ठेकेदारों के खिलाफ मुकदमा होगा और फर्म ब्लैक-लिस्ट कर दी जाएगी। मंडल के सभी जिला खाद्य विपणन अधिकारियों का दायित्व होगा कि खाद्यान्न को रियल टाइम डिस्पैच कराएं और जिला पूर्ति अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए डिस्पैच के 24 घंटों के अंदर सभी कोटेदारों से रियल टाइम खाद्यान्न मात्रा प्राप्त कराएं। खाद्यान्न का ऑफलाइन डिस्पैच या प्राप्ति मान्य नहीं होगी। ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। संभागीय खाद्य नियंत्रक ने छोटे वाहनों की संख्या बढ़ाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि 20 के स्थान पर 15 दिन में खाद्यान्न उठान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आरएमसी सचिन कुमार, जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह, डिप्टी आरएमओ कमलेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### वाहनों की अनुमति यातायात पुलिस करें से प्राप्त

सावन की वजह से बदायूं और बरेली में प्रत्येक शुक्रवार से सोमवार तक यातायात पुलिस ने भारी वाहनों का प्रवेश बंद किया है। इसलिए खाद्यान्न वितरण करने वाले वाहनों के लिए ठेकेदार अनुमति प्राप्त कर लें। खाद्यान्न डिलीवरी करने वाले वाहनों पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली का निर्धारित बैनर लगाना अनिवार्य होगा। घटतौली की रोकथाम के लिए सभी जिला खाद्य विपणन अधिकारी बाट माप विभाग की टीम के साथ एफसीआई के गोदामों में इस्तेमाल हो रहे वेई ब्रिज का माह में दो बार औचक सत्यापन करें। मंडल में कहीं भी गेहूं भारतीय खाद्य निगम में संप्रदान को अवशेष है तो अगले दो दिन में कराएं, नहीं तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर होगी।

## बहेड़ी प्रकरण : अपने ही बयान में घिर सकते हैं एमओआईसी

**बरेली ,अमृत विचार :** कुछ दिन पहले बहेड़ी एमओआईसी डॉ. अजमेर सिंह पर ब्लॉक में तैनात सीएचओ ने गंभीर आरोप लगाए थे। सीएचओ के साथ नोट गिनते एमओआईसी का फोटो भी वायरल हुआ था। मामला उजागर होने के बाद सीएमओ के आदेश पर मामले की जांच अब दो दिन पहले ही आरंभ हुई है।

सीएचओ के साथ नोट गिनते फोटो वायरल होने के बाद एमओआईसी ने तर्क दिया था कि प्रत्येक सीएचओ को हर माह मिलने वाले 18500 के बजट से जो सामान की खरीद हुई थी, उसमें बचे हुए 2500 रुपये सीएचओ को वापस किए जा रहे थे। इस दौरान किसी ने फोटो ली है। सूत्रों के अनुसार जिस वेंडर से सामान की खरीद हुई है, उसने पूरे 18500 रुपये का पक्का बिल एमओआईसी को दिया है। अब सवाल उठ रहा है कि जब पक्का बिल पूरे बजट का है फिर कौन से बचे हुए रुपये सीएचओ को वापस करने की बात एमओआईसी कर रहे हैं, जबकि अन्य किसी भी प्रकार के बजट का वित्तीय लेनदेन एमओआईसी और सीएचओ के बीच नहीं होता है। इस तर्क पर एमओआईसी पर जांच टीम की आंच आना लगभग तय माना जा रहा है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जांच टीम दोनों पक्षों से पूछताछ कर सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है, जांच पूर्ण होने पर रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# दरगाह आला हजरत और ताजुश्शरिया पर उर्से नूरी आज

**• देर रात 1 बजकर 40 मिनट पर अदा होगी कुल की रस्म**

**बरेली, अमृत विचार:** आला हजरत के छोटे बेटे मुफ्ती-ए-आजम हिंद मौलाना मुस्तफा रजा खान का 44 वां एक दिवसीय उर्स-ए-नूरी शनिवार को यानी आज दरगाह परिसर में मनाया जाएगा। सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत में होंगे। सैयद आसिफ मियां इसकी देखरेख करेंगे।

मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम ईशा की नमाज के बाद संपन्न होंगे। कुल की रस्म देर रात 1 बजकर 40 मिनट पर अदा की जाएगी। सज्जादानशीन ने टीटीएस के शाहिद नूरी, औरंगजेब नूरी, हाजी जावेद खान, नासिर कुरैशी, अजमल नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी, शान रजा, मंजूर रजा आदि को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी है। दूसरी तरफ दरगाह ताजुश्शरिया पर मुफ्ती-ए-आजम का उर्स काजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खान कादरी की सरपरस्ती व सदारत में आयोजित किया जाएगा। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां ने बताया कि उर्स-ए-नूरी में देश भर से उलमा आएंगे। जमात के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां ने जिलाधिकारी से दरगाह वाली गली में व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाने की मांग की है। इसके अलावा सौदागरान स्थित स्थित काशान-ए-नूरी में भी आला हजरत ट्रस्ट के सदर मोहतिशिम रजा कादरी की अध्यक्षता में उर्स होगा।

### उर्स के संबंध में दी जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत स्थित नूरी गेस्ट हाउस परिसर में बैठक की गई। इस दौरान रजा एकेडमी के प्रमुख मुहम्मद सईद नूरी ने 44वें उर्स-ए-नूरी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात नूरी गेस्ट हाउस में 1 बजकर 40 मिनट पर मुफ्ती आजम हिंद के कुल की रस्म अदायगी की जाएगी। पम्मी खान वारसी, हाजी इकरार नूरी, गौहर अली खां, मुहम्मद मुस्तफा रजा खां, मौलाना अहमद रजा नूरी, फारुख रजवी, जुनैद रजवी, दानिश रजवी, सिद्दीक रजवी, अनस अली, सलीम रजवी रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में नर्सिंग को लेकर हुआ मंथन



आईएमए हॉल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में उपस्थित नर्सिंग स्टूडेंट्स।

**बरेली, अमृत विचार :** आरके इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से आईएमए भवन स्थित सभागार में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें नर्सिंग को लेकर मंथन किया गया।

इससे पहले कांफ्रेंस की शुरुआत मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी नर्सिंग कंसल्टेंट डॉ. एन.नीतू देवी, विशिष्ट अतिथि आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, यूपी आईएमए के पूर्व अध्यक्ष और आरके ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष डॉ. रवि मेहरा, आर के नर्सिंग कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ. कंवल मेहरा और निदेशक डॉ. शिव शंकर त्यागी ने की।

एम्स देवगढ़ की प्रधानाचार्या डॉ. सी वसंता कल्याणी ने छात्रों से कहा कि नर्सिंग प्रोफेशन में फॉरेंसिक साइंस के महत्व को समझना बहुत जरूरी है। दूसरे सत्र में लेखिका ऋचा गंगवार ने इमरजेंसी विभाग में आए पीड़ित से किस प्रकार साक्ष्य को एकत्र करना है, इस संबंध में जानकारी दी। चेयरमैन डॉ. रवि मेहरा ने स्मृति चिह्न प्रदान किए। संचालन समीक्षा सिंह ने किया।

# हजरत इमाम हुसैन के सोयम पर हुआ मजलिस और मातम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बाकरगंज स्थित कर्बला में चिरागा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इमाम हुसैन की याद में दिन भर जगह-जगह सोयम की फातिहा का आयोजन किया गया। बाकरगंज कर्बला में महिलाओं ने चिराग रोशन कर मन्नतें मांगीं। बाकरगंज कर्बला ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष खलील अहमद ने बताया कि अस्र की नमाज के बाद इमामबाड़ा में फातिहा की गई। रात को चिरागा किया गया। इस दौरान कमेटी के सचिव सैयद हबीब मियां भी मौजूद रहे।

ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि शहीदों के सोयम पर एक मजलिस कंघीटोला के इमामबाड़ा अहमद हुसैन में समीर रिजवी की अगुवाई में हुई। मजलिस को इमाम-ए-जुमा मौलाना शम्सुल हसन खां ने खिताब किया। अंजुमन गुलदस्ता-ए-हैदरी, अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी ने नौहाख्वानी व मर्सियाख्वानी अली आलिम जैदी ने की। मोहल्ला जखीरा में बिलाल जैदी की ओर से मातम हुआ व अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी ने नौहाख्वानी की। अली कालोनी लीचीबाग में जफर अब्बास रिजवी सैफी की ओर से कार्यक्रम हुआ, जिसमें महिलाओं ने भी इमाम के सोयम पर मजलिस मातम किया। शानू काजमी ने बताया कि शनिवार 13 मुहर्रम से 23 मुहर्रम तक बाजार संदल खां इमामबाड़ा मरहूम डॉक्टर यावर हुसैन रिजवी के अजाखाने में आफताब रिजवी, डॉ. मीसम रिजवी की अगुवाई में अशरा-ए-मजलिस रात 8:30 बजे से शुरू होगी। इस मजलिस को सैयद नूरुल्लाह आब्दी कुम्मी नौगामा सादात खिताब करेंगे।

**• बाकरगंज कर्बला में महिलाओं ने चिराग जलाकर मांगीं मन्नतें**

## खराब प्रगति पर सीडीओ ने जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक शुक्रवार को हुई। कार्यों में लापरवाही बरते जाने पर सीडीओ ने अधिकारियों को फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लर्निंग लैब के निर्माण पर अभी तक कोई भी कार्य नहीं हुआ है। एक सप्ताह में शुरू कराने की हिदायत दी। विकास खंड आलमपुर जाफराबाद, भोजीपुरा, भुता, फरीदपुर में बच्चों के वजन और पोषाहार वितरण आदि की प्रगति खराब पाए जाने पर नाराजगी जताई। बीएसए, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीडीपीओ आदि मौजूद रहे।

# सात लाख वेतन आय पर ही मिलेगी छूट शेयर से लाभ हुआ तो देना पड़ेगा टैक्स

**• आयकर अधिनियम के नियम 87ए के तहत पांच जुलाई से किया गया बदलाव**

**बरेली, अमृत विचार :** बहुत से नौकरीपेशा लोग टैक्स देनदारियों को लेकर उलझन की स्थिति में हैं। उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि सात लाख रुपये से कम आय होने पर अगर उन्हें कहीं से कोई विशेष आय प्राप्त हो जाती है तो क्या उन्हें टैक्स में छूट मिलेगी या नहीं।

ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि आपकी वार्षिक वेतन आय यदि पांच लाख रुपये है और आपने कोई प्रॉपर्टी या शेयर बेचकर ढाई लाख रुपये प्राप्त कर लिए हैं तो आप को सात लाख रुपये की आय पर मिलने वाली छूट नहीं मिलेगी। इसके साथ ही अतिरिक्त आय पर आपको टैक्स भी देना पड़ेगा। यदि आप आयकर रिटर्न भर रहे हैं तो अपनी इस कर योग्य आय का भी ध्यान रखना होगा अन्यथा डिमांड नोटिस आ सकता है और आपको टैक्स देना पड़ सकता है। इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सीए अखिल रस्तोगी बताते हैं कि नई रिजीम में सात लाख रुपये तक की आय पर टैक्स देय नहीं था। वैसे सात लाख रुपये की इनकम पर 25 हजार रुपये टैक्स बैठता है। अब पांच जुलाई से आयकर विभाग ने यह बदलाव कर दिया है कि यदि सामान्य इनकम यानि वेतन आय है तो छूट मिलेगी। कोई स्पेशल इनकम जैसे शेयर, म्यूचुअल फंड, प्रॉपर्टी बिक्री से कोई लाभ प्राप्त किया है तो उस पर टैक्स देना होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी की आय चार लाख रुपये है और उसने एक लाख रुपये शेयर, म्यूचुअल फंड या प्रापर्टी बेचकर आय प्राप्त की तो एक लाख रुपये पर टैक्स देना होगा। शॉर्ट टर्म गेन है तो 15 फीसदी और लांग टर्म गेन है तो 10 फीसदी टैक्स देना होगा। आयकर अधिनियम के नियम 87ए के तहत हुआ यह बदलाव पांच जुलाई से किया गया है। साथ ही जिन लोगों ने ऑनलाइन रिटर्न भर दिया है और सात लाख रुपये से ऊपर विशेष आय का जिक्र नहीं किया है, उन्हें विभाग से डिमांड नोटिस आ सकता है।

## तीन महीने में एंबुलेंस कर्मियों ने 12 सुरक्षित प्रसव कराए



परिजनों को नवजात सौंपता कर्मी।

**बरेली, अमृत विचार :** 108 और 102 एंबुलेंस के कर्मी न केवल मरीजों की जान बचा रहे हैं बल्कि सुरक्षित प्रसव भी करा रहे हैं। तीन महीने में ये कर्मी रास्ते में 11 सुरक्षित प्रसव करा चुके हैं।

गुरुवार को बहेड़ी के गांव जाफरा निवासी लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा हुई। इस पर आशा कार्यकर्ता निशा ने 108 एंबुलेंस को कॉल कर सूचना दी। कुछ समय बाद एंबुलेंस गांव में पहुंच गई। स्टाफ मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल ला रहा था। रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज हो गई। एंबुलेंस में तैनात ईएमटी वीरेंद्र ने एंबुलेंस को सड़क के किनारे रुकवा कर सुरक्षित प्रसव कराया। प्रोग्राम मैनेजर शिवम सोनी ने बताया कि ईएमटी पूर्ण रूप से इस कार्य में सक्षम हैं और उन्हें समय-समय पर ट्रेनिंग भी दी जाती है।

**• जिले में 102 और 108 एंबुलेंस सेवाएं बचा रहीं मरीजों की जान**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शकील पुत्र स्वर्गीय हनीफ तथा शकील की पत्नी श्रीमती समीना एवं मेरी पुत्रियों शमशीरा उर्फ गुड़िया पत्नी इकरार उर्फ गुड्डु निवासी सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर व बेबी पत्नी जलील निवासी पठान टोला सहसवान, के अनुचित व्यवहार एवं बार-बार मेरे साथ मारपीट करने और मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के कारण उनसे अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं और उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन या किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए ना तो मेरी कोई जिम्मेदारी होगी न ही मेरा इन लोगों से कोई सरोकार होगा न ही ये सभी लोग मेरी किसी चल-अचल संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा ठोक सकते है। **अनवरी पत्नी स्वर्गीय हनीफ निवासी मोहल्ला नसरुल्लागंज कस्बा सहसवान जिला बदायूँ।**

**सूचना**

मैं जुल्फिकार अली पुत्र श्री इफ्तिखार अली मेरा मकान जोकि पिंक सिटी पीलीभीत में स्थित है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 24.04.2008 को बही सं. 1 जिल्द सं. 3616 पृष्ठ सं. 343 से 376 पर क्रमांक 3285 रजिस्ट्रीकृत किया गया जो कि सब रजिस्ट्रार साहब पीलीभीत में हुई थी जिसकी ओरिजिनल रजिस्ट्री कहीं गिर कर खो गई है जिस किसी को मिले वो वापस कर दे। मो. 9917007797

**माता वैष्णो शैल्यावाला हरिप्रकाश इंटर कॉलेज**
रघुनाथपुर-खंडहर, जलालाबाद, शाहजहांपुर

**आवश्यकता है**

**प्रधानाचार्य**

**प्राइमरी सेक्शन 01 पद**

**इंटर कॉलेज 01 पद**

**सहायक अध्यापक 01 पद**

हेतु गृह विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, इंग्लिश, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा समस्त कागजात सहित दिनांक 28.07.2024 तक निम्न मेल पर भेजें
mvsh30may2015@gmail.com
तथा साक्षात्कार तिथि 30-07-2024 है साक्षात्कार में आने हेतु कोई भत्ता देय नहीं होगा।

**प्रबंधक-विकास कुमार सक्सेना**

संपर्क : 9411424246

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## मानव सेवा क्लब के 18 वर्ष पूर्ण होने पर किया कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब के 18 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कार्यालय पर गोष्ठी की गई। अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने बताया कि क्लब की स्थापना 20 जुलाई 2006 को गई थी। इस दौरान सुप्रसिद्ध शायर प्रो. वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में आयोजित सभा में सबने आजीवन समाज सेवा का संकल्प लिया था। तब से अब तक क्लब ने 700 से ज्यादा जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवाकर उनकी सहायता की। उन्होंने कहा कि क्लब के सभी लोगों के सहयोग से यह कार्य लगातार जारी रहेगा।

# कोर्ट ने इंस्पेक्टर सिरौली से तलब किया स्पष्टीकरण

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की अदालत में विचाराधीन अवैध शराब के केस में सिरौली इंस्पेक्टर की लापरवाही के कारण शुक्रवार को माल मुकदमा पेश न होने पर गवाह एसआई अशोक कुमार की गवाही नहीं हो सकी। अदालत ने सिरौली थानाध्यक्ष लव सिरोही से तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। सुनवाई के लिए 3 अगस्त की तिथि नियत की है।

वर्ष 2017 में थाना सिरौली में अवैध शराब से जुड़ा मामला दर्ज हुआ था। पैरोकार नागेंद्र सिंह ने अर्जी देकर कोर्ट को बताया कि एचएम मालखाना तीन दिन के अवकाश पर गए हुए हैं। इस कारण माल उपलब्ध नहीं हो सका। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि यदि यह मान लिया जाय कि कोई मालखाना मोहर्रिर बिना चार्ज दिए ही चला जाता है तो क्या न्यायालय के समक्ष माल प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। इंस्पेक्टर थाने में उपलब्ध रजिस्टर नंबर 5 देखकर यह जान सकते थे कि माल, संबंधित थाने के मालखाने में कब दाखिल हुआ और उसे कोर्ट में पेश किया जा सकता था। लापरवाही के कारण गवाह अशोक कुमार की गवाही नहीं हो सकी। आदेश की प्रति एडीजी, एसएसपी को भी भेजी गई है।

# बोले कर्मचारी-आयकर स्लैब की सीमा बढ़ाए सरकार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तीन दिन बाद केंद्रीय मंत्री संसद में बजट पेश करने वाली हैं। सरकारी कर्मचारियों को बजट में आयकर में बचत की सीमा डेढ़ लाख से बढ़ाकर तीन लाख रुपये होने की उम्मीद है। उनका कहना है कि बच्चों की उच्च शिक्षा की फीस जैसे जरूरी खर्चे आय में शामिल न हों। इसके साथ ही इन लोगों ने होम लोन के ब्याज की रकम पर चार लाख तक छूट की मांग की ह।

**• बजट से उम्मीदें : बच्चों की उच्च शिक्षा की फीस जैसे जरूरी खर्चे वेतनभोगी आय में शामिल न हों**



आठ लाख की आय छूट से बाहर होनी चाहिए। 80 सी, 80 डी और होमलोन के ब्याज की रकम पर चार लाख तक छूट होनी चाहिए। चिकित्सा बीमा की राशि 50 हजार हो, ताकि ज्यादा लोग बीमा से लैस हो सकें। **-अजरार आगा**, कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ



आयकर की सीमा बढ़ा दी जाए तो वेतनभोगी को राहत मिल सकती है। महंगाई बढ़ रही है। पेट्रोल से लेकर आटा, दाल, सब्जी, दूध आदि के दाम बढ़ रहे हैं। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए फीस चार लाख रुपये है। सरकार को इस विषय पर भी विचार करना चाहिए। **-रजनीश तिवारी**, रेलवे



सरकार आयकर में छूट की सीमा कई साल से नहीं बढ़ा रही है। इसे बढ़ाया जाना चाहिए। महंगाई को देखते हुए आयकर की सीमा 10 लाख होनी चाहिए। कई तरह से कर्मचारियों से टैक्स तो वसूल जा रहा है लेकिन उन्हें राहत नहीं दी जा रही है। **-रवीन्द्र सिंह**, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोडवेज संयुक्त परिषद



कर्मचारी सामान खरीदने जाए तो उसमें टैक्स दे, वेतन पाए तो उसमें भी टैक्स दे। महंगाई बढ़ती जा रही है। सरकार जितना वेतनवृद्धि करती है, जो टैक्स में चली जाती है। हाथ में कुछ नहीं बचता है। बचत वाला बजट हो। **-राजेश्वरी मौर्य**, शिक्षिका



पैसा सरकार के पास आएगा तो आर्थिक विकास में गति आएगी। आयकर स्लैब को बढ़ाकर उसमें होम लोन के ब्याज की सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए। निजीकरण को बंद कर विभागों में कर्मचारियों की भर्ती करनी चाहिए। **-राजेश कुमार**, विकास भवन

न कुलं वृत्तहीनस्य प्रमाणमिति मे मतिः।
अन्त्येष्वपि हि जातानां वृत्तमेव विशिष्यते॥

ऊंचे या नीचे कुल से मनुष्य की पहचान नहीं हो सकती। मनुष्य की पहचान उसके सदाचार से होती है, भले ही वह निचे कुल में ही क्यों न पैदा हुआ हो।


## संपादकीय

# रणनीति की आवश्यकता

एक बड़े वैश्विक सिस्टम आउटेज के कारण शुक्रवार को दुनिया भर की उड़ानें, बैंक, मीडिया आउटलेट, कंपनियां बाधित हो गईं। दिक्कत एंटीवायरस 'क्राउडस्ट्राइक' के अपडेट से माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विसेज में आई। दोपहर में आउटेज का असर चरम पर था। परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। एक तरह से माइक्रोसाफ्ट आउटेज से दुनिया को बड़े आईटी ब्लैकआउट का सामना करना पड़ा। हालांकि यह कोई सुरक्षा घटना या साइबर हमला नहीं था। इसके बावजूद दुनियाभर में कई तरह की सेवाएं प्रभावित हुईं। तकनीकी दिक्कतों के बाद भारत सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से संपर्क किया। कई देशों की सरकारों ने आपात बैठकें बुलाईं। गौरतलब है कि क्राउडस्ट्राइक एक साइबर सिक्योरिटी कंपनी है। यह दुनियाभर के अधिकांश कंप्यूटर और लैपटॉप के लिए एक एडवांस्ड साइबर सिक्योरिटी सॉल्यूशन देता है। इसको लेकर लगातार आ रही रिपोर्ट के मुताबिक क्राउड स्ट्राइक का एक मेन प्रोडक्ट फॉल्कन है और इसी प्रोडक्ट में समस्या आई थी। क्राउडस्ट्राइक अपने यूजर्स को क्लाउड बेस्ड एंडपॉइंट प्रोटेक्शन सॉल्यूशन देती है। कंपनी का फॉल्कन प्रोडक्ट नेटवर्क पर मैलिशियस यानी वायरस वाली फाइल्स का पता लगाता है। ये मैलिशियस फाइल्स का पता लगाकर वायरस को रोकने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करता है। फॉल्कन एंडपॉइंट सिक्योरिटी कर सकता है फिर चाहें सिस्टम ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। वैश्विक आउटेज इंटरनेट सेवाओं में महत्वपूर्ण व्यवधान हैं।

वैश्विक आउटेज के दौरान नेटवर्क के बड़े हिस्से ठीक से काम करना बंद कर देते हैं। इंटरनेट व्यवधानों से उबरने की प्रक्रिया, चाहे वैश्विक हो या स्थानीय भविष्य में व्यवधानों के लिए लचीलापन और तैयारी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर आउटेज चाहे वह बड़ा हो या छोटा किसी न किसी कारण से होता है। इन घटनाओं से सीख लेकर इसके लिए अधिक मजबूत सिस्टम और आकस्मिक योजनाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में इंटरनेट सेवाओं की विश्वसनीयता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इंटरनेट व्यवधानों को अच्छी तरह से संभालने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि व्यवधानों से आने वाली विभिन्न चुनौतियों का कैसे जवाब दिया जाए। साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले सिस्टम प्रभावित होने की रुकावटें, अलग-अलग कारणों और प्रभावों के साथ अनूठी चुनौतियां पेश करती हैं। वैश्विक इंटरनेट आउटेज के प्राथमिक कारण अक्सर प्रमुख नेटवर्क कंपनियों, विशेष रूप से कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) प्रदाताओं से जुड़े होते हैं। सीडीएन विफलताओं सहित वैश्विक रुकावटों के कारण होने वाले व्यापक व्यवधान इनसे निपटने के लिए मजबूत रणनीतियों की आवश्यकता को उजागर करते हैं।

# चिरायुता पर आधुनिक शोध का यथार्थ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं।

चूहों पर किए गए एक प्रयोग से नस्ल के लंबे समय तक जीवित रहने की दुर्लभ उम्मीद जगी है। इस संबंध में नेचर जर्नल में 17 जुलाई को रिसर्च पेपर इन्हीबीशन ऑफ इंटरल्युकिन-11 सिग्नलिंग एक्स्तेंड्स ममेलियन हेल्थस्पैन एंड लाइफस्पैन ऑनलाइन प्रकाशित है। इस शोध अध्ययन को विभिन्न स्तरों पर काम करते हुए 26 शोधार्थियों ने संपन्न किया। अध्ययन की संपुष्टि हेतु 25 अतिरिक्त पन्नों में दिया गया डेटासेट अकाट्य और विलक्षण है। अध्ययन में भारतीय मूल के चार शोधार्थी भी शामिल हैं, जो अध्ययन के समय सिंगापुर की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्थित मेडिकल स्कूल में कार्डियोवैस्कुलर एंड मेटाबोलिक डिसआर्डर्स प्रोग्राम में अध्येता बताए गए।

अध्ययन के नतीजों से स्थापित हुआ कि एक्सपेरिमेंटल चूहों की उम्र में 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होती है। इस अध्ययन में जेनेटिक और फार्माकोलॉजिकल पद्धतियों का इस्तेमाल बूढ़ा होने की प्रक्रिया को रोकने से हुआ। कहा है कि यह संक्रमण रहित शरीर में न्यूनस्तर पर मेटाबोलिक और रोग प्रतिरोधक सिस्टम के आपस में सूचना आदान-प्रदान से या दोनों के परस्पर बायो-केमिकल प्रभाव के अनुसार जरावस्था की ओर दीर्घकालिक प्रस्थान (क्रोनिक स्टेराइल इन्फ्लेमेशन) से संबंधित ऑब्जरवेशन हैं। अध्ययन से जाहिर होता है कि इंटरल्युकिन-11 थेरेपी के क्लिनिकल ट्रायल्स से जो डेटा मिला है वह फिब्रोइन्फ्लेमेट्री डिजीजेस से पीड़ित व्यक्तियों के लिए तो सही हो सकता है, लेकिन स्वस्थ व्यक्तियों पर इसकी मुक्त आजमाईश की गुंजाइश या जरूरत नहीं। इण्टरर्ल्युकिन खास बनावट की प्रोटीन्स हैं और शरीर में इनका संश्लेषण खुद होता है। इन्हें लेकर बहुत समय से मानव स्वास्थ्य पर इनके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है जिसे इम्यूनोलॉजीकल साइंसेज में इसकी भूमिका को कुछ हद तय किया जा चुका है।

इण्टर्ल्युकिंस कई किस्मों में आईडेंटिफाई की जा चुकी हैं। हरेक का रोल अलग है। इण्टरर्ल्युकिन -11 की भूमिका को चूहे में पहली बार उम्रदराजी के नज़रिए से देखा गया है। शरीर में इसकी सक्रियता को रोकने के लिए क्या मेथड अपनाया गया और यह सेफ है या नहीं, इस बाबत

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे।

तो और परीक्षण मनुष्यों पर बीमारी की विभिन्न अवस्थाओं में करने ही होंगे बशर्ते इण्टरर्ल्युकिन थेरेपी को मनुष्यों पर आजमाने की इज़ाज़त एथिकल कमेटी द्वारा दी जाए। चूहों पर किए परीक्षण में इसके थेराप्युटिक असर और एक्टिंग मैकेनिज्म को कुछ हद तक दर्ज किया गया है, लेकिन दर्जनों सवाल और हैं जिनका उत्तर ढूंढना है। क्या मनुष्य को चिरायु बनाना एथिकल दृष्टि से सही है? ऐसे शोध के नतीजे से निकलने वाली थेरेपीज़ जो बहुत मंहगी हो सकती हैं, क्या सिर्फ चुनींदा व्यक्तियों को ही सुलभ होंगी या आम जन को भी उपलब्ध होंगी? विविध स्पीसीज की संख्या के बीच कुदरत जो संतुलन येन-केन प्रकारेण बना कर रखती है क्या वह विचलित और भ्रष्ट नहीं होगा? धरती पर कुछेक लोगों को चिरायु बनाने के मकसद कितने स्पष्ट होंगे?

मुझे याद है भारत में सन 1987 तक भी ह्यूमन सब्जेक्ट्स पर एक्सपेरिमेंट करने के लिए मेडिकल रिसर्च वालों के पास केवल एक गुटका टाइप गाइडलाइंस हुआ करतीं। कुछ शोध मामलों की एथिक्स को लेकर देश में जब हो-हल्ला मचा तब कई वर्ष लगाकर, गहन विमर्श से नई गाइडलाइन्स तैयार की गईं। लेकिन मेडिकल रिसर्च के फील्ड में नित, नई चुनौतियां सामने आती रही हैं और गाइडलाइन्स में संशोधन के लिए रिसर्चर्स को प्रेरित करती हैं। इन्हें उस स्तर तक लाना होगा जिस स्तर पर स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी अंतरिक्ष स्थित युक्तियों में लंबे समय तक निवास के लिए मनुष्यों को भेजने से पहले इनके लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं। जाहिर है, इन्हें बनाने के लिए मनुष्य के शरीर पर तजुर्बे करने की जरूरत है। दुनिया में इंडस्ट्रियली उन्नत देशों में से कुछ ने सन 1900 के बाद के बड़े युद्धों में पकड़े युद्ध बंदियों पर टार्चर करके, और खासतौर से दूसरे महायुद्ध के दौरान हिटलर शासित जर्मन सेना और मेडिकल रिसर्च एस्टाब्लिशमेंट, जो एक्सपेरिमेंट्स किए उनसे संबंधित रिकार्ड्स को ऐतिहासिक मान कर संरक्षित किया गया और इन्हें अध्ययन के लिए सुलभ कराया गया, लेकिन इन रिकार्ड्स में से बहुत-सा अभी तक डी-कलासिफाई नहीं हुआ है। सिविलियन रिसर्च के लिए तो इंस्टिट्यूशनल एथिकल कमेटी ही नियामक है और इसीसे इज़ाज़त लेनी पड़ती है। दूसरी ओर साम्यवादी देशों में ऐसे रहस्यों को हमेशा के लिए दफन कर दिया जाता है।

चिरायु शोध बहुआयामी है, लेकिन इसे नियामक अथॉरिटी की निगाहों में लाना जरूरी होता है। ऐसा नहीं हुआ तो फ्रैंकैस्टाईन, अर्थात अति-मानव या बेकाबू मनुष्य, बनाने से क्या लाभ? इससे भय की उत्पत्ति और विनाश का जन्म होता है। चिरायु शोध पर एनिमल एक्सपेरिमेंट्स की भी एक सीमा होती है। इसके बाद क्या? इसका जवाब तो तब मिलेगा जब शोध को आगे बढ़ाया जाएगा। शोध के भविष्य और नतीजों को भी एक सीमा तक इन्टरप्रेट करने की क्षमता है। इसलिए चूहों से मनुष्य तक इस शोध के पहुंचने या भविष्य में इसकी प्रकृति क्या हो सकती है इसका आकलन कोई बड़ा साइंसदान भी फिलहाल नहीं कर सकता। संभावना है कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस से उन स्थितियों को काल्पनिक और कृत्रिम रूप से बनाया जा सके जो मनुष्य मस्तिष्क के आकलन से फिलवक्त परे हैं? लोग चिरायु बनने के चक्कर में रहते हैं। अपनी दिनचर्या को नहीं सुधारते परन्तु बाबाओं से आशीर्वाद लेना आम बात हो गई है। चिरायु कैसे बन सकते हैं इसके लिए आधुनिक बायोलॉजी के अनेक मेथड्स अपनाकर वैज्ञानिक लोग मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स तक उतर आए हैं। चिरायु होना अलग बात है लेकिन ययाति के तर्ज़ पर कायाकल्प अलग बात है। सिद्धांत रूप में इसके साहित्यिक साक्ष्य (कल्पना है या यथार्थ, मुझे नहीं मालूम)। महाभारत के आदिपर्व में इनका संदर्भ है। नहुष के पुत्र ययाति (आभीर सम्राट) ने देवयानी से विवाह किया और शर्मिष्ठा को भी पत्नी जैसा रखा। वीएस खांडेकर ने ययाति के बारे में मराठी भाषा में उपन्यास लिखा। यह कथा भारतीय मानस और बौद्धिक संपदा का ऐसा रूप है, जिसका संबंध काया रूपांतरण से है। यह विज्ञान कथा के रोमांचक वृतांतों सरीखा है। ययाति की कथा रोमांचक है और विज्ञान जानने वालों को भारतीय साहित्यिक जगत के अद्भुत कथानकों से परिचित करवाती है। उम्रदराजी को समझना और इसमें इंटरवेंशन या छेड़छाड़ करना आसान और सुरक्षित नहीं होता। जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के बारे में आचार्य पतंजलि ने योगसूत्र और महर्षि चरक से शुरू हुई आयुर्वेदाचार्यों की परंपरा ने जिस निश्चित और सिद्ध ज्ञान का सृजन किया उसी के अभ्यास से हम शरीर और मन को स्वस्थ रखें इसीलिए हमारे यहां इस विधा को आयुर्विज्ञान कहा गया गया।

मेडिकल साइंस में प्रत्येक देश में चिरायु शास्त्र में सिद्धियों की बात की जाए तो श्रेष्ठ प्रविधियां और इन्हें जागृत करने की प्रक्रिया क्या हैं, यह मुद्दा अनिर्णीत ही रह जाता है क्योंकि सिद्ध योग गुरु की अगुवाई में सिद्ध न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट्स भी अभी तक सेटअप किए गए तजुर्बों से कुछ ख़ास नतीजे हासिल नहीं कर सके थे। प्रत्येक सिस्टम की अपनी सीमाएं हैं और एक समय विशेष को ध्यान में रखकर अगर इनका अभ्यास या प्रयोग न किया जाए तो शरीर विकृत तो बाद में होगा पहले विकटता में फंस कर 'लॉक' जरूर हो जाएगा, जैसेकि हठयोग में। नाथ संप्रदाय के योगाचारी हठयोग की सांकलों की फिजिक्स और केमिस्ट्री नहीं बता सकते। योग सिस्टम मूलतः न्यूरो-फिजियोलॉजी की मॉड्यूलेशन पर आधारित है जिससे शरीर की रोगप्रतिरोधात्मकता भी प्रभावित होती है अर्थात इन्फ्लुएंस होती है। यह हार्मोन्स के स्राव और इसकी मात्रा को नियंत्रित करती है। मॉडर्न सिस्टम में इन्हीं प्रणालियों को किसी और तरीके से प्रभावित करने की कोशिश शरीर के बायोकेमिकल सिस्टम के साथ छेड़खानी या ट्वीकिंग करने के पश्चात किया जाता है और इनके प्रभाव का शरीरांगों पर अध्ययन करके नतीजे निकाले जाते हैं।

## प्रसंगवश

# पानी भी यही करता है

राजस्थान के शेखावटी इलाके में एक जिला है झुंझुनूं। झुंझुनूं के अलसीसर तहसील के एक गांव लूणा में मुस्लिम गवैयों के कुछ परिवार रहते आ रहे थे। ये लोग पिछली पंद्रह पीढ़ियों से शास्त्रीय गायन कर रहे थे। कला और संगीत को संरक्षण दिए जाने का जमाना था और शेखावटी के रईस तो वैसे भी इस मामले में हमेशा आगे रहने वाले बताए जाते थे। इलाके भर में ध्रुपद गायकी का बड़ा नाम माने जाने वाले उस्ताद अजीम खान इसी लूणा में रहते थे और अक्सर अपने छोटे भाई उस्ताद इस्माइल खान के साथ महफिलों में गाने जाते थे।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

18 जुलाई 1927 को अजीम खान के घर एक बालक जन्मा जिसे मेहदी हसन नाम दिया गया। मेहदी का अर्थ हुआ ऐसा शख्स जिसे सही रास्ते पर चलने के लिए दैवीय रोशनी मिली हुई हो। गांव के बाकी बच्चों की तरह मेहदी हसन का बचपन भी लूणा की रेतीली गलियों-पगडंडियों के बीच बकरियां चराने और खेल-कूद में बीत जाना था, लेकिन वे एक कलावंत खानदान की नुमाइंदगी करते थे सो चार-पांच साल की आयु में पिता और चाचा ने उनके कान में पहला सुर फूंका। उस पहले सुर की रोशनी में जब इस बच्चे के मुख से पहली बार 'सा' फूटा, एक बार को समूची कायनात भी मुस्कराई होगी।

आठ साल की उम्र में पड़ोसी प्रांत पंजाब के फाजिल्का में मेहदी हसन ध्रुपद और ख्याल गायकी की अपनी पहली परफॉर्मेंस दे रहे थे। अगले दस-बारह साल घनघोर रियाज के थे जब अपने बुजुर्गों की शागिर्दी करते हुए मेहदी हसन ने ज्यादातर रागों को उनकी जटिलताओं समेत साध लिया होगा। फिर 1947 आया। विभाजन के बाद पूरा हसन खानदान पाकिस्तान चला आया। साहीवाल जिले का चिचावतनी कस्बा मेहदी हसन की कर्मभूमि बना। परिवार की जो भी थोड़ी-बहुत बचत थी वह कुछ ही मुश्किल दिनों का साथ दे सकी होगी। पैसे की सतत तंगी और जिंदा रहने की जद्दोजहद के बीच संगीत की कौन सोचता।

मेहदी हसन ने पहले मुगल साइकिल हाउस नाम की साइकिल रिपेयरिंग की एक दुकान में नौकरी हासिल की। टायरों के पंचर जोड़ते, हैंडल सीधे करते उन्होंने दूसरे उस्ताद से कारों और डीजल-ट्रैक्टरों की मरम्मत का काम भी सीख लिया। संगीत से इकलौता ताल्लुक एक पुराने एक बैंड वाले रेडियो की मार्फत बचा हुआ था। काम से थके-हारे लौटने के बाद वही उनकी तन्हाई का साथी बनता।

जीवन के वे कठिनतम दिन हफ्ते, महीने और साल बनते चले गए, मेहदी हसन ने रियाज करना कभी न छोड़ा। दस साल इस तरह रियाज करते बीते तब जाकर 1957 में उन्हें रेडियो पर ठुमरी गाने का मौका हासिल हुआ। रेडियो पर पहली परफॉर्मेंस हो गई तब जाकर सालों बाद उन्हें अपने जैसे लोगों-संगीतकारों के साथ रहने को मिला। उन्होंने पाया कि पार्टीशन के बाद कला-संगीत को प्रश्रय देने वालों की तादाद लगभग समाप्त हो गई थी, जो भी बड़े गवैये और साजिंदे बचे थे, वे जस-तस अपना समय काट रहे थे। सत्ता की भी उनमें कोई दिलचस्पी न थी।

पच्चीस साल के अभ्यास में अपने जीवन का सबसे सुंदर समय लगा चुके मेहदी हसन इस नैराश्य को स्वीकार करने वाले नहीं थे। इस बीच उन्होंने संगीत के साथ-साथ कविता की भी गहरी समझ पैदा कर ली थी। बड़े उस्तादों की सैकड़ों गजलें उन्हें कंठस्थ थीं, जिनके शेरों को वे अक्सर दोस्तों के साथ अपनी बातचीत में इस्तेमाल किया करते थे। जिस रोज उस्ताद मेहदी हसन खान ने विशुद्ध क्लासिकल छोड़ गजल गायकी को अपना इलाका बनाने का अंतिम फैसला लिया होगा कायनात उस दिन खुश होकर नाची भी होगी।

यह शायरी के साथ उनकी गहरी शनासाई थी कि उन्होंने मीर, गालिब और फैज जैसे कविता के खलीफाओं को भी गाया और फरहत शहजाद, सलीम गिलानी और परवीन शाकिर जैसे अपेक्षाकृत नए नामों को भी। यह मानव सभ्यता द्वारा ईजाद की गई दो कला-विधाओं के चरम का एक साथ आना था। मेहदी हसन के यहां सुरों ने तमाम गजलों को नए मानी बख्शे और रदीफ-काफियों ने नई पोशाकें पहनीं। उनकी गायकी के बारे में कुछ कहना वैसा ही है जैसे पानी के बारे में बात करना। पानी और उसके तमाम नामों को सब जानते हैं। मेहदी हसन के पास बेहद लंबे और कभी न थकने वाले अभ्यास की मुलायम ताकत थी, जिसकी मदद से उन्होंने संगीत की अभेद्य चट्टानों के बीच से रास्ते निकाल दिए। पानी भी यही करता है।

# चीन की आर्थिक-कूटनीतिक दिशा पर नजर



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का थर्ड प्लेनम अभी दुनिया की चर्चा में है। उसकी सीमा से बाहर बैठे पॉलिसी मेकर्स की भी खासी दिलचस्पी है। अभी वहां बेरोजगारी सामान्य से ज्यादा है और अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र संकट का सामना कर रहे हैं। पूर्वी चीन सागर और दक्षिणी चीन सागर के अलावा भारत-चीन सीमा पर भी तनाव बना हुआ है। ऐसे में आगे की आर्थिक कूटनीतिक दिशा को लेकर चीन पर सबकी नजर है।

प्लेनम को हिंदी में 'पूर्णाधिवेशन' कहा जाता रहा है। अभी के शीर्ष चीनी नेता शी चिनफिंग को भी सबसे ज्यादा सन् 2013 में की गई उनकी थर्ड प्लेनम घोषणाओं के लिए ही याद किया जाता है। हालांकि इस बार इस कदमताल में इतनी देरी हो चुकी है कि और बातों से पहले यह विलंब ही दुनिया के लिए चकल्लस की चीज बन गया। कायदे से इसे अक्टूबर 2023 में हो जाना चाहिए था, लेकिन किसी न किसी बहाने टलते-टलते यह अपने तय समय से दस महीने बाद आयोजित हो पा रहा है। घड़ी की तरह चलने वाले चीनी पॉलिटिकल कैलेंडर को ध्यान में रखें तो यह देरी इतनी अटपटी है कि ढांचे के स्तर पर कुछ दिक्कतें पैदा हो जाने की अटकल भी कोई दूर की कौड़ी नहीं लग रही।

2023 में उसकी जीडीपी ग्रोथ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 19 ट्रिलियन डॉलर के करीब की उसकी विशाल अर्थव्यवस्था के लिए बुरी नहीं कही जाएगी, लेकिन जितनी ऊंची जीडीपी हम वहां देखते आए हैं, उसे देखते हुए यह काफी कम है। रीयल एस्टेट और एक्सपोर्ट का हाल बुरा बताया जा रहा है और उपभोक्ता सामानों का बाजार ठहरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या निवेश के स्तर पर देखी जा रही है। रोजगार पर आएं तो चीन की शहरी नौकरियों में 80 फीसदी निजी क्षेत्र से ही आती हैं। जाहिर है, प्राइवेट सेक्टर में निवेश का न आना वहां नए काम-धंधों और सेलरी ग्रोथ के आंकड़ों पर बुरा असर डाल रहा है। इस सिलसिले की शुरुआत को सीधे तौर पर कोरोना की बंदी से ही जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ भूमिका शी चिनफिंग की नीतियों की भी रही है।

दरअसल पिछले कुछ साल चीन में सस्ते कर्जे के दम पर खड़े हुए बहुत सारे धंधों के खिलाफ हर तरह की सख्ती के रहे हैं, जिसके बीच में आई कोरोना की महामारी ने इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाने दिया कि यह वहां एक नदी की धारा बदलने जैसा है। शी चिनफिंग के तौर-तरीकों में सफाई नहीं दिखती, लेकिन उनका नीतिगत नजरिया मोटे तौर पर साफ ही कहा जाएगा। नए चीन के प्रतीक पुरुष तंग श्याओफिंग की घोषित नीति थी- 'बिल्ली जब तक चूहे पकड़ती है तब तक इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह काली है या सफेद।' तात्पर्य यह कि देश में समृद्धि आए, लोगों में खुशहाली की उम्मीद जगे तो इसकी ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए कि कौन से तरीके इसके लिए अपनाने पड़ रहे हैं, लेकिन इस नीति पर चलते हुए 2015 आते-आते हाल ऐसा हो गया कि दोहरी कमाई वाले एक शहरी मिडल क्लास परिवार के लिए भी अपने अकेले बच्चे को ठीक-ठाक शिक्षा दिलाना और उसके संतोषजनक करिअर के बारे में सोचना काफी कठिन हो गया। एडवांस्ड सोशलिस्ट इकोनॉमी अमेरिका और यूरोप के अखबारों में सबसे ज्यादा आक्रोश तकनीकी के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ाए जा रहे चीनी निवेश को लेकर है, जो पूरब और पश्चिम की होड़ में पिछले पांच सौ वर्षों में पहली बार पूरब का पलड़ा भारी करने वाला साबित हो रहा है।

तंग श्याओफिंग सन् 2050 तक चीन में किसी तरह का लोकतांत्रिक समाज बना लेने की बात करते थे। इस तरह का कोई दिशा संकेत जब पार्टी कांग्रेसों में ही नहीं दिख रहा, लेकिन प्राइवेट सेक्टर और विदेशी पूंजी के लिए कानून और प्रशासन के स्तर पर आसानी पैदा करने के कुछ सुराग इसमें जरूर नजर आते हैं। अपनी राजनीतिक व्यवस्था को गोर्बाचेव के रूस वाली राह पर नहीं जाने देना है और औद्योगिक विकास को जापान की तरह अमेरिका का स्थायी पिछलग्गू नहीं बनने देना है, ये दो खूंटे इस प्लेनम के परिपत्र में साफ झलकते हैं। पश्चिमी हमले की जद में आने के क्रम में चीनी सत्ता यूक्रेन की लड़ाई को अपने लिए सांस लेने के मौके की तरह देख रही है और अर्थव्यवस्था की अड़चनों से जूझने के लिए आक्रामक राष्ट्रवाद को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की दृष्टि परिपत्र की भाषा में दिखाई पड़ रही है।

## सोशल फोरम

# शिक्षा का उद्देश्य

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का।

मनुष्यों में कुछ ऐसी बातें हैं, जो प्रायः सबमें पाई जाती हैं और कुछ ऐसी हैं जो खास-खास में ही पाई जाती हैं। मनुष्य सामान्यता और विशिष्टता का मेल है। कुछ गुण उनमें ऐसे होते हैं, जो सबमें पाए जाते हैं और कुछ गुण ऐसे होते हैं, जो केवल उन्हीं में पाए जाते हैं। शिक्षा अगर मनुष्य के अंतर्निहित गुणों का विकास है तो उनके सामान्य और विशिष्ट दोनों गुणों के विकास की व्यवस्था होनी चाहिए। मगर अभी की शिक्षा में क्या है? एक ही तरह का पाठ्यक्रम बनाकर रख दिया जाता है, जिसे विभिन्न प्रकार के लाखों बच्चों को पढ़ना पड़ता है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विद्यार्थियों में अगर उदासीनता, उच्छृंखलता, तनाव, कुंठा, आत्महत्या आदि की प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं तो उनका मुख्य कारण एक ही तरह का पाठ्यक्रम है। बच्चे हैं तरह-तरह के हैं और पाठ्यक्रम हैं एक तरह का। कुछ बच्चे गणित नहीं पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा, वरना अत्यंत मेधावी होते हुए भी वह फेल कर दिया जाएगा। जब ऐसा बच्चा फेल करेगा और भुसगोलाचार्य पास तो उस मेधावी बच्चे पर क्या असर होगा? वह या तो बदमाशी करेगा या पढ़ाई के प्रति उदासीन हो जाएगा या मानसिक रूप से रुग्ण होगा। कुछ न कुछ अशुभ ही होगा। क्या इसीलिए स्कूल और कॉलेज खुले हैं कि मनुष्य के भीतर छिपी बीमारियों को उभारा जाए?

निर्धारित पाठ्यक्रम मुट्ठी भर विद्यार्थियों के लिए आंशिक रूप से उपयोगी है। जितना उससे फायदा नहीं है, उससे अधिक नुकसान है। हर बच्चे के भीतर कोई न कोई गुण छिपा होता है, उसकी पहचान कर उसका विकास करना शिक्षा का काम है, जो हमारी शिक्षा नहीं कर रही है। -फेसबुक वॉल से

# जनता सब जानती है

विधानसभा के उपचुनाव आसन्न हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपने जाने पहचाने तेवर में आ जाना चाहिए। उन्हें किसी की परवाह करने की जरुरत नहीं है। क्योंकि वे अपने स्वभाव के प्रतिकूल इन दिनों पार्टी के भीतर बढ़ते असहज तनाव को झेल रहे हैं, उनके समर्थक निराश हो रहे हैं। मौजूदा हालात में योगी का कोई विकल्प नहीं है।

यह दोनों उप मुख्यमंत्रियों और आलाकमान को भी समझ लेना चाहिए। यदि वे सचमुच समझ नहीं पा रहे। यही जनता की आवाज है। इस समय योगी को फ्री हैंड दे दीजिए। आम जनता चाहती है कि योगी को फ्री हैंड मिले और वे खुलकर अपनी रणनीति पर जुट जाएं। योगी सतही राजनीतिक दुरभिसंधियां रचने वाले नेता नहीं हैं। उनका साफ सुथरा, ईमानदार और कठोर फैसलों के लिए जाना गया दृढ़ व्यक्तित्व है। किंतु आम जनता/मतदाता को यह लग रहा है कि उन्हें स्वच्छंदता के साथ काम करने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें कमजोर बनाने का षडयंत्र चलने की प्रतीति सी हो रही है। यह प्रदेश ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा के लिए ठीक नहीं है। भाजपा के कई नेतागण जिन्हें विगत सामान्य निर्वाचन में अपने विधानसभाई या लोकसभाई क्षेत्रों मे शर्मनाक हार मिली है, खुद अपनी जिम्मेदारी न मानकर एक ढाल की तरह अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। इसलिए भी आगामी विधानसभा चुनावों में उनका टिकट महफूज रहे। मगर याद रहे, जनता सब जानती है। जनता में यह सीधा संदेश जा रहा है कि योगी का साथ उनके सहयोगी ही नहीं दे रहे हैं। अब उन्हें चाहिए कि आगामी उपचुनावों के पहले सरकार के भीतरघातियों, खासकर मंत्रियों को चलता करें। सीधे इस्तीफा मांगे। फ्यूज हो चुके मंत्रियों की जवाबदेही ही नहीं उनसे इस्तीफे लिए जाएं। इससे जातीय समीकरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है और फिर उसी समुदाय के दूसरे तेज तर्रार जन प्रतिनिधियों को आगे क्यों न लाया जाए? प्राथमिकताओं की सूची में तत्काल मजबूत जनाधार वाले जन प्रतिनिधियों को चिह्नित कर आगे लाया जाए और फिर चुनाव की पूरी ताकत से तैयारी हो।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

योगी पर लगातार पड़ रहे अनावश्यक तनाव को देखकर उनके हितैषी यह तक सोच रहे हैं कि यदि स्थितियां उनके मनसा वाचा कर्मणा जन्य प्रयासों से नहीं संभलती तो उपचुनाव के लिए तैयारियों के बजाय वे कुछ समय गोरखनाथ मठ में तप के लिए चले जाएं। सब को अपनी हैसियत समझ में आ जाएगी। सारी दादुर धुनें शांत हो जाएंगी और फिर आकर भाजपा की नैया को किनारा दें। मोदी योगी के नाम पर सत्ता सुख भोग रहे नेताओं को आखिर कब सबक मिलेगा? कब तक जनता इनका बोझ अपने कंधे पर उठाए रहेगी? वे अपने को नकारा साबित कर चुके, पूरे फिसड्डी हैं, जबकि विपक्ष के नेतागण इन दिनों आत्मबल से लबरेज हैं। मिलजुल कर सधी रणनीति पर काम कर रहे हैं। भाजपा के वोटबैंक में सेंध काट रहे हैं और प्रदेश के मंत्रीगण बयानबाजी और पैतरेबाजी में लगे हुए हैं।

# धर्म और ईश्वर

वैदिक काल में सबकी आदतें, सबके रस्म-रिवाज और सबके धर्म एक-दूसरे को प्रभावित करने लगे। अचरज तो यह रहा कि विशाल जनता ने, अधिकांश ने, उन बातों को अपना लिया जो बातें द्रविड़-समाज में भी प्रचलित थीं अथवा जो रिवाज अन्य आर्येतर जातियों के लोगों में चले आ रहे थे। हिन्दू-धर्म और हिन्दू-संस्कृति का आज जो रूप है, उसके भीतर बहुत-सी रीतियां और बहुत-से अनुष्ठान ऐसे हैं, जिनका उल्लेख वेदों में नहीं मिलता। साफ है उनका विकास आर्यों के आने के बाद आर्य और आर्येतर, दोनों संस्कृतियों के मेल से हुआ है।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी का तो यहां तक कहना है कि हिन्दू-संस्कृति के आधे से अधिक उपादान आर्येतर संस्कृतियों से आए हैं। शैव धर्म को ही ले। शैव धर्म अपने मूल में, प्राग्वैदिक धर्म है, यह अनुमान इससे भी बल प्राप्त करता है कि पुराणों में सर्वत्र शंकर असुरों के पक्षपाती बताए गए हैं। वाणासुर के समान रावण को भी शंकर का वर प्राप्त था। प्रायः सारे के सारे दैत्य पुराणों में शैव दिखाए गए हैं। इस परंपरा का सबसे युक्तियुक्त अर्थ यही हो सकता है कि शंकर आर्येतर देवता थे और आर्य ऋषियों ने उन्हें स्वीकार किया। दक्षिण भारत में शिव तथा उमा के साथ उनके पूरे परिवार की, कार्तिकेय और गणेश दोनों भाईयों की पूजा भी बड़े ही उत्साह से की जाती है। द्रविड़ों के यहां यौवन, युद्ध और वीरता के देव मुरुकन है।

डॉ. भंडारकर के अनुसार प्राचीन काल में वैष्णव धर्म, मुख्यतः तीन तत्वों से उत्पन्न हुआ था। पहला तत्व तो यह विष्णु नाम ही है, जिसका वेद में उल्लेख, सूर्य के अर्थ में मिलता है। दूसरा तत्व नारायण-धर्म का है, जिसका विवरण महाभारत के शांतिपूर्व के नारायणीय उपाख्यान में है और तीसरा तत्व वासुदेव मत का है, जो वासुदेव नामक ऐतिहासिक पुरुष के इर्द-गिर्द विकसित हुआ था। इन तीन तत्वों ने एक होकर वैष्णव धर्म को उत्पन्न किया, लेकिन उसमें कृष्ण के ग्वाल रूप की कल्पना और राधा के साथ उनके प्रेम की कथा बाद में आई और ये कथाएं, शायद आर्येतर जातियों में प्रचलित थीं। बहुत प्राचीन काल में नर नामक अपने मित्र के साथ नारायण ऋषि बदरी नाथ में रहते थे और नारद उन दोनों की सेवा करते थे। इसी कारण बदरीनाथ को नारदीय क्षेत्र भी कहते है। नारद ने यहीं पांचरात्र-मार्ग का प्रवर्तन किया, जिसके आराध्य नारायण ऋषि थे। यही मार्ग विकसित होकर वैष्णव धर्म हुआ, जिसमें वासुदेव और संकर्षण, लक्ष्मी और नारायण, राम और सीता, कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है।

## एक नजर

### चाचा ने भतीजे पर किया हसिए से प्रहार, रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** भाइयों के झगड़े के दौरान बड़े भाई ने बीच बचाव कर दिया। इससे नाराज होकर एक भाई ने भतीजे पर हसिए से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। घायल के पिता ने सगे भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। भीमपुर निवासी वीरपाल ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 4 बजे उसके भाई मनोज और छोटे लाल में झगड़ा हो रहा था। उसने दोनों को छुड़ा दिया,इससे छोटेलाल नाराज हो गया और उसने उसके बेटे विवेक पर हसिए से प्रहार कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकला

**भमोरा, अमृत विचार :** ससुरालियों ने दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। भमोरा के ग्राम नौरंगपुर निवासी रानी ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले थाना क्षेत्र के गांव कटका रमन निवासी मुकेश से हुई थी। शादी के कुछ समय बात तक ठीक रहा, इसके बाद ससुराली दहेज के लिए मारपीट करने लगे। गुरुवार को पति मुकेश, ताऊ कृष्णपाल, देवर नवनीत ने एक राय हो 50 हजार रुपये की मांग करते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रानी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की बात कही।

### युवतियों से छेड़खानी के मामले में छह पर रिपोर्ट

**फरीदपुर अमृत विचार :** रिश्तेदारी में जा रही युवतियों से छेड़खानी और मारपीट के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़िता ने बताया कि वह मंगलवार को बहन के साथ नानी के घर जा रही थी, रास्ते में पप्पू नासरी, कामरान, अतीक, अहसान, आदिल, आजम, निवासी मोहल्ला मिर्धान कस्बा ने उन दोनों से अभद्रता करते हुए गाली देते हुए छेड़खानी की विरोध करने पर मारपीट करने लगे। दोनों ने भागकर जान बचाई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शिविर में दिव्यांग बच्चों के बनाए गए प्रमाण पत्र

**बहेड़ी, अमृत विचार :** प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। करीब 50 छात्र शिविर में पहुंचे, जिनमें से बरेली से आई डॉक्टरों की टीम ने 27 बच्चों के प्रमाण पत्र जारी किए। 23 बच्चों को जांच के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार एवं विशेष एजुकेटर पवन पांडे और अनिल मलिक ने भी सहयोग किया।

### लापरवाही बरतने पर लेखपाल निलंबित

**आंवला,अमृत विचार :** लेखपाल के खतौनी में त्रुटि करने और काम में लापरवाही बरतने पर एसडीएम ने नाराजगी व्यक्त की उन्होंने लेखपाल को निलंबित कर तहसीलदार को जांच सौंपी है। एसडीएम आंवला नहने राम ने बताया कि न्यायालय नायब तहसीलदार आंवला में प्रक्रियाधीन दाखिल खारिज वादों में बरेली डेयरीज लिमिटेड इस्माइलपुर का दाखिल खारिज आदेश समयान्तर्गत पारित न होने के कारण इस्माइलपुर हल्का लेखपाल कुमारी पिंकी ने खतौनी में त्रुटिपूर्ण करने और लापरवाही के चलते निलंबित किया गया है।

### मजदूरी के पैसे मांगने पर ठेकेदार ने पीटा

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** मजदूरी के रुपये मांगने गए ग्रामीण को ठेकेदार ने पीट दिया, पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बिशारतगंज के गांव बलेई भगवंतपुर निवासी चेतराम ने बताया कि गांव का एक युवक खेत वालों से ठेका लेकर गांव के लोगों से मजदूरी पर धान की रोपाई करवाता है। जिसमें उसकी पुत्री और उनके भाई राजेश की दो पुत्रियां रोपाई करने गई थी। जब राजेश पुत्रियों की मजदूरी मांगने गए तो उसने रुपये देने में आना कानी करते हुए अपने भाई को बुला लिया और दोनों ने राजेश से मारपीट की। पुलिस ने भूपेंद्र और उसके भाई पन्नालाल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### मारपीट में तीन दिन बाद चार लोगों पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** ताजिए को लेकर बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद बड़ों में मारपीट हो गई ।जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला तेली अनुपुरा निवासी साजिद हुसैन ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि तीन दिन पहले रात 11 बजे ताजिया को लेकर बच्चों में कहासुनी हो गई थी। जिसका रात में ही समझौता हो गया था। अगले दिन सुबह 8 बजे मोहल्ला तेली अनुपुरा बारह शाह वाली मस्जिद के समीप रहने वाले जाकिर, समीर, राहिल, साहिद हुसैन लाठी, डंडे, सरिया, लेकर उसके घर में घुस आए और मारपीट की। जिसमें उसका भाई समर, इरशाद, चाचा मेहंदी हसन घायल हो गए।

# पिता के साथ मछली पकड़ने गया बच्चा नदी में डूबा, मौत

## आठ घंटे बाद घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर मिला शव

संवाददाता, बरेली/ बिथरी चैनपुर



नकटिया नदी में बच्चे की तलाश करते गोताखोर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पिता के साथ नकटिया नदी में मछली पकड़ने गया बच्चा पैर फिसलने से डूब गया। पुलिस, एनडीआरएफ और गोताखोरों ने करीब 8 घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव करीब एक किलोमीटर दूर बरामद किया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया है।

बारादरी के जगतपुर गौटिया निवासी आरिफ उर्फ मुन्ना ने बताया कि वह वर्तमान में थाना कैंट क्षेत्र के गांव मोहनपुर ठिरिया में अपनी ससुराल में किराये पर रहता है। मोहर्रम पर वह जगतपुर में परिवार सहित आए थे। वह शुक्रवार सुबह अपने आठ साल के बेटे हसनैन उर्फ आरफ के साथ डोहरा पुल के पास नकटिया नदी में मछली मारने गए थे। इसी दौरान आरफ का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उन्होंने बेटे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन अधिक गहराई और तेज बहाव के कारण सफल नहीं हो सके। उन्होंने रिश्तेदार अतीक और पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर रामगंगानगर चौकी पुलिस भी पहुंची और एनडीआरएफ को बुलाया। काफी देर तक एनडीआरएफ ने तलाश की लेकिन नहीं पता चला तो प्राइवेट गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों ने करीब 8 घंटे बाद बच्चे का शव मिल सका। हसनैन उर्फ आरफ की मौत के बाद आरिफ उर्फ मुन्ना और उनकी पत्नी गुड़िया का रो-रोकर बुराहाल है। आरिफ फर्नीचर बनाने का काम करते हैं।

### किशोर की तालाब में डूबने से मौत

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज के गांव सैजना में शुक्रवार शाम को एक किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सैजना निवासी जयवीर सिंह जाटव का बेटा विजेंद्र (11) बकरी के लिए चारा काटने खेत पर जा रहा था। रास्ते में पैर फिसलने के दौरान वह तालाब में डूब गया और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने शव को तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। ग्राम प्रधान सोमपाल गंगवार ने बताया कि जयवीर सिंह के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

# जिले में आज लगेंगे 44.72 लाख पौधे, नोडल अधिकारी ने की समीक्षा



पौधारोपण अभियान की समीक्षा करते नोडल अधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में शनिवार को 44.72 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। खाद्य एवं रसद आयुक्त लखनऊ सौरभ बाबू को बरेली जिले का नोडल अधिकारी बनाया गया है। शुक्रवार को पौधरोपण अभियान को लेकर नोडल अधिकारी ने विकास भवन सभागार में पौधरोपण समिति में शामिल सभी विभागों के अधिकारियों साथ बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

डीसी मनरेगा ने बताया कि सबसे ज्यादा पौधरोपण बिथरी चैनपुर और भरतौल में किया जाना है। नोडल अधिकारी ने समय से जियो टैगिंग का काम शुरू कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि बीते साल पुलिस और नगर निगम ने जो पौधे लगाए थे, उनकी जीवित दर सबसे कम रही। उन्होंने कहा कि पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिले में वन विभाग को 6,36,900 पौधरोपण व अन्य विभागों को 36,36,080 पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है। मुख्य वन संरक्षक विजय सिंह ने मिशन छाया, हर घर तुलसी, सहजन के पौधों का रोपण के बारे में जानकारी दी। बैठक कार्बन उत्सर्जन को अवशोषित करने वाले पौधों लगाने वाले किसानों को आर्थिक लाभ देने के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि 'एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण जरूर करें। जिसकी सेल्फी लेकर मेरी लाइफ नाइस डॉट इन पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। सीडीओ जग प्रवेश, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश आदि मौजूद रहे। शनिवार को मुख्य आयोजन रामगंगा नगर योजना के ब्रह्मपुत्र ब्लॉक के पार्क में सुबह 10 बजे से होगा, जिसमें वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार मुख्य अतिथि होंगे।

# मायके से लौट रही महिला की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, फरीदपुर

● बच्चों के साथ शाहजहांपुर गई थी महिला, लौटते समय हादसा

**अमृत विचार :** फरीदपुर की महिला शाहजहांपुर मायके से ताजिया देखकर बच्चों के साथ ससुराल वापस आ रही, रास्ते में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया, शुक्रवार देर शाम उसे सुपुर्दे खाक कर दिया।

नसीम बानो (48) पत्नी परवेज आलम निवासी मोहल्ला में फर्रखपुर बच्चों के साथ तीन दिन पहले मायके में ताजियों का मेला देखने के लिए गई थी। शुक्रवार सुबह 6:20 वाली ट्रेन से फरीदपुर आने के लिए शाहजहांपुर प्लेटफार्म नंबर 3 पर ट्रेन पर चढ़ रही थी, पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे चली गई, जिससे उनकी मौत हो गई ।

### रेलवे ट्रैक पर मिला शव नहीं हुई शिनाख्त

फरीदपुर में रेलवे ट्रैक पर पुलिस को एक अधेड़ का शव मिला। मौके पर पहुंचे लोगों से पुलिस ने पहचान कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी अंत में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेज दिया। स्टेशन मास्टर के मेमो पर नवदिया अशोक के निकट रेलवे ट्रैक अप लाइन पर पुलिस ने अज्ञात अधेड़ का शव बरामद के करीब बताई गई है मौके पर पहुंचे लोगों से पुलिस ने सब की पहचान कराने का पूरा प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी अंत में पुलिस ने सब का पंचनामा भर पोस्टमार्टम भेज दिया।

# देवरनियां में मिला दिव्यांग का शव

**देवरनियां,अमृत विचार :** रिछा रेलवे स्टेशन के पास खाई में एक दिव्यांग युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर एसपी उत्तरी और सीओ बहेड़ी ने पहुंचकर मुआयना किया । पुलिस ने शव पहचान कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शुक्रवार देर शाम 9 बजे राहगीरों ने रेलवे स्टेशन के पास खाई में एक युवक का शव पड़ा देखा। राहगीरों की सूचना पर मकसूदनपुर के ग्राम प्रधान फय्याज हुसैन ने देवरनियां पुलिस को सूचना दी । इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा, इंस्पेक्टर क्राइम विकास कुमार और रिछा चौकी इंचार्ज श्रीषचन्द्र यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान कराई। देवरनियां कोतवाली क्षेत्र के गांव पुरैनाताल निवासी चौधरी धीर सिंह के यहां रहने वाले बौरा (30)के रुप में मृतक की शिनाख्त हुई।

# घंटे भर में ही फुंक गए दो ट्रांसफार्मर, फिर अंधेरा

संवाददाता शेरगढ़



● ट्रांसफार्मर खराब होने से एक सप्ताह से परेशान हैं ग्रामीण

**अमृत विचार :** शेरगढ़ के गांव गहलुइया में एक सप्ताह पहले फुंके दो ट्रांसफार्मरों को गुरुवार को बदला गया था, जो एक घंटे बाद ही फुंक गए। इस तरह आधे गांव की आबादी एक बार फिर अंधेरे में डूब गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से अति शीघ्र ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है।

गांव गहलुइया में विद्युत आपूर्ति के लिए चार ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, दो ट्रांसफार्मर सात दिन से जले पड़े थे। ग्रामीणों की मांग पर गुरुवार देर शाम को बदला गया था, जो एक घंटे में फुंक गया। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर भीषण गर्मी का सितम है तो दूसरी ओर बिजली आपूर्ति में ट्रांसफार्मर अवरोधक बन रहे हैं। जेई विक्रम सिंह ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर के लिए एक बार फिर मांग की गई है अति शीघ्र विद्युत ट्रांसफार्मरों की व्यवस्था कर गांव में बिजली आपूर्ति सुचारू की जाएगी। बिजली कटौती से गांव नगरिया कलां ,बैरम नगर, कबरा किशनपुर, रम्पुरा, सलपुरा समेत तमाम गांवों के लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। लगातार बिजली कटौती से लोगों के मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहे है।

# सड़कों के गड्ढे कांवाड़ियों को देंगे दर्द

संवाददाता, नवाबगंज



बारिश के बाद टूटी सड़क पर फैली गिट्टी। ● अमृत विचार

● फैजुल्लापुर सेंथल मार्ग का दो किमी हिस्सा हुआ खस्ताहाल

**अमृत विचार :** बीते सप्ताह बारिश के दौरान आए बाढ़ के पानी ने देहात की जो सड़के पहले ही गड्ढे में तब्दील थीं उनकी हालत को और भी खस्ता कर दी है। हालत यह है इन मार्गों पर एक से डेढ़ फुट के गड्ढे हो गए हैं। सड़कों के गड्ढे बढ़ने से राहगीरों को तो परेशानी का सामना करना ही पड़ रहा है। अब इस टूटी सड़क से कांवड़िए निकलेंगे तो उन्हें सड़कों पर फैली गिट्टी चुभेंगी।

बरेली -पीलीभीत हाईवे का लिंक मार्ग राजघाट औरंगाबाद का करीब आधा किमी का हिस्सा (उच्च प्राथमिक विद्यालय से ओसवाल शुगर मिल तक) लगभग ध्वस्त हो चुका है। यहां से जहां औरंगाबाद के कांवड़ियों का पैदल गुजरना दुरूह होगा तो इसी मार्ग से नौवानगला को जाने वाला मार्ग भी खस्ता हाल हो गया है जिसके चलते नौवानगला, मुड़िया भीकमपुर और रसूला कमरूलनिशां के कांवड़ियों को चार किलोमीटर पथरीले मार्ग से गुजरना होगा। इसके साथ ही हाईवे से निकले फैजुल्लापुर सेंथल मार्ग का भी करीब दो किमी मार्ग खस्ताहाल है। यहां से पैदल तो दूर दो पहिया वाहन से निकलना भी दुरूह है। ऐसे यहां के कावड़ियों को जल लाने के दौरान इन पथरीले रास्तों से होकर गुजरना होगा। हरहरपुर मटकली का मुख्यमार्ग खराब होने के चलते यहां से होकर गुजरने वाले पंडरी, भौआनगला, कमुआ, संतोषपुर, प्रेमपुर के साथ ही आधा दर्जन से अधिक गांवों के कांवड़िए यहां से होकर गुजरते है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे किए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● थाना बिथरी चैनपुर में कुआंडांडा मोड़ के पास हुई मुठभेड़

**अमृत विचार :** थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने कुआंडांडा मोड़ के पास मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना बिथरी चैनपुर इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि रात में गश्त के दौरान कुआंडांडा मोड़ के पास नवदिया झादा के पास बोलेरो को रोकने का इशारा किया तो आरोपियों ने बोलेरो भगा दी। आरोपी पुरनापुर जाने वाले खड़ंजे पर मुड़ गए और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमें बारादरी थाना क्षेत्र के नवादा शेखान निवासी संजय मौर्या और भमोरा थाना क्षेत्र के गांव देवचरा निवासी जलालुद्दीन उर्फ राजा गोली लगने से घायल हो गए। दोनों के पास से 315 बोर के दो तमंचे, दो खोखा, चोरी के 10 टायर, 15 हजार रुपये और बोलेरो कार बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 1 जुलाई को भमोरा के देवचरा में एक घर में चोरी की थी। 8 को बिथरी चैनपुर क्षेत्र में महिला के कान से कुंडल खींचे थे। 17 को बिथरी चैनपुर क्षेत्र में टायर की एक दुकान से टायर चोरी किए थे। संजय मौर्या पर थानों में 22 मुकदमे दर्ज हैं और जलालुद्दीन के खिलाफ 13 मुकदमे पंजीकृत हैं।



घायल बदमाश।

# जनसुनवाई में लापरवाही थाना प्रभारियों पर पड़ेगी भारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● एसएसपी ने शाही, हाफिजगंज बिशारतगंज और फतेहगंज पूर्वी के थाना प्रभारियों को दी चेतावनी

**अमृत विचार :** थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनने के बजाय उन्हें टरकाने वाले चार थाना प्रभारियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने चेतावनी जारी की है। चारों पर जल्द कार्रवाई हो सकती है।

एसएसपी ने थानों में जनसुनवाई अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए थे, 15 दिन पर जिले के सभी थानों में आने वाली शिकायतों और कार्यालय में आने वाले शिकायतों का समीक्षा करा रहे हैं। जिसमें 1 से 16 जुलाई तक थाना फतेहगंज पूर्वी में 31, थाना शाही में 32, थाना हाफिजगंज में 40 और थाना बिशारतगंज में महज 49 फरियादियों को सुना गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चारों थाना प्रभारियों और जनसुनवाई अधिकारियों को भविष्य में सुधार करने की चेतावनी दी है। वहीं थाना सीबीगंज में 178, बहेड़ी में 161, भुता में 135, नवाबगंज में 122 और अलीगंज में 115 शिकायतों की सुनवाई की गई। इन थानों के जनसुनवाई अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र जारी किया गया।

**दो थानों की सबसे ज्यादा शिकायतें:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 1 से 16 जुलाई तक थाना बारादरी क्षेत्र के 159 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जबकि थाने में सिर्फ 109 लोगों की सुनवाई की गई। इज्जतनगर क्षेत्र से 120 लोग शिकायत करने पहुंचे। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर कर सुधार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने क्षेत्राधिकारी तृतीय अनिता चौहान को निर्देश दिए कि बारादरी और इज्जतनगर थाने में रोजाना एक बार भ्रमण करेंगी और यह सुनिश्चित कराएंगी कि जो भी फरियादी थाने पर शिकायत लेकर आए उसकी शिकायत जनसुनवाई के अन्तर्गत रजिस्टर में दर्ज कर तुरंत जांच कराई जाए।

### छह थानों की 1579 शिकायतें पहुंची कार्यालय

थाना कोतवाली, प्रेमनगर, कैंट, सुभाषनगर, हाफिजगंज, भोजीपुरा और फरीदपुर पर प्राप्त जनसुनवाई के दौरान 75 प्रतिशत से अधिक संख्या में शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान पहुंचे हैं। इन 16 दिन में सभी थानों में 2372 प्रार्थना पत्र जनसुनवाई रजिस्टर में दर्ज किए गए, जबकि पुलिस कार्यालय में 1579 शिकायतकर्ता पहुंचे हैं। इसमें अभी सुधार की जरूरत है।

### घरेलू विवाद को परामर्श केंद्र भेजा जाए

एसएसपी ने साफ किया कि पति-पत्नी समेत घरेलू विवादों को थाना प्रभारी दोनों पक्षों को पुलिस कार्यालय न भेजकर परिवार परामर्श केंद्र के लिए प्रार्थना पत्र डाक के माध्यम से भेजें। परिवार परामर्श केंद्र से निर्धारित तिथि पर दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह-समझौते का प्रयास किया जाए। यदि पीड़िता प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कराना चाहती है तो जांच कराकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने में देरी न करें।

> जनसुनवाई के दौरान जिन थाना प्रभारियों की लापरवाही सामने आई है। उन्हें चेतावनी दी गई है। अगर भविष्य में सुधार नहीं होता है तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

### फ्रीजर में करंट उतरने से बच्चे की मौत

**शीशगढ़ , अमृत विचार :** शीशगढ़ निवासी होटल संचालक के बेटे को एक दुकान के सामने लगे फ्रीजर से पानी पीते समय करंट लगने से मौत हो गई। अलकमर (9) पुत्र सुराज अहमद निवासी मोहल्ला बहेड़ी बस अड्डा। सुराज अहमद ने बताया कि दोपहर लगभग 2.30 बजे बेटे ने होटल से बिरयानी खाई, इसके बाद पड़ोस की दुकान के सामने लगे फ्रीजर से पानी पीने लगा। इसी दौरान उसे करंट लगा और वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। तुरन्त इलाज के लिए कस्बे के निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया. ।परिजनों को सांत्वना देने चेयरमैन पति हाजी गुड्डू, भाजपा नेता वसीम अकरम आदि मृतक किशोर के घर पहुंचे।

## सार-संक्षेप

### गौरीशंकर शिवधाम का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**गुलड़िया, अमृत विचार :** गुलड़िया गौरी शंकर शिव धाम मंदिर पर शुक्रवार को एसडीएम नहनेराम और सिरौली इंस्पेक्टर लव सिरोही ने पहुंचकर मंदिर कमेटी के साथ बैठक की। सावन माह के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए कोई परेशानी न हो इसे लेकर मंदिर कमेटी से चर्चा की गई। मंदिर से लेकर रोड तक बैरिकेडिंग करने के लिए कहा गया, जिससे किसी भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो और महिलाएं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगाकर जलाभिषेक कराया जाएगा और सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए।

### एमआर से हुई लूट की एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज के गांव अभयराजपुर निवासी अंकित गंगवार ने बताया कि वह तीन जुलाई को वार नवादा से अपने गांव आ रहा था। जिगनिया भगवंतपुर और उसके गांव अभयराजपुर के बीच पड़ने वाली झाल के पास बाइक सवार तीन लोगों ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया। इसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट की। उसकी मोबाइल और जेब में रखे पांच हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। उसने घटना की सूचना थाने पर दी तो पुलिस ने उसका मेडिकल तो कराया पर आगे कोई कार्रवाई नहीं की। अंकित ने मामले में गुरुवार को एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। उनके निर्देश पर नवाबगंज पुलिस ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसएचओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि अंकित ने थाने पर उसके साथ लूट की कोई सूचना नहीं दी, सीधे एसएसपी के यहां शिकायत की। मामला पेड़ की बिक्री को लेकर चल रही रंजिश का है। जांच की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

### गुरु पर दृढ़ विश्वास रख चिंताओं को दूर भगाएं



**बरेली, अमृत विचार :** दिव्यानंद योग साधना समिति की ओर से भोजीपुरा में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु स्वामी देवेंद्र मोहन ने बताया कि सावन प्रकृति के श्रृंगार का समय है। ईश्वर ने जिस उद्देश्य के साथ हमें धरती पर भेजा है, हमें उसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। उसके बाद हमारे कर्मों के परिणाम हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु का काम हमारी कर्मगति को सही दिशा देना है। उनका ज्ञान हमारी आतंरिक ऊर्जा को नियंत्रित करने का मार्ग बताता है। हमें अपने सभी कार्यों को प्रभु का ध्यान करते हुए करना चाहिए। कहा कि हम चिंताओं का भार अपने सिर पर लिये घूमते हैं। हमें अपने आप से पूछना होगा कि क्या हमें गुरु पर भरोसा नहीं है, जिन्होंने हमारे हर क्षण की जिम्मेदारी ली हुई है। मोहन स्वरूप, शंकर लाल, रोशन लाल, वेद प्रकाश, प्रदीपा, सुमन, महेश आदि उपस्थित रहे।

### तैलिक साहू-राठौर महासभा से दिया मदद का आश्वासन

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के चनेहटा से 27 जून को अपहरण करके ले जाई गई किशोरी की हावड़ा में ट्रेन से धक्का देकर हत्या कर दी गई थी। शुक्रवार को मृतका के शुद्धी हवन कार्यक्रम में भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश प्रमुख महामंत्री आनंद नारायण साहू के नेतृत्व में संगठन के तमाम पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल सम्मिलित हुआ। पीड़ित परिवार को सांत्वना देकर दुख बांटते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष चिंतामणि राठौर, जिला उपाध्यक्ष सेवाराम राठौर, विक्रांत साहू, अमर सिंह राठौर, तरुण राठौर, सतीश राठौर समेत दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। चनेहटा निवासी वीरेन्द्र राठौर की नाबालिग पुत्री वैष्णवी को गांव का ही शेखर मौर्य 27 जून को बहला-फुसला कर ले गया था। और हावड़ा में चलती ट्रेन से धक्का देकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को अपहरण और हत्या के मामले में जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने कैंट के लखौरा निवासी निजाम को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### गोवंशायी पशु का वधकर खेत में छोड़े अवशेष

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** मांस तस्कर गुरुवार रात क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव धिमरी में एक खेत में गोवंशीय पशु का वध करके मांस ले गए, जबकि अवशेष वहीं छोड़ गए। किसान शुक्रवार सुबह जब पहुंचा तो वहां कुत्ते और कौए अवशेषों को नोच रहे थे। जानकारी मिलने पर भाजपा नेता ने पुलिस अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट करके कार्रवाई की मांग की । ग्रामीणों ने बताया कि रात 12 :00 बजे एक कार में चार- पांच लोग घूम रहे थे, आशंका है वहीं लोग इसमें शामिल हो सकते है। धीमरी गांव के ही युवा मोर्चा कार्यकर्ता केपी गंगवार के सूचना देने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जानकारी होने पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सूरज राठौर ने पुलिस अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट करके शिकायत की। थाना प्रभारी परमेश्वरी ने बताया कि गन्ने के खेत में गोवंशीय पशु की हत्या नहीं हुई, न ही गन्ना टूटा हुआ है, एक जगह खून जमा था, थोड़ा सा मांस भी मिला है, यह किसी शरारती तत्व का काम है, अवशेषों को दफन कराया गया।

### पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ ने किया विरोध प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ (पीआरएसएस) की ओर से समस्याओं को लेकर इज्जतनगर यांत्रिक कारखाना गेट पर विरोध प्रदर्शन किया गया। मंडल संरक्षक ओपीएन तिवारी ने कहा कि हम साल 2004 से एनपीएस का विरोध कर रहे हैं, लेकिन रेलवे में मान्यता प्राप्त दोनों फेडरेशनों ने सरकार के साथ मिलकर एनपीएस को लागू कराया। केंद्रीय उपाध्यक्ष जेएस भदौरिया ने कहा कि रेलवे हर साल कॉलोनियों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, इसके बावजूद 70 प्रतिशत से अधिक रेल आवास रहने योग्य नहीं हैं। जर्जर आवासों की मरम्मत को कर्मचारी आईओडब्ल्यू कार्यालय के चक्कर लगाते-लगाते परेशान हैं। आरोप लगाया कि इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से केवल बड़े पदों पर आसीन कर्मचारियों के आवासों की की मरम्मत करवाई जा रही है। छोटे कर्मचारियों के जर्जर आवास कभी भी गिर सकते हैं। कहा कि जल्द ही अधिकारियों का घेराव कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मंडल मंत्री सूरज मल मीणा ने कहा कि इज्जतनगर रेलवे मंडलीय अस्पताल दलाली का केंद्र बन गया है। नंदन सागर, दलसिगार यादव, रविंद्र यादव, वसीम मियां, रविंद्र कुमार, धन कुमार पासवान, रुद्र प्रताप, चंदन रावत, सोमूल शर्मा, विवेक शर्मा, आशाराम मीना, रामप्रसाद, नीरज भास्कर, अरविद भदौरिया, विभूति यादव, रोहित कुमार, विनोद शर्मा, अजय कन्नौजिया, त्रिभुवन यादव आदि उपस्थित रहे।

### गन्ना विकास परिषद मीरगंज में ग्रामवार सर्वे आज से

**मीरगंज, अमृत विचार :** ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय कुमार राव ने बताया कि शनिवार से ग्रामवार सर्वे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान अपने सर्वे सट्टा प्रदर्शन के दौरान मोबाइल नंबर, बैंक खाता, बेसिक कोटा, गन्ना और कुल कृषि योग्य भूमि आदि का परीक्षण स्वयं कर लें और त्रुटि की दशा में मौके पर ही संबंधित गन्ना पर्यवेक्षक को संशोधन के लिए अभिलेख और प्रार्थना पत्र देकर मौके पर ही संशोधन करा लें। सर्वे 20 जुलाई से 30 अगस्त तक चलेगा। इसके साथ ही किसानों से घोषणा पत्र ऑनलाइन अनिवार्य रूप से वेबसाइट पर भरा जाएगा। जिन किसानों का घोषणा पत्र नहीं भरा जाएगा तो वर्ष 2024 25 में उनका सट्टा संचालित किया जाना संभव नहीं होगा। गन्ना समिति के लिए सदस्य एवं उपज बढ़ोतरी के आवेदन 30 सितंबर 2024 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। नई समिति सदस्य ऑनलाइन पंजीकरण के साथ संबंधित गन्ना पर्यवेक्षक से सत्यापन के उपरांत चार दिनों के भीतर समिति कार्यालय में 221 रुपये जमा करके रसीद प्राप्त कर लें।

### आरटीई के तहत पढ़ रहे बच्चों के प्रवेश लें: बीईओ

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सिंह ने क्षेत्र के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी ने यू डाइस के बारे में विस्तार से जानकारी दी, साथ ही प्रेरणा पोर्टल पर सभी लोग अपने बच्चों के नाम चढ़ाए। यू डाइस पर ही सभी विद्यालय बच्चों को प्रमोट करें, साथ ही आरटीई के तहत पढ़ रहे बच्चों के तत्काल प्रवेश ले जिन लोगों ने प्रवेश नहीं लिया है उन्हें तत्काल प्रवेश लेने का आदेश दिया ।सभी प्रबंधकों से राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाने का आदेश दिया हैं, इसके साथ ही स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन करने पर जोर दिया। बैठक में प्रधानाचार्य महेश चंद्र गंगवार, नजमुल हसन अंसारी, देवेंद्र पाल गंगवार, हीरालाल गंगवार, शाहिद अहमद , वीरेंद्र सिंह समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह विवि के पूर्व कुलपति और उनके ट्रस्ट की 3.21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने की कार्रवाई, बरेली कॉलेज के रह चुके हैं प्राचार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचारः** ईडी लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू), मेरठ के पूर्व कुलपति प्रो. आरपी सिंह और उनके आरपी सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट की 3.21 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है।

कुर्क की गई संपत्तियां संस्थागत भूमि और दो मंजिला आवासीय भवन के रूप में हैं, जो बदायूं और बरेली जिलों में स्थित हैं। वह बरेली कॉलेज के प्राचार्य भी रह चुके हैं। ईडी ने आरपी सिंह और अन्य के खिलाफ उप्र. सतर्कता, मेरठ सेक्टर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। उप्र. सरकार के सतर्कता विभाग ने प्रो. सिंह के खिलाफ स्वतंत्र जांच की थी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके आधार पर उन्हें 2003 से 2005 की अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं का दोषी पाया गया था। सीपीएमटी प्रवेश परीक्षा-2004 के आयोजन में अनियमितता, सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति और विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को संबद्धता प्रदान करने के आरोप लगे थे। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन पर विभिन्न अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

ईडी की जांच से पता चला है कि प्रो. सिंह ने सीसीएस यूनिवर्सिटी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त रहे, विश्वविद्यालयों की कई प्रक्रियाओं और मानदंडों का उल्लंघन किया, जिससे सरकार को 3.64 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया और अपराध अवधि के दौरान कई संपत्तियां अर्जित की। ईडी अधिकारियों के मुताबिक जब्त की गई संपत्तियां अपराध अवधि के दौरान और उसके तुरंत बाद अर्जित की गई हैं, जिसका कुल मूल्य 3.21 करोड़ है।

### सीसीएसयू के कुलपति पद से बर्खास्त हुए थे आरपी सिंह

सीसीएसयू में 2 मार्च 2003 को प्रो. आरपी सिंह ने कुलपति बने थे। कैंपस में वैसे तो तमाम कुलपतियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, लेकिन प्रो. आरपी सिंह के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया था। तमाम शिकायतें राजभवन से लेकर राष्ट्रपति तक पहुंचीं तो जांच शुरू हुई थी। उच्च स्तरीय जांच में प्रो. आरपी सिंह द्वारा करोड़ों रुपये की घूस लेकर डेढ़ सौ से ज्यादा बीएड एवं दूसरे सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों को गलत तरह से मान्यता देने की बात सामने आई। आरपी सिंह के कार्यकाल में भवनों के ठेकों में भारी घपले हुए। नियुक्तियों में अनियमितताएं हुईं। सीपीएमटी की प्रवेश परीक्षा में अपने चहेते शिक्षक प्रो. हरेंद्र सिंह बालियान को एडवांस में एक करोड़ 40 लाख रुपये का पेमेंट करा दिया गया।

# गोंडा रेल हादसाः बोगी के नीचे मिला चौथे रेलयात्री का शव

संवाददाता, मनकापुर

- 800 कर्मचारी कर रहे ट्रैक की मरम्मत का काम, रातभर चला रेस्क्यू अभियान



**अमृत विचारः** चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक मेंटेनेंस का काम तेज गति से किया जा रहा है। इस काम के लिए रेलवे के 800 कर्मचारी लगाए गए हैं। रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर समेत विभाग की आला अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार को क्षतिग्रस्त बोगी को हटाए जाने के बाद उसके नीचे दबा हुआ शव बरामद किया गया। इसके साथ ही इस हादसे में करने वाले वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

रेलवे ट्रैक के आसपास पड़ी बोगियों को जेसीबी के सहारे हटा दिया गया है और ट्रैक की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। चंडीगढ़ से आसाम जा रही चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बृहस्पतिवार दोपहर 2:40 बजे गोरखपुर गोंडा रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप डिरेल हो गई थी। हादसे में ट्रेन के एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए थे, जबकि 10 अन्य कोच भी ट्रैक से नीचे उतर गए थे। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं।

### रेल संरक्षा आयुक्त करेंगे हादसे की जांच

**लखनऊ।** गोंडा-गोरखपुर रेलखंड पर मोतीगंज-झिलाही स्टेशनों के बीच बीते गुरुवार को चंडीगढ-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच 21 जुलाई से शुरू होगी। रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) प्रणजीव सक्सेना दोनों स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर हुए इस हादसे की जांच करेंगे।

## सार-संक्षेप

### सपा विधायक रफीक की जमानत याचिकाएं स्वीकार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मारपीट, तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में जेल में बंद मेरठ से सपा विधायक रफीक अंसारी को बड़ी राहत देते हुए उनकी जमानत याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। विधायक को वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाने और वर्ष 2007 में सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामलों में जमानत मिली है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने पारित किया है। मामले के अनुसार वर्ष 1995 में मेरठ के नौचंदी थाना अंतर्गत मीट की दुकानों को लेकर अंसारी और कुरैशी बिरादरी के बीच आगजनी और तोड़फोड़ हुई थी, जिसमें विधायक सहित 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पटरी के कटने से आधा दर्जन ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

**लखनऊ,अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल में भारी बारिश और पटरी के कटने के कारण पीलीभीत-मैलानी के बीच यातायात निलंबित कर दिया गया है। इस कारण ट्रेनें जो परिवर्तित रेल मार्ग सीतापुर-पीलीभीत-बरेली सिटी-रामगंगा पुल मार्ग से होकर चलाई जानी थीं, ये ट्रेनें अब पुन: परिवर्तित रेल मार्ग बुढ़वल-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गाजियाबाद जं मार्ग से होकर चलाई जाएंगी।

### महिला विद्युतकर्मी की उसके सहयोगी ने की हत्या

**बागपत, एजेंसी :** बागपत में बिजली घर में एक अनुबंधित महिला कर्मी की उसी के साथ काम करने वाले एक युवक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार जान गंवाने वाली महिला की पहचान तिलवाड़ा की शोभा (35) के रूप में हुई है। शोभा बिजली विभाग में काम करने के साथ ही छपरौली में स्वयं सहायता समूह की भी सदस्य थी। पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम घटना उस समय हुई, जब आरोपी युवक अंकुर महिला को उसके घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान सुनसान रास्ते पर उसने गाड़ी रोकी तथा महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। शोभा के पति कुलदीप की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अंकुर एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है तथा इस घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में लगी आग, दो चालक जिंदा जले

**हमीरपुर,अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे पर कानपुर सागर टू-लेन हाईवे पर गुरुवार रात करीब 11.50 बजे दो ट्रकों की आपस में टक्कर होने से आग लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस भीषण हादसे में दोनों ट्रकों के चालकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। अन्य घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र में राठ तिराहे के पास कबरई से कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी भरे ट्रक में सामने से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। कबरई से कानपुर जा रहे ट्रक के चालक नीरज गुप्ता निवासी इटर्रा घाटमपुर जनपद कानपुर नगर और दूसरे ट्रक के अज्ञात चालक की ट्रक के अंदर फंसने से जिंदा जलकर मौत हो गई। अभी इसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### नए मेडिकल कॉलेजों की अपील पर वर्चुअल सुनवाई

**लखनऊ,अमृत विचार :** एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने के लिए 13 नये मेडिकल कॉलेजों द्वारा नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की गई दोबारा अपील पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दूसरी अपील पर शुक्रवार को शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई के दौरान कॉलेज प्रधानाचार्यो ने 2020 के मानक अनुसार उपलब्ध मानकों का हवाला दिया, मगर एनएमसी ने कोई परिणाम नहीं दिए है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि हर जिला,एक मेडिकल कॉलेज की योजनातंर्गत पिछले साल शुरू होने वाले 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस का पहला सत्र शुरू करने की योजना थी। इसके लिए गत सितंबर माह में कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने अपने अपने कॉलेजों में एमबीबीएस की 100-100 सीटों की मान्यता के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में आवेदन किया था।

## सोनम चिश्ती का किन्नर कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) सोनम चिश्ती (किन्नर) ने हाल के लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपेक्षित परिणाम न मिलने से आहत होकर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। राज्यपाल को लिखे पत्र में सोनम चिश्ती ने कहा है, "मैं सोनम चिश्ती उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) किन्नर कल्याण बोर्ड (उत्तर प्रदेश) लोकसभा चुनाव में भाजपा के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में आए परिणाम-प्रदर्शन से आहत होकर हार की जिम्मेदारी लेती हूं।"

# कांवड़ मार्ग में लिखना होगा दुकान संचालकों का नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सरकार ने लिया फैसला, अफसरों को लागू करने के निर्देश




**अमृत विचार :** पूरे प्रदेश में कांवड़ मार्ग में खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों को अपना नाम व पहचान बतानी होगी। दुकानों पर अपना नाम लिखना होगा। राज्य सरकार ने कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसे सख्ती से लागू करने के निर्देश दिये गये हैं। इस बीच, राजनीतिक दलों ने इसका सख्त विरोध किया है।

शासन के सूत्रों के अनुसार 22 जुलाई से शुरू हो रही कावड़ यात्रा को लेकर 17 जुलाई को मुख्यमंत्री ने मंत्रियों व शासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यात्रा मार्ग पर आम लोगों की सहायता के लिए शिविर लगाने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि बैठक के बाद शासन के अधिकारियों की ओर से कावड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाये रखने के लिए खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों के नाम लिखे जाने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिया गया। हालांकि, शासन की ओर से कोई औपचारिक आदेश-निर्देश जारी नहीं किया गया है। निर्देश के तहत यात्रा मार्ग पर हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।

### नाम लिखवाना विभाजनकारी मानसिकताः प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस माहसचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कांवड़ मार्ग पर दुकानों पर मालिक का नाम लिखने के आदेश को विभाजनकारी मानसिकता का परिणाम बताते हुए शुक्रवा को कहा कि इस आदेश को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। वाड्रा ने कहा, "हमारा संविधान हर नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में ठेलों, खोमचों और दुकानों पर उनके मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का विभाजनकारी आदेश हमारे संविधान, हमारे लोकतंत्र और हमारी साझी विरासत पर हमला है।" उन्होंने कहा, "समाज में जाति और धर्म के आधार पर विभाजन पैदा करना संविधान के खिलाफ अपराध है। यह आदेश तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और जिन अधिकारियों ने इसे जारी किया है, उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।"

## न्यायविद हनुमान मंदिर मामले की स्थिति रिपोर्ट तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने न्यायविद हनुमान मंदिर के लिए हो रहे अवैध निर्माण को गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से प्रस्तुत अधिवक्ता ने बताया कि आपत्तिजनक निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है और मलबे को हटाने में एक सप्ताह का समय लगेगा। इस संबंध में की गई कार्यवाही के विषय में स्थिति रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख पर दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। मामले की सुनवाई दो जजों की पीठ ने की।

## भाजपा विधायक ने पार्टी कार्यकर्ता पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया

- फतेह बहादुर सिंह ने गृहमंत्री शाह और सीएम योगी को पत्र लिखकर मांगी सुरक्षा



**गोरखपुर, एजेंसी।** कैंपियरगंज से भाजपा विधायक फतेह बहादुर सिंह ने आरोप लगाया है कि पार्टी कार्यकर्ता राजीव रंजन चौधरी की साजिश के कारण उनकी जान को खतरा है। फतेह बहादुर सिंह ने दावा किया कि चौधरी ने उन्हें जान से मारने के लिए पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के बेटे और सातवीं बार के विधायक फतेह बहादुर सिंह (54) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर सुरक्षा मांगी है। इसके विपरीत राजीव रंजन ने भी दावा किया है कि विधायक से उनकी जान को खतरा है। राजीव रंजन चौधरी भाजपा जिला पंचायत सदस्य सरोज देवी का बेटा है।

## कीटनाशक बीज खाने से चार मोर सहित छह पक्षियों की मौत

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** शिकोहाबाद में किसान फसलों को सुरक्षित करने के लिए उन्हें कीटनाशक में डुबो कर खेत में बो रहे हैं। ऐसे बीज पक्षियों की बेवजह मौत का कारण बन रहे हैं। जिले के थाना शिकोहाबाद के नागला पोहपी रोड पर शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने खेत में चार राष्ट्रीय पक्षी मोर और दो तीतर मृत पड़े देखे, जिसकी सूचना उन्होंने थाना पुलिस को दी।

## पॉक्सोः जांच से पहले पीड़िता की आयु निर्धारण रिपोर्ट तैयार करना जरूरीः कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो से जुड़े मामलों में पीड़िता की आयु में होने वाली गड़बड़ियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस और जांच अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में जांच शुरू करने से पहले पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा तैयार कर ली जाए।

कोर्ट के समक्ष यह प्रश्न था कि पॉक्सो अधिनियम के अपराधों की जांच करते समय पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने का पुलिस का कानूनी दायित्व क्या है। इस पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पॉक्सो मामलों में पीड़िता की चिकित्सा आयु निर्धारण रिपोर्ट को पूरा महत्व देना चाहिए। पीड़िता की आयु से संबंधित अन्य सभी दस्तावेजों की भी जांच करनी चाहिए।

# धान की पौध के साथ डूब गया किसानों का प्रीमियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- बीमा के लिए बैंकें समय से पोर्टल पर फीड नहीं कर पाई विवरण

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाढ़ और ज्यादा बारिश वाले जिलों में धान की पौध ज्यादातर बर्बाद हो गई है। अब फसल का समय निकलता देख किसान दोबारा पौध लगाकर रोपाई नहीं कर पाएंगे। नुकसान निचली सतह वाले खेतों पर जलमग्न होने से हुआ है। इस वजह से 40 फीसद ही रोपाई हो पाई है और असफल बोआई के हालात बन गए हैं।

असफल बोआई पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 25 प्रतिशत क्षतिपूर्ति मिलती है, लेकिन इससे भी आपदा प्रभावित किसान वंचित होते दिख रहे हैं। क्योंकि बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड से धान का प्रीमियम तो समय पर काट लिया, पर फसल बीमित करने के लिए ज्यादातर का केंद्र के पोर्टल पर विवरण फीड नहीं किया। नुकसान होने पर किसानों ने दावा किया तो सर्वे में यह लापरवाही सामने आई। उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमाशंकर सिंह ने बताया कि बैंकें फीडिंग कर रही हैं। नियमानुसार क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

### पौध का नहीं होता बीमा, फसल के नाम गया प्रीमियम

धान की पौध का बीमा नहीं होता है, न ही किसी तरह का दावा बनता है। खेतों पर रोपाई होने पर फसल का बीमा मान्य होता है। ऐसी स्थिति में जिन जिलों में पौध नष्ट हुई, वहां किसानों को कुछ नहीं मिलेगा। जबकि फसल का प्रीमियम उनके खातों से कट चुका और फसल होनी नहीं है। पौध करीब एक माह में तैयार होती है और 15 अगस्त के बाद धान की रोपाई नहीं होती है।

### इन जिलों 120 प्रतिशत से अधिक हुई बारिश

बलरामपुर, कासगंज, मुरादाबाद, बरेली, एटा, औरैया, बदायूं, बस्ती, बहराइच, महाराजगंज, मैनपुरी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर, रामपुर, श्रावस्ती, अयोध्या, फर्रुखाबाद, बाराबंकी।

## चुनावी रंजिश में युवक की ली जान

**परसपुर(गोंडा)।** नगर निकाय के चुनाव की रंजिश में शुक्रवार को परसपुर कस्बे में दबंगों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई। परसपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह ने नगर निकाय के चुनाव में सभासद का चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में वह प्रतिद्वंद्वी उदयभान सिंह उर्फ लल्लन से हार गए थे। इसी रंजिश को लेकर शुक्रवार की दोपहर उज्जैन उदयभान ने अपने कई सहयोगियों के साथ ओमप्रकाश के घर पर धावा बोल दिया था।

## वर्ग पहेली-136

**बाएं से दाएं**

1. जिसके हाथ घुटनों तक लंबे हों (वीरों का लक्षण)।
4. अनूदित, रूपांतरित, भाषांतर किया हुआ, भाषांतरित।
5. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. करार)।
7. सिक्ख संप्रदाय के आदि गुरु।

**ऊपर से नीचे**

1. आगामी, भावी, आने वाला।
2. वह मत या विचारधारा जिसमें जीवन से संबंधित हर वस्तु का मूल्यांकन केवल व्यक्तिगत लाभ या मुनाफ़े की दृष्टि से ही किया किया जाता है, मुनाफ़ा केंद्रित तंत्र को स्थापित करने वाली विचारधारा, हर वस्तु या विचार को उत्पाद समझकर बिकाऊ बना देने की विचारधारा।
3. जागरूकता, विशेष चेतना।
4. (ज्योतिष) सत्ताईस नक्षत्रों में सत्रहवां नक्षत्र।
6. 1. एक फ़सल जिसके बीज को कूटकर चावल निकाले जाते हैं, शालि 2. अनाज, अन्न 3. किसी का दिया हुआ भोजन।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | | ■ | 6 | ■ |
| ■ | | ■ | 7 | | |

### वर्ग पहेली -135 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टु | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 नि |
| 3 क | व | ल | 4 न | ■ | ग |
| ड़ा | ■ | ■ | भ | ■ | ह |
| ■ | ■ | 5 अ | च | क | ■ |
| 6 ख़ा | स | क | र | ■ | 7 द |
| विं | ■ | ड़ | ■ | ■ | शां |
| द | ■ | फ़ों | ■ | 8 बा | ग |

## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | | 8 | |
| | 4 | | 2 | | | 5 | | 1 |
| | 5 | | 3 | | 1 | 8 | 7 | |
| 8 | | 2 | | | | 1 | | 6 |
| | 9 | 1 | 5 | | 8 | | 4 | |
| 1 | | 9 | | | 4 | | 3 | |
| | 7 | | | | | 6 | | 8 |
| | | | | 5 | 9 | | | |

### सुडोकू -48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 17.59 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग

| भाव | राशि अंक | ग्रह |
|---|---|---|
| 1 | 4 | शु., सू. |
| 2 | 3 | |
| 3 | 2 | गु., मं. |
| 4 | 1 | |
| 5 | 12 | रा. |
| 6 | 11 | श. |
| 7 | 10 | |
| 8 | 9 | चं. |
| 9 | 8 | |
| 10 | 7 | के. |
| 11 | 6 | |
| 12 | 5 | बु. |

**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 21 जुलाई 01.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा,लेकिन इसके कारण आपकी बहस भी हो सकती है। व्यर्थ बहसबाजी करने से बचें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। कब्ज के रोगियों को अपनी सेहत व खानपान का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** – आज आपको उन्नति के जबरदस्त अवसर प्राप्त होंगे। इन अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। प्रतिष्ठित लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। आयात-निर्यात संबंधित कारोबार में तेजी आएगी। परिवार का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** – आज बड़े-बुजुर्ग लोगों से मार्गदर्शन लेते रहें ,इसके सार्थक परिणाम आपको प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में दूसरों की गलती की भरपाई आपको करनी पड़ेगी। लंबित कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। अपनी योग्यता के अनुरूप कार्य करने में परेशानी होगी।

**कर्क** – आज किसी मित्र के यहां आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको नए मित्र मिल सकते हैं। व्यवसाय में बदलाव का विचार बन सकता है।

**सिंह** – आज बिना तथ्यों की जानकारी के अपने विचार न रखें। शत्रु आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन की कमी के कारण थोड़े परेशान रहेंगे। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। बौद्धिक विमर्श व चर्चाओं के प्रभाव में रहेंगे।

**कन्या** – आज अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे। बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में कसर न छोड़ें। नए कार्यों की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। व्यवसाय में आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निम्न दिखाने की भावना के कारण मतभेद उभर सकते हैं। धर्म-कर्म के प्रति रुचि और आस्था बनाए रखें। बच्चों की जिद और हठ को हल्के में न लें। वाहन चलाते वक्त सावधानी रखें। कुछ लोगों का व्यवहार आपके अनुकूल नहीं रहेगा।

**वृश्चिक** – आज परिवार का वातावरण सुकून भरा रहेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में अपेक्षाकृत लाभ नहीं मिलेगा। प्रेमी जन की बातों का आपको बुरा लग सकता है। प्रतिष्ठित लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**धनु** – आज अपनी कार्यशैली में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपका मन अप्रसन्न हो सकता है। भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि हो सकती है। नई भूमि-संपत्ति खरीद सकते हैं। मित्रों व परिजनों से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** – आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में काफी अच्छा धन लाभ होगा। तकनीक से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। दुर्लभ वस्तुओं की प्राप्ति हो सकती है। रुका हुआ काम बनने के योग बन रहे हैं। आपके प्रति लोगों का विश्वास बढ़ेगा।

**कुंभ** – आज आपके भीतर नया काम करने को लेकर इच्छा जागृत होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च होगा। रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में नकदी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। यात्रा में परेशानी का अनुभव करेंगे।

**मीन** – आज परिश्रम का उत्तम फल प्राप्त होगा। जटिल मुद्दों को सुलझाने में सफल रहेंगे। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहेगी। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम आपके अनुकूल हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | एतराज | दोपहर : 12.11 |
| B4U Movies | वेलकम बैक | शाम : 06.41 |
| &pictures | बागी | सुबह : 10.53 |
| &pictures | गदर 2 | रात : 07.30 |
| Sony Pix | लाइट्स आउट | सुबह : 07.29 |
| Sony Pix | स्पाइडर मैन | रात : 06.16 |
| Zee Cinema | हम साथ साथ हैं | दोपहर : 01.37 |
| Zee Cinema | स्पाइडर | शाम : 05.18 |
| Colors Cineplex | मोहब्बत | सुबह : 09.20 |
| Colors Cineplex | ओएमजी | शाम : 05.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बैंक मैनेजर- कैश खत्म हो गया है कल आना।
संजू गुस्से में- लेकिन मुझे मेरे पैसे अभी चाहिए।
मैनेजर- देखिए आप गुस्सा मत करिए, शांति से बात कीजिए।
संजू- ठीक है बुलाओ शांति को, आज उसी से बात करूंगा।

लड़की- कितना प्यार करते हो मुझसे?
प्रेमी- शाहजहां जितना
लड़की- तो ताजमहल बनवाओ
प्रेमी- जमीन खरीद ली है, बस तुम्हारे मरने का इंतजार कर रहा हूं।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2075, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1975, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1525, सचिन 1510, सूरज 1550, अवसर 1650, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1590, चक्र टिन 1890, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1920, स्वास्तिक 2045 किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35000, लाल मिर्च 19500–25000, धनिया 9000–11000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10150, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4800, खजाना 4800 ।दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा काला क्राउन 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10200–10900, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8300, लाल हिंदुस्तान 8400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9500–11700, सच्चा हीरा 11300, मोटा हीरा 13100, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17200 ।चीनी– डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72600 |
| सिल्वर ( पक्की) | 905 (अनुमानित)। |

# कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी नहीं

## आरबीआई गवर्नर बोले- अनुमति से हितों के टकराव और लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक के पास कारोबारी घरानों को बैंक खोलने की मंजूरी देने की कोई योजना नहीं है। दास ने मॉडर्न बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा) के सम्मेलन में कहा कि कारोबारी घरानों को बैंकों का प्रवर्तन करने की अनुमति देने से हितों के टकराव और संबंधित पक्षों के लेनदेन से जुड़ा जोखिम बढ़ जाता है।

आरबीआई ने एक दशक पहले बैंकों के लाइसेंस देने की प्रक्रिया के अंतिम दौर में कई बड़े कारोबारी समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने के अयोग्य घोषित कर दिया था। हालांकि देश की वृद्धि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की कारोबारी घरानों की क्षमता को देखते हुए



- कई समूहों को नए बैंकों का लाइसेंस देने से पहले अयोग्य किया था घोषित

आरबीआई के कार्य समूह ने 2020 में इस मुद्दे पर नए सिरे से चर्चा शुरू की थी। दास ने 1960 के दशक के अंत में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले के दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय भारत में भी कारोबारी घराने बैंकिंग गतिविधियों में शामिल थे। दुनिया भर के अनुभव से पता चला है कि संबंधित पक्ष के लेन-देन की निगरानी करना या उन्हें विनियमित करना और रोकना मुश्किल होगा। भारत को बैंकों की संख्या में वृद्धि की जरूरत नहीं है। सामान्य बैंकों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया सदा सुलभ व्यवस्था के अंतर्गत है और इसके लिए आने वाले आवेदनों का स्वागत है।

### कर्ज से पीछे रहने से हो सकती है नकदी की समस्या

जमा वृद्धि अगर कर्ज बढ़ने के मुकाबले पीछे है, तो संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। शक्तिकान्त दास ने बैंकों को आगाह किया। दास ने असुरक्षित ऋण के मोर्चे पर और भी समस्याओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि बैंकों के पास पर्याप्त बड़े पोर्टफोलियो होने के बावजूद, ऐसे जोखिम भरे ऋण के लिए उच्च सीमा है। दास ने बैंकों से ऋण तथा जमा वृद्धि के बीच उचित संतुलन बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि घरेलू बचत का एक बड़ा हिस्सा जो पहले जमा के रूप में बैंकिंग प्रणाली में आता था, अब म्यूचुअल फंड जैसे अन्य साधनों में जा रहा है। ऋण वृद्धि को जमा वृद्धि से बहुत आगे नहीं बढ़ना चाहिए। खासकर तब, जब बैंकों को सीआरआर, एसएलआर, एलसीआर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। पिछले कुछ समय से जमा राशि जुटाने की प्रक्रिया ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इससे प्रणाली में संरचनात्मक नकदी संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### सरकार के साथ समन्वय से अर्थव्यवस्था में हुआ सुधार

दास ने कहा कि उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान सरकार के साथ बैंक के संबंध अच्छे रहे हैं। उन्होंने कोविड–19 के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार का श्रेय दोनों के बीच बेहतर समन्वय को दिया। दास ने कहा कि किसी ने भी उनसे यह उम्मीद नहीं की थी कि वे अपने कार्यकाल के दौरान सरकार के लिए चीयरलीडर बनेंगे। उन्होंने अपनी लिखी पुस्तक में लगाए आरोपों पर कहा कि मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं। कोई भी यह उम्मीद नहीं करता कि आरबीआई चीयरलीडर बनेगा। मेरा ऐसा कोई अनुभव नहीं है। दास का कार्यकाल इस साल दिसंबर में समाप्त हो रहा है। सरकार ने उन्हें 11 दिसंबर, 2018 को शुरुआत में तीन साल की अवधि के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया था। उन्हें 2021 में तीन साल के लिए सेवा विस्तार दिया गया।

# रिकॉर्डतोड़ तेजी का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 739 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी**

कमजोर रुख और चार दिनों की तेजी के बाद मुनाफावसूली से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 739 अंक नीचे आ गया और निफ्टी भी नुकसान में रहा। कारोबारियों ने कहा कि दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में आई गिरावट ने भी बाजार को नीचे लाने का काम किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 80,604.65 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,587.76 अंक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन मुनाफावसूली से यह टूट गया। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 844.36 अंक गिरकर 80,499.10 पर आ गया था। एनएसई का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत गिरकर 24,530.90 पर बंद हुआ। यह शुरुआती दौर में 24,854.80 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में यह कमजोर पड़ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 292.7 अंक गिरकर 24,508.15 पर आ गया था।



- मुनाफा वसूली से दोनों सूचकांक नुकसान में रहे

### निवेशकों को 7.94 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट आने से निवेशकों की संपत्ति 7.94 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई– सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,94,059.53 करोड़ रुपये घटकर 4,46,38,826.75 करोड़ रुपये (5.34 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

# 5पैसा, आईआईएफएल, एंजेल वन वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कई शेयर कारोबारियों को परिचालन संबंधी व्यवधान का करना पड़ा सामना

माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक सेवा संकट से भारत में कई शेयर कारोबारियों को शुक्रवार को परिचालन संबंधी व्यवधान का सामना करना पड़ा। इस संकट ने 5पैसा, आईआईएफएल सिक्योरिटीज और एंजेल वन सहित कई ब्रोकरेज को प्रभावित किया। व्यापक वैश्विक कंप्यूटर संकट से प्रभावित अन्य ब्रोकर में मोतीलाल ओसवाल और एडलवाइस म्यूचुअल फंड शामिल हैं। कुछ ब्रोकरेज ने कहा कि प्रणाली बहाल कर दी गई है जो सही से काम कर रही है।

ब्रोकरेज फर्म 5पैसा ने एक्स पर लिखा कि क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट के साथ वैश्विक संकट के कारण साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने वाले हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। एडलवाइस म्यूचुअल फंड ने भी अपनी वेबसाइट पर लॉगिन समस्याओं के बारे में बताया। देश के प्रमुख शेयर बाजार एनएसई और बीएसई ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम के वैश्विक संकट से वे प्रभावित नहीं हुए हैं। एनएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। बीएसई के प्रवक्ता ने कहा कि एक्सचेंज माइक्रोसॉफ्ट की समस्या के कारण प्रभावित नहीं है। हमारा संचालन सामान्य रूप से चल रहा है।

## देश के नौ बंदरगाहों पर औसत रिलीज समय में आई कमी

**नई दिल्ली।** देश के नौ बंदरगाहों पर औसत रिलीज समय में कमी आई है। साथ ही एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर औसत रिलीज समय में 50 प्रतिशत की तथा एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स (एसीसी) से औसत रिलीज समय में छह प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बोर्ड के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर राष्ट्रीय समय रिलीज अध्ययन पर जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है।

एनटीआरएस 2024 एक मानकीकृत पद्धति को अपनाने वाला चौथा वार्षिक राष्ट्रीय स्तर का अध्ययन है। इसमें जनवरी 2024 के पहले सप्ताह के दौरान प्रस्तुत किए गए प्रवेश बिल (आयात) और शिपिंग बिल (निर्यात) को शामिल किया गया है। इन्हें 15 प्रमुख सीमा शुल्क संरचनाओं (4 श्रेणियों में वर्गीकृत- बंदरगाह, अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी), एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) और एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स (एसीसी)) के माध्यम से कार्गो निकासी के लिए 7 फरवरी, 2024 तक ट्रैक किया गया था।

# कई देशों में विदेशी केंद्र खोलेगा आईसीएसआई

**कोलकाता, एजेंसी**

- हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में केंद्र खोलने की योजना
- यूएई, अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में हैं केंद्र

देश में कंपनी सचिवों के लिए स्थापित पेशेवर संस्था भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष बी नरसिम्हन ने शुक्रवार को कहा कि निकट भविष्य में संस्थान के तीन और विदेशी केंद्र खोलने की योजना है।

नरसिम्हन ने कहा कि ये केंद्र हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया में खोले जाएंगे। इन तीन स्थानों पर नए विदेशी केंद्रों की योजना इन देशों में आईसीएसआई सदस्यों की संख्या पर बनाई जा रही है। संस्थान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में पहले से ही छह विदेशी केंद्र मौजूद हैं। नरसिम्हन ने कहा कि नए प्रस्तावित केंद्र आईसीएसआई सदस्यों के लिए पेशेवर अवसरों को बढ़ाने के साथ छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और इन देशों में परीक्षा आयोजित करने में सहायता और सुविधा प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि आईसीएसआई आने वाले दिनों में कंपनियों को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और कामकाज) मानकों के अनुरूप बनने पर बहुत जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएसआई ने अपने पाठ्यक्रम में पहले ही ईएसजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विषयों को शामिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईएसजी समय की मांग है। बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष 1000 कंपनियों के लिए सेबी द्वारा व्यावसायिक जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन कंपनियों को वार्षिक रिपोर्ट के साथ अपने ईएसजी प्रदर्शन की जानकारी देना भी जरूरी होता है। ईएसजी के अनुरूप कंपनियां विदेशी निवेशकों की नजर में आएंगी। विदेशी निवेशक यह पूछेंगे कि जिस भारतीय कंपनी में वे निवेश करने की योजना बना रहे हैं, क्या वह ईएसजी मानकों के अनुकूल है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### चुनावी बॉण्ड की जांच की याचिका पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच किए जाने वाली याचिका पर 22 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर कहा कि कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

### गुजरात में मालगाड़ी का एक डिब्बा बेपटरी

**मुंबई।** गुजरात में वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजे डुंगरी स्टेशन के पास हुई इस घटना के कारण मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मालगाड़ी सूरत की तरफ जा रही थी। मुंबई–अहमदाबाद ट्रंक रूट पर यह दुर्घटना उस समय हुई, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां पश्चिम रेलवे मुख्यालय में रेलवे सुरक्षा और अन्य मुद्दों की समीक्षा कर रहे थे।

### अमृतपाल ने हाईकोर्ट में दी अपनी हिरासत को चुनौती

**चंडीगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ जिले की जेल में रासुका के तहत बंद कट्टरपंथी सिख उपदेशक एवं सांसद अमृतपाल सिंह ने शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का रुख किया और अपनी हिरासत सहित अपने खिलाफ पूरी कार्यवाही को रद करने का निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। खडूर साहिब सीट से सासंद अमृतपाल ने कोर्ट में दलील दी कि उसकी हिरासत अवैध है और इसलिए यह रद किया जाना चाहिए।

# संसद सत्र के लिए छह विधेयक सूचीबद्ध

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गठित की कार्य मंत्रणा समिति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सरकार ने आपदा प्रबंधन विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में विमानन क्षेत्र में कारोबार सुगमता के प्रावधान मुहैया कराने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेने वाले विधेयक समेत छह नए विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है।

लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है। भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने की खातिर 1934 के विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। संसद का सत्र 22 जुलाई से शुरू होने वाला है। सत्र 12 अगस्त तक प्रस्तावित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। सत्र के दौरान पेश और पारित किए जाने वाले अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता पूर्व के कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) का भी गठन किया है। बीएसी संसदीय कामकाज का एजेंडा तय करती है।

### समिति में ये लोग शामिल

समिति में सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस), पीपी चौधरी (भाजपा), लावू श्रीकृष्ण देवरायलु (तेदेपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), गौरव गोगोई (कांग्रेस), संजय जायसवाल (भाजपा), दिलेश्वर कामत (जदयू), भर्तृहरि महताब (भाजपा), दयानिधि मारन (द्रमुक), बैजयंत पांडा (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना–यूबीटी), कोडिकुन्नील सुरेश (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा) और लालजी वर्मा (सपा) शामिल हैं।

## बिलकीस बानो मामले में दो दोषियों की सजा में छूट से जुड़ी याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकीस बानो मामले में 11 में से दो दोषियों की याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। दोनों दोषियों ने सजा में दी गई छूट को रद करने के शीर्ष अदालत के आठ जनवरी के फैसले के खिलाफ याचिका की थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत करार दिया और कहा कि वह शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ अपील पर कैसे गौर कर सकती है। पीठ ने कहा कि यह क्या याचिका है? इस याचिका पर कैसे सुनवाई हो सकती है। यह पूरी तरह से गलत है। दोषियों में राधेश्याम और राजूभाई के वकील ऋषि मल्होत्रा ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

# आतंकी नेटवर्क के खात्मे को केंद्रीय एजेंसियों में अधिक तालमेल जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- गृहमंत्री अमित शाह ने की खुफिया ब्यूरो के कामकाज की समीक्षा
- बोले- समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए करें दिन-रात काम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में उभरते सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए आतंकी नेटवर्क और उनके सहायक ईको-सिस्टम को खत्म करने के लिए एजेंसियों के बीच अधिक तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) को सक्रिय रहना चाहिए और समय पर कार्रवाई योग्य जानकारियों को साझा करने के लिए दिन-रात काम करना चाहिए।

गृहमंत्री विभिन्न सुरक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने देश में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जिम्मेदार खुफिया ब्यूरो (आईबी) के मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) के कामकाज की समीक्षा की। जम्मू कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने देश भर की सुरक्षा एजेंसियों और अन्य खुफिया और प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों को राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सरकार का संपूर्ण और समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एमएसी ढांचा अपनी पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए व्यापक तकनीकी और परिचालन सुधार के लिए तैयार है।

# चेक बाउंस मामलों का लंबित रहना चिंता का विषय : कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बड़ी संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यदि पक्ष समझौता करने के इच्छुक हैं तो अदालतों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत समझौता योग्य अपराधों के निपटान को प्रोत्साहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने चेक बाउंस मामले में पी कुमारसामी नाम के एक व्यक्ति की सजा को यह देखते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है और शिकायतकर्ता को 5.25 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।



- चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध की श्रेणी में है

पीठ ने 11 जुलाई के अपने आदेश में कहा कि चेक बाउंस होने से जुड़े मामले बड़ी संख्या में अदालतों में लंबित हैं जो हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए गंभीर चिंता का विषय है। समझौता योग्य अपराध वे होते हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी पक्षों द्वारा समझौता किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि चेक का बाउंस होना एक नियामक अपराध है जिसे केवल सार्वजनिक हित को देखते हुए अपराध की श्रेणी में लाया गया है।

## डकैती के आरोप में सेना का पूर्व जवान एटा से गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख लूटने के आरोप में सेना के पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव में अपने मामा के घर में छिपा था। टीम गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर इंदौर ले आई।मंगलवार को बैंक की जिस शाखा में उसने लूटपाट की थी, वहां से उसका घर कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर था लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने लंबे रास्ते का इस्तेमाल किया तथा करीब 14 किलोमीटर का चक्कर लगाया।

# 2024 में नीट-एसएस आयोजित न करने पर केंद्र से जवाब तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 13 उम्मीदवारों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-सुपर स्पेशियलिटी (नीट-एसएस) आयोजित नहीं करने के राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। नीट-एसएस उन चिकित्सकों के लिए होती है, जिनके पास एमडी, एमएस और डीएनबी जैसी डिग्री या समकक्ष योग्यता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ को 13 उम्मीदवारों की ओर से पेश वकील ने बताया कि एनएमसी ने इस साल परीक्षा आयोजित नहीं करने का फैसला किया है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, नीट-एसएस जनवरी 2025 में होने की संभावना है। केंद्र, चिकित्सा परामर्श समिति और एनएमसी को नोटिस जारी करते हुए पीठ ने याचिकाकर्ता राहुल बलवान और 12 अन्य को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को याचिका में पक्षकार बनाने की स्वतंत्रता भी दी।

## कोली को बरी करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करेगा कोर्ट

**निठारी हत्याकांड**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के निठारी हत्याकांड मामले में सुरेन्द्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोटिस जारी कर कोली से याचिकाओं पर जवाब मांगा और इनको शीर्ष अदालत में पहले से लंबित याचिकाओं के साथ नत्थी कर दिया। अदालत ने पिछले वर्ष 16 अक्टूबर के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अलग-अलग याचिकाओं पर आठ जुलाई को कोली से जवाब मांगा था। न्यायालय ने मई में एक पीड़ित पिता की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें मामले में कोली को बरी करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## स्कूल टीसी में शुल्क बकाया का उल्लेख करने पर हाईकोर्ट नाराज

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसी बच्चे का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) स्कूलों के लिए लंबित शुल्क वसूलने का जरिया नहीं हो सकता है। यह छात्र के नाम से जारी निजी दस्तावेज है। इसमें बकाया शुल्क के संबंध में कोई प्रविष्टि नहीं की जानी चाहिए।

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि वह स्कूलों को निर्देश जारी करें, ताकि बच्चे से टीसी दिखाने पर जोर नहीं दिया जाए। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी. कुमारप्पन की खंडपीठ ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बच्चों के संरक्षण कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा कि शुल्क न देने या देरी से देने पर बच्चों को परेशान करना क्रूरता है।

# क्षेत्रीय दलों में कमाई में बीआरएस तो खर्च में टीएमसी आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की वित्तीय स्थिति का एडीआर ने किया विश्लेषण
- 2022-23 के लिए 57 दलों में से 39 के लिए विस्तृत आय और व्यय की रिपोर्ट हुई तैयार

एडीआर ने कहा है कि 2022-23 में क्षेत्रीय दलों के बीच कमाई के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) 737.67 करोड़ आय के साथ शीर्ष पर है, जबकि टीएमसी खर्च के मामले में आगे है। बीआरएस की आय क्षेत्रीय दलों की कुल आमदनी का 42.38 प्रतिशत है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, अधिक खर्च करने वाले शीर्ष पांच दलों में टीएमसी ऊपर है। टीएमसी ने 181.18 करोड़ या क्षेत्रीय दलों के कुल खर्च का 37.66 प्रतिशत खर्च किया है। वाईएसआर-कांग्रेस ने 79.32 करोड़ (16.49%), बीआरएस ने 57.47 करोड़ (11.94%), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) ने 52.62 करोड़ (10.94%) तथा सपा ने 31.41 करोड़ (6.53%) खर्च किया है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की वित्तीय स्थिति के विश्लेषण में एडीआर ने 2022-23 के लिए 57 दलों में से 39 के लिए विस्तृत आय और व्यय की रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार, शीर्ष पांच दलों की कुल आय 1,541.32 करोड़ व क्षेत्रीय दलों की कुल आय का 88.56 प्रतिशत है जबकि 39 क्षेत्रीय दलों की कुल घोषित आय 1,740.48 करोड़ रुपये है।

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट सौंपने की समय-सीमा 31 अक्टूबर, 2023 तय की थी। हालांकि, इनमें से केवल 16 ने ही इसका पालन किया। 23 दलों ने अपनी रिपोर्ट देर से सौंपी। इसमें तीन से लेकर 150 दिन तक की देरी हुई। एडीआर के अनुसार, रिपोर्ट तैयार करने के समय शिवसेना (एसएचएस), बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ), जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना (यूबीटी) जैसे प्रमुख दलों सहित 18 क्षेत्रीय दलों की ऑडिट रिपोर्ट निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं थी। कुल 19 क्षेत्रीय दलों ने वित्त वर्ष के लिए अव्ययित आय की घोषणा की।

# हुड्डा से जुड़े एम3एम का 300 करोड़ रुपये का भूखंड कुर्क

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भूमि धोखाधड़ी में ईडी ने की कार्रवाई हरियाणा के पूर्व सीएम से जुड़े है तार

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत गुरुग्राम में रियल एस्टेट समूह एम3एम का 300 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का भूखंड कुर्क किया है। इस मामले का तार कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी जुड़ा है।

एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम आदेश जारी किया था। 88.29 एकड़ भूमि गुरुग्राम जिले में हरसरू तहसील के बशारिया गांव में स्थित है। ईडी ने कहा कि भूखंड की कीमत 300.11 करोड़ है। रियल एस्टेट समूह के प्रवक्ता ने कहा कि वे ईडी द्वारा भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क करने के लिए की गई अनुचित और अनावश्यक कार्रवाई से निराश हैं। यह भूखंड किसी अपराध से जुड़ा नहीं है और पीएमएलए के तहत अपराध की आय के दायरे में नहीं आ सकता है।





# एथनेज और हॉज ने वेस्टइंडीज को शुरुआती झटकों से उबारा



नॉटिघम, एजेंसी

एलेक एथनेज और केवम हॉज के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन चाय के विश्राम तक अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 212 रन बनाए।

एथनेज 65 और हॉज 58 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब वेस्टइंडीज ने तीन विकेट 84 रन पर गंवा दिए थे। एथनेज और हॉज चौथे विकेट के लिए अभी तक 128 रन जोड़ चुके थे। वेस्टइंडीज की टीम अब इंग्लैंड से 204 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 416 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी पारी की शुरुआत की। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (48) और मिकाइल लुइस (21) ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े, लेकिन वेस्टइंडीज में 31 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। इनमें से दो विकेट स्पिनर शोएब बशीर ने लिए। उन्होंने लुईस को आउट करने के बाद उनकी जगह लेने के लिए उतरे कर्क मैकेंजी (11) को भी पवेलियन भेजा। गस एटकिंसन ने ब्रेथवेट को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया।



# सही घोड़े के बिना आप कुछ भी नहीं हैं: अनुष

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। 24 साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किये बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं। अग्रवाल सर कारमेलो के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं। अग्रवाल ने जर्मनी से बताया, घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं।

# 2047 खेलों में शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा- भारत के नवनिर्माण के रोडमैप का हिस्सा है खेल



नए भारत के निर्माण में खेलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2047 में आजादी की सौवीं सालगिरह पर भारत का खेलों में भी शीर्ष पांच में रहने का लक्ष्य रहेगा। पिछले दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है और आजादी की 100वीं सालगिरह पर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। नवनिर्माण के इस रोडमैप का हिस्सा खेल भी है और जब हम विकसित राष्ट्र होंगे तो खेलों में भी शीर्ष पांच में रहेंगे।

उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है और यहां खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। प्रतिभा को तलाशकर उसे इको सिस्टम में लाने और मौके देने की जरूरत भर है। मैंने कोरोना के दौरान अनुभव किया है कि भारत में मैन पावर और ब्रेन पावर की कमी नहीं है और उसके दम पर ही हमने कामयाबी पाई है।

पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मांडविया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वह इको सिस्टम तैयार हुआ है जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं के जरिए खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद की जा रही है। मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जा रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देता हूं। खेलमंत्री ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक के लिये भारत की तैयारियों को लेकर दिल्ली खेल पत्रकार संघ द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर आयोजित परिचर्चा कहा पेरिस ओलंपिक में पदकों की संभावना को लेकर मैं कोई आंकड़ा तो नहीं दूंगा लेकिन उम्मीद है कि पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन होगा। हमने तोक्यो में सात पदक जीते थे और अब उससे आगे जाएंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत सात पदक जीते थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत 117 सदस्यीय दल भेज रहा है जो तोक्यो ओलंपिक (121) के बाद सबसे बड़ा है।

### 100 दिन में एक लाख खिलाड़ियों की होगी पहचान

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कीर्ति परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 100 दिन के अंदर एक लाख युवा खिलाड़ियों की पहचान करना है। खेल मंत्री का मानना है कि खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) भारत को 2047 तक ओलंपिक खेलों में शीर्ष पांच देशों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मांडविया ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करने के बाद कहा भारत विविधता और संभावनाओं से भरा देश है। केवल शहर कि नहीं, दूर दराज के क्षेत्रों जैसे उत्तर-पूर्व, तटीय, हिमालयी और आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छे खिलाड़ी हो सकते हैं। कीर्ति कार्यक्रम के इस चरण में खेलो इंडिया योजना के सभी 20 खेल शामिल होंगे। कीर्ति का पहला चरण इस साल 12 मार्च को चंडीगढ़ में शुरू किया गया था।

## खेल डायरी

### चांग्ते और इंदुमति को एआईएफएफ का शीर्ष पुरस्कार

नई दिल्ली। भारत और मुंबई सिटी एफसी के विंगर लालियानजुआला चांग्ते और राष्ट्रीय महिला टीम की मिडफील्डर इंदुमति कथिरेसन को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के क्रमश: पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द अवॉर्ड से नवाजा गया। राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित एक समारोह के दौरान दोनों खिलाड़ियों को ये पुरस्कार दिया गया। लालियानजुआला चांग्ते ने हाल में में मुंबई सिटी एफसी के साथ 2026/27 सत्र के अंत तक अपना अनुबंध बढ़ा लिया है। इंदुमति (30) भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय टीम में वह बतौर मिडफील्डर की भूमिका निभाती हैं। आई-लीग विजेता क्लब मोहम्मडन स्पोर्टिंग के डेविड लाहलानसांगा को इस साल के सबसे होनहार खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

### स्क्वैश टीम स्पर्धा में भारत का विजयी आगाज

चेन्नई। भारत ने गुरुवार को अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में विजयी शुरुआत की। भारत के लड़कों ने ग्रुप एफ में कुवैत को 3-0 से हरा दिया जबकि लड़कियों ने ग्रुप डी में चीनी ताइपे को समान अंतर से हराया। भारत की पुरुष टीम का आज यानी शुक्रवार को ब्राज़ील से मुकाबला होगा वहीं बालिका वर्ग में ब्राज़ील और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेले जाने हैं। परिणाम : बालक (समूह एफ) : भारत ने कुवैत को 3-0 से हराया (अरिहंत केएस ने अब्दुल्ला अली को हराया, अयान वजीरल्ली ने खालिद वालेद अल फौजैन को हराया, युवराज वाधवानी ने जसीम अदेल अल गरीब को 11-4, 10-12,11-5,11-0 से हराया। बालिका (समूह डी) : भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया निरुपमा दुबे ने शू-यू ली को हराया, शमीना रियाज ने शॉ जेन-जू पर्ल को हराया, अनाहत सिंह ने चेंग यू-चेन को 11-1,11-1,11-4 से हराया।

### ओलंपिक में खेलेगी इस्राइली फुटबॉल टीम

ज्यूरिख। फीफा ने इस्राइल को अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है जिससे इस्राइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फिलीस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था। यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आता जिसमें इस्राइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने गुरुवार को कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरूष फाइनल नौ अगस्त को है।

### नडाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बस्ताड (स्वीडन)। रफेल नडाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट के पहले गेम में नडाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। 38 वर्ष के नडाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

# पदक के करीब तो पहुंचे पर मिली निराशा

## पलकों में चुभता अतीत : ओलंपिक में कई बार भारत पदक से दूर चौथे स्थान पर रहा, 1956 से 2020 तक जारी सिलसिला

PARIS 2024
ओलंपिक 6 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा।


भारतीय फुटबॉल टीम


### 1956 मेलबर्न

भारतीय फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच में ही नेविल डिसूजा ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाले पहले एशियाई बने। नेविल ने सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया के खिलाफ टीम को बढ़त दिला कर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश की लेकिन यूगोस्लाविया ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को अपने पक्ष में कर लिया। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।

### 1960 रोम

महान मिल्खा सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए। विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद फ्लाइंग सिख ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।


मिल्खा सिंह


भारतीय हॉकी टीम

### 1980 मास्को

नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।


पीटी उषा

### 1984 लॉस एंजिलिस

लॉस एंजिलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। जिससे यह किसी भी प्रतियोगिता में किसी भारतीय एथलीट के लिए अब तक की सबसे करीबी चूक बन गई। पय्योली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं। वह हालांकि अपनी इस साहसिक प्रयास के बाद घरेलू नाम बन गई।

### 2004 एथेंस

दिग्गज लिएंडर पेस और महेश भूपति की टेनिस में भारत की संभवत: सबसे महान युगल जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। इस जोड़ी को इससे पहले सेमीफाइनल में निकोलस किफर और रेनर शटलर की जर्मनी की जोड़ी से सीधे सेटों में 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा था। इन खेलों में कुंजारानी देवी महिलाओं की 48 किग्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहीं, लेकिन वह वास्तव में पदक की दौड़ में नहीं थीं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 112 .5 किग्रा वजन उठाने के अपने अंतिम प्रयास में अयोग्य घोषित कर दी गईं। कुंजारानी 190 किग्रा के कुल प्रयास के साथ कांस्य पदक विजेता थाईलैंड की एरी विराथावोर्न से 10 किग्रा पीछे रही।


लिएंडर पेस और महेश भूपति

### 2012 लंदन

निशानेबाज जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया। करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे।


जॉयदीप करमाकर

### 2016 रियो

दीपा करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं। महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0 .150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15 .066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा का शानदार करियर एक परीकथा जैसे समापन की ओर बढ़ रहा था, लेकिन वह भी मामूली अंतर से पदक जीतने से चूक गए। बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए। बोपन्ना को 2004 के बाद एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने से दूर रहने की निराशा का सामना करना पड़ा जब उनकी और सानिया मिर्जा की भारतीय मिश्रित युगल टेनिस जोड़ी को सेमीफाइनल और फिर कांस्य पदक मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस जोड़ी को कांस्य पदक मैच में लुसी ह्रादेका और राडेक स्तेपानेक से हार का सामना करना पड़ा था।


दीपा करमाकर

### 2020 तोक्यो

मास्को खेलों के चार दशक के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को एक बार फिर करीब से पदक चूकने का दंस झेलना पड़ा। भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन उसे अंतिम चार मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गयी। इसी ओलंपिक में अदिति अशोक ऐतिहासिक पदक जीतने से चूक गयी। विश्व रैंकिंग में 200 वें स्थान पर काबिल इस खिलाड़ी ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को टक्कर दी लेकिन बेहद मामूली अंतर से पदक नहीं जीत सकी।


महिला हॉकी टीम

## बॉलीवुड हलचल



### स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सपने जैसा : शरवरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी बाघ का कहना है कि वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना उनके लिए सपना सच होने जैसा है। आलिया भट्ट, आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड वाली फिल्म अल्फा का नेतृत्व कर रही हैं, जिसमे शरवरी बाघ सुपर-एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। इस स्पाईवर्स का हिस्सा बनकर शरवरी अभिभूत हैं, जिसमें भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी अग्रणी महिलाएं जैसे दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ और अब आलिया भट्ट ने इसकी शोभा बढ़ाई है। शरवरी बाघ ने कहा, वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना अत्यंत रोमांचक है। मैं वास्तव में बहुत दबाव महसूस नहीं कर रही हूं क्योंकि मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने की प्रक्रिया का हर पल आनंद ले रही हूं। मैं इस समय ऊर्जा और उत्साह से भरपूर हूं। इस अवसर को पाकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छे से निभाने के लिए तत्पर हूं। यदि मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना, जिसमें मेरे सिनेमा के आदर्श हों, सचमुच एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ की

### फिल्म देवा से शाहिद कपूर का लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को रीशेड्यूल किया गया है। पहले यह फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसे अगले साल तक के लिए टाल दिया है। इस फिल्म को जी स्टूयोज और रॉय कपूर फिल्मस प्रोड्यूस कर रहे हैं जबकि रोशन एंड्रूज इसका निर्देशन कर रहे हैं। अब यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म देवा का पोस्टर शेयर करते हुए शाहिद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, वॉयलेंट वैलेंटाइन डे, देवा के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पोस्टर में शाहिद कपूर बहुत ही टफ लुक में नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथों में गन ली हुई है। शाहिद फिल्म देवा में एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनके अपोजिट पूजा हेगड़े नजर आएंगी जोकि एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाएंगी।



# शैफाली-स्मृति की बल्लेबाजी से थर्राया पाकिस्तान

**महिला एशिया कप**

दांबुला, एजेंसी

- पहले मुकाबले में सात विकेट से जीती भारतीय महिला टीम
- शैफाली ने 40 और मंधाना ने खेली 45 रनों की शानदार पारी


पाकिस्तान को सस्ते में समेटने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

शैफाली वर्मा (40) और स्मृति मांधना (45) के बीच 85 रन की फटाफट पारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से आसानी से धो दिया।

टॉस जीत कर पहले खेलते हुए पाकिस्तान की पूरी टीम 19.2 ओवर में 108 पर आउट हो गयी। जवाब में भारत ने विजय लक्ष्य को 35 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। दीप्ति शर्मा (20 रन पर तीन विकेट), रेणुका सिंह (14 रन पर दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (14 रन पर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (31 रन पर दो विकेट) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बांध कर रखा और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए, नतीजन पाकिस्तान की टीम को अपने स्कोर को तीन अंको तक ले जाने में भी पसीना बहाना पड़ा।

दूसरी ओर विस्फोटक शैफाली ने क्रीज पर पांव जमाते ही पाकिस्तानी गेंदबाजों की बखिया उधेड़नी शुरु कर दी। दोनो बल्लेबाजों ने करीब नौ रन के औसत से रन बटोरे। उनका अंदाज देख कर लग रहा था कि भारत विजय लक्ष्य को 11वें ओवर में ही हासिल कर लेगा लेकिन इस बीच सैयादा (9 रन पर दो विकेट) ने लगातार दो ओवरों में एक के बाद एक कर सलामी बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन भारत की जीत उस समय तक पक्की हो चुकी थी।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**पाकिस्तान** : 108/10, 19 .2 ओवर। सिदरा 25, तुबा 22, फातिमा नाबाद 22, **गेंदबाजी** : रेणुका 2, पूजा 2, दीप्ति 3, श्रेयंका 2।

**भारत** : 109/3, 14 .1 ओवर। शेफाली वर्मा 40, स्मृति मंधाना 45, दयालन हेमलता 14, **गेंदबाजी** : नशरा संधू 1, सईदा अरूब शाह 2।

### नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराया

दांबुला। सलामी बल्लेबाज समझाना खड़का के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज इंदु बर्मा के तीन विकेट की मदद से नेपाल ने शुक्रवार को महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 23 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। खड़का ने 45 गेंद पर नाबाद 71 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से नेपाल ने 116 रन का लक्ष्य 16 .1 ओवर में हासिल कर दिया। नेपाल ने 4 विकेट पर 118 रन बनाए। अमीरात की टीम इससे पहले 8 विकेट पर 115 रन ही बना पाई थी। उसकी तरफ से खुशी शर्मा ने 36 और कविशा एगोडेज ने 22 रन का योगदान दिया। बर्मा ने 19 देकर तीन विकेट लिए। एगोडेज (12 रन देकर 3 विकेट) ने अमीरात को वापसी दिलाने का अच्छा प्रयास किया लेकिन खड़का ने एक छोर संभाले रखा और टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# बांग्लादेश में हिंसा के बाद राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू

ढाका, एजेंसी

- हिंसा के बाद व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैन्य बलों की तैनाती का आदेश दिया

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहीं शेख हसीना सरकार ने राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू की घोषणा कर दी।

ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी, जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू की घोषणा की और सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा के बाद व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैन्य बलों की तैनाती का आदेश दिया। बांग्लादेश में सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के महासचिव ओबैदुल कादर ने यह घोषणा की। यह घोषणा पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी और राजधानी में सभी सभाओं पर प्रतिबंध लगाये जाने के बाद की गई।



आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसक प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

### बांग्लादेश से 245 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने शुक्रवार को बांग्लादेश में जारी छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को ढाका का आंतरिक मामला करार दिया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि 15,000 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर स्थिति पर नजर रख रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं। सूत्रों ने बताया कि नेपाल के 13 छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए भी मदद की।

## पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए।

### 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद

आंकड़ों से पता चलता है कि देश की जनसंख्या 2.55 प्रतिशत की वृद्धि दर से 2017 में करीब 20.76 करोड़ से बढ़कर 2023 में करीब 24.14 करोड़ हो गई। आंकड़ें दर्शाते हैं कि इस दर से पाकिस्तान की जनसंख्या 2050 तक दोगुनी होने की उम्मीद है।

### मुसलमानों की हिस्सेदारी

2023 में पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 2,40,458,089 थी। कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई।

### अन्य धर्मों की स्थिति

- हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है।
- ईसाइयों की जनसंख्या भी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। कुल जनसंख्या में ईसाइयों की हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 प्रतिशत हो गई है।
- अहमदियों की वास्तविक जनसंख्या के साथ-साथ कुल जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई। उनके समुदाय की आबादी 2017 के 1,91,737 (कुल आबादी का 0.09 प्रतिशत) से 29,053 कम होकर 162,684 (कुल आबादी का 0.07 प्रतिशत) रह गई।
- आंकड़ों के अनुसार सिख समुदाय की जनसंख्या 15,998 और पारसी समुदाय की 2,348 थी।

## एक नजर

### इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ को पीएचडी की उपाधि

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के परिसर में शुक्रवार आयोजित 61वें दीक्षांत समारोह में इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। इस अवसर पर छात्रों को (संयुक्त और दोहरी डिग्रियां सहित) 3,016 डिग्रियां प्रदान की गईं। कुल छात्रों को 444 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) को सम्मानित किया गया, जिनमें पीएचडी, विदेशी संस्थानों के साथ संयुक्त डिग्री पीएचडी और दोहरी डिग्री पीएचडी शामिल हैं।

### पाकिस्तान में आईईडी विस्फोट में चार की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि प्रांत के दक्षिणी वजीरिस्तान जिले में हुए विस्फोट में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य घायलों ने स्थानीय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

### चीन ने नए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से एक नये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण किया। गाओफेन-11 05 उपग्रह को लॉन्ग मार्च-4बी वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और इसने सफलतापूर्वक नियोजित कक्षा में प्रवेश किया। इसका उपयोग भूमि सर्वेक्षण, शहरी नियोजन, सड़क नेटवर्क डिजाइन, फसल उपज अनुमान और आपदा राहत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा।

### इजराइली हवाई हमलों में 13 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा।** मध्य गाजा पट्टी में नुसेरात शरणार्थी शिविर में दो घरों पर इजराइल की ओर से की गयी बमबारी में 13 फिलिस्तीनी मारे गए और कई घायल हुए हैं। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायली बमबारी में दो घर नष्ट हो गए और आसपास के घरों को नुकसान पहुंचा। चिकित्सा सूत्रों ने एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।

# एक अपडेट से दुनिया हुई परेशान

## क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनियाभर में शुक्रवार को एक बड़ी तकनीकी दिक्कत के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण कामकाज पर असर पड़ा है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट रद होने से यात्री हलकान रहे। वहीं कई फ्लाइटों का समय भी बदला गया।

### कब शुरू हुई परेशानी

गुरुवार रात को क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर ने एक अपडेट रिलीज किया, जिसने विंडोज कंप्यूटर में अचानक गड़बड़ी पैदा कर दी। जिन कम्प्यूटर्स पर यह अपडेट गया, वे सब क्रैश होते चले गए। इन्हीं कंप्यूटर्स पर एयरलाइंस की बुकिंग और चेक इन सर्विस आधारित है। लिहाजा ये तमाम सर्विसेस बंद पड़ गईं।

### सबसे बड़ी चुनौती

क्राउडस्ट्राइक अपडेट के असर से कंप्यूटर क्रैश हो गए हैं। यानी या तो कंप्यूटर सिस्टम बंद हैं या अचानक रीस्टार्ट का मैसेज दे रहे हैं। ऐसे में क्राउडस्ट्राइक के सामने रिमोट एक्सेस के जरिए सिस्टम को सुधारना बड़ी चुनौती है, क्योंकि क्रैश हो रहे कंप्यूटर पर सुधार किया हुआ सॉफ्टवेयर इंस्टॉल होना मुश्किल होगा। अगर इस काम को मैनुअली किया जाता है, तो इसमें ज्यादा समय लगेगा और तब तक लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

### कंपनी ने अपडेट हटाया

एंटीवायरस में अपडेट की वजह से कंप्यूटर ठप होने का पता चलने के बाद क्राउडस्ट्राइक कंपनी ने इस अपडेट को अपनी वेबसाइट से हटा लिया है, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन कंप्यूटर्स पर इसका अपडेट इंस्टॉल हो चुका था, उन्हें कैसे रीस्टोर किया जाएगा। जिससे भविष्य में इस प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े।



बाल्टीमोर में बाल्टीमोर/वाशिंगटन अंतर्राष्ट्रीय थर्गूड मार्शल हवाई अड्डे पर लाइन में प्रतीक्षा करते यात्री। • एजेंसी

### क्या आ रही परेशानी

दुनियाभर में विंडोज-10 यूजर्स के सिस्टम क्रैश हो रहे हैं यानी उनके सिस्टम या तो अचानक बंद हो रहे हैं या रीस्टार्ट हो जा रहे हैं। इस वजह से स्क्रीन पर नीले बैकग्राउंड के साथ एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है। इसे ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर कहा जा रहा है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर पर कोई काम नहीं किया जा सकता। ऐसा तब होता है, जब सिस्टम किसी सीरियस इश्यू के चलते क्रैश हो जाता है। इस मैसेज के मायने हैं कि सिस्टम सुरक्षित रूप से काम नहीं कर सकता है।

### भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए फिलहाल राहत की खबर है। बीएसई और एनएसई इस तकनीकी खराबी से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है।

## भारत के साथ संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए : तोबगे

**थिम्पू।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आपसी विश्वास और लाभ पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध निरंतर मजबूत होने चाहिए। मिसरी अपने समकक्ष पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को यहां पहुंचे। कार्यभार संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय में यह उनकी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। इस दौरान तोबगे ने मिसरी को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

# अलकायदा का सदस्य अमीन उल हक गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी



- पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने की कार्रवाई

पाकिस्तान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अलकायदा के एक प्रमुख सदस्य अमीन उल हक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मारे गये आतंकवादी ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी बताया गया है।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में तोड़फोड़ की गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश बनाई थी और वह महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

# रूस में फंसे यात्रियों के लिए राहत उड़ान भेजी

मुंबई, एजेंसी

- एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए दूतावास की टीम क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद

एयर इंडिया ने अपनी दिल्ली-सैन फ्रांसिस्को उड़ान के यात्रियों को ले जाने के लिए मुंबई से एक राहत उड़ान रवाना की है। ये यात्री गुरुवार से रूस के क्रास्नोयार्स्क अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (केजेए) पर फंसे हुए हैं। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने एजेंसी से कहा कि राहत विमान एआई 1179 यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोपहर 12.52 बजे रवाना हुआ और रूसी शहर क्रास्नोयार्स्क स्थित हवाई अड्डे पर स्थानीय समय अनुसार रात आठ बजे पहुंचने की संभावना है।

एयरलाइन ने कहा कि रूसी हवाई अड्डे पर यात्रियों और कर्मचारियों को सहायता प्रदान करने के लिए चालक दल और सुरक्षा कर्मियों सहित एयर इंडिया की एक टीम राहत उड़ान में मौजूद है। एयरलाइन ने एक्स पर कहा कि राहत उड़ान के लिए उसे नियामकीय मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय दूतावास ने कहा, दूतावास की टीम तीन वरिष्ठ अधिकारियों और दुभाषिया एयर इंडिया की उड़ान के यात्रियों की सहायता के लिए क्रास्नोयार्स्क शहर में मौजूद है।

# अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक सवाल के जवाब में कही यह बात

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में गुरुवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा, भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे। पटेल ने कहा, इसके अलावा, यूक्रेन-रूस के बीच जारी जंग और यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुता पर उसके प्रभाव के संदर्भ में, हम भारत समेत अपने सभी साझेदारों से यूक्रेन में स्थायी व न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के प्रयासों का समर्थन करने का अनुरोध करते हैं। विदेश मंत्रालय ने रूस से कहा कि वह यूक्रेन के संप्रभु क्षेत्र से अपने सैनिक वापस बुलाए। मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए 8-9 जुलाई को रूस में थे।

## ब्रिटेन में पारिवारिक घटना को लेकर दंगे और आगजनी

**लंदन।** उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में दंगा भड़कने के दौरान पथराव और अव्यवस्था के बीच एक डबल डेकर बस में आग लगा दी गई और एक पुलिस वाहन को पलट दिया गया। स्थानीय परिषद ने इसे पारिवारिक घटना बताया है। लीड्स नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम रिओर्डन ने शुक्रवार को बीबीसी को बताया, अब स्थिति शांत हो गई है। हमने पहले ही घटनास्थल पर सफाई का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने गुरुवार रात को दंगे भड़कने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, दिन के पूर्वार्द्ध में एक पारिवारिक घटना हुई थी, जिसे लेकर स्थानीय समुदाय के लोग चिंतित थे और इसी कारण पुलिस तथा हमारे अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जब बच्चे खतरे में होते हैं तो हम हमेशा वहां हस्तक्षेप करते हैं, जहां हमें जरूरत होती है।

## कश्मीर में आतंकियों के पास से पहली बार हुई बरामद



# क्यों खास है एयूजी राइफल

**नई दिल्ली।** कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास गुरुवार को घुसपैठ कर रहे आतंकियों को जवानों ने ढेर कर दिया। इस हमले में दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। आतंकियों के पास से हथियारों की बड़ी खेप बरामद हुई, जिसमें स्टेयर एयूजी राइफल भी थी जो पहली बार बरामद हुई है। आइए जानते हैं इस राइफल से जुड़े तथ्य।

**कहा विकसित हुई :** एयूजी राइफल एक विशेष शास्त्रशास्त्रीय और बदलावशील सर्वकलाईबर कार्बाइन है, जिसे ऑस्ट्रियन कंपनी स्टाइर आर्म्स ने विकसित किया था। इसे 1977 में ऑस्ट्रियाई सेना के लिए तैयार किया गया था और फिर इसका प्रयोग अन्य देशों की सेनाओं में भी किया गया है।

**मुख्य विशेषताएं:** ■ एयूजी राइफल की अनोखा विशेषता ये है कि सर्वकलाइबर है। इसका मतलब होता है कि इसे बदलावशील और सामान्य स्थिति में प्रयुक्त किया जा सकता है। जो विभिन्न परिस्थितियों के लिए अनुकूल है। ■ इस की डिज़ाइन अनूठी है, जिसमें फिबर रीइंफोर्स्ड प्लास्टिक का उपयोग कर बनाया गया है, जो इसे लाइटवेट और विशेष तौर पर ड्यूरेबल बनाता है। ■ बुलपप डिजाइन के साथ यह राइफल 5.56 X 45 एमएम इंटरमीडिएट कारतूस के लिए बनाई गई है। गन का यूज न केवल दिन बल्कि रात में भी आसानी से किया जा सकता है। ■ बंदूक की मैगजीन की बात करें तो इसमें क्रमानुसार 9, 30 और 42 राउंड एक साथ फायर किए जा सकते हैं। ■ पुल थ्रू टिगर की एडवांस टेक्नॉलॉजी के साथ निर्मित।

## अमेरिकी पत्रकार को जासूसी के मामले में 16 साल कारावास

**येकातेरिनबर्ग।** रूस की एक अदालत ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच को जासूसी के मामले में दोषी ठहराते हुए 16 साल के कारावास की सजा सुनाई। देश की राजनीतिक प्रभाव वाली कानूनी प्रणाली में त्वरित मुकदमे के तहत गेर्शकोविच को 16 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। गेर्शकोविच (32) को मार्च 2023 में यूराल पर्वतीय शहर येकातेरिनबर्ग की रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान हिरासत में लिया गया था और उन पर अमेरिका के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया था। वह तभी से सलाखों के पीछे हैं। शीतयुद्ध के चरम पर होने के दौरान 1986 में निकोलस डेनिलॉफ की गिरफ्तारी के बाद गेर्शकोविच जासूसी के आरोप में हिरासत में लिए गए पहले अमेरिकी पत्रकार हैं।

**खगोल विज्ञान** पृथ्वी के निकटवर्ती वस्तुओं के निर्माण में काले धूमकेतुओं की 60 प्रतिशत भूमिका

# नए शोध में काले धूमकेतुओं से पृथ्वी में जल पहुंचने के प्रबल संकेत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पृथ्वी पर जल की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ पाई है। मगर नए शोध में काले धूमकेतुओं से जल पृथ्वी में पहुंचने के प्रबल संकेत मिलते हैं। मिशिगन विश्वविद्यालय ने यह खुलासा किया है। धरती पर जल के बिना जीवन संभव नहीं है। मगर पानी आया कहां से ? इस स्रोत का आज तक पता नहीं लग सका है। यह धारणा दशकों से रही है कि पृथ्वी पर पानी का एकमात्र स्रोत धूमकेतु ही हो सकता है। मगर इसके ठोस सबूत आजतक नहीं मिले हैं।

मगर नया शोध बताता है कि पृथ्वी के निकट की 60 प्रतिशत वस्तुएं काले धूमकेतु हो सकती हैं। काले धूमकेतु रहस्यमय क्षुद्रग्रह हैं जो हमारे सौर मंडल में सूर्य की परिक्रमा करते हैं। उनमें संभवतः या पहले बर्फ मौजूद थी और वे पृथ्वी पर पानी पहुंचाने का एक मार्ग हो सकते थे। विज्ञान पत्रिका पीयर-रिव्यू जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन के प्रमुख लेखक हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति व मंगल के बीच सौर मंडल में अधिकांश चट्टानी क्षुद्रग्रह शामिल हैं । जिसकी उपसतह बर्फ की है। यहीं से पृथ्वी पर बर्फ पहुंचने का एक संभावित मार्ग नजर आता है। इस मार्ग से पूर्व में धूमकेतु पृथ्वी से टकराए होंगे और भरपूर पानी बर्फ के रूप में पृथ्वी तक पहुचा होगा।



काले धूमकेतु की तस्वीर।

### क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं के बीच अंतर

काले धूमकेतु क्षुद्रग्रहों और धूमकेतुओं दोनों की विशेषताओं को मिलाते हैं। क्षुद्रग्रह बिना बर्फ वाले चट्टानी पिंड हैं, जो सूर्य के करीब परिक्रमा करते हैं, आमतौर पर जिसे बर्फ रेखा कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि वे सूर्य के इतने करीब हैं कि क्षुद्रग्रह अपने साथ ले जा रही किसी भी बर्फ को वाष्पित कर सकता है। या फिर ठोस बर्फ से सीधे गैस में बदल सकता है।

### पुराणों मे भी है धूमकेतुओं का जिक्र

धूम का अर्थ धुआं और केतु का अर्थ पताका यानि आसमान में धुंए की पताका। धूमकेतु को पुछल्ल तारा भी कहा जाता है। अथर्वेद में धूमकेतु का जिक्र है, महाभारत के भीष्मपर्व में कहा गया है धूमकेतुर्महाघोर : पुष्य चाक्रमय तिष्यति महाभयंकर धूमकेतु जब पुष्य नक्षत्र के पार पहुँचेगा तब भीषण युद्ध आरंभ होगा। देश के बड़े ज्योतिषी ने बृहत्संहिता ग्रन्थ के केतुचार अध्याय में धूमकेतुओ के बाबत विस्तार से लिखा है और इसके शुभ फलों का ही जिक्र किया। वर्तमान समय में हम धूमकेतु के प्रकट होने के बाद उसके आकाश मार्ग व सूर्य के समीप पहुँचने की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ है। चीन में प्राचीन काल से ही धूमकेतुओं का लेखा-जोखा रखने की परंपरा रही है। वहां 613 ई.पू. से अब तक धूमकेतु के देखे जाने का विवरण मिलता है।

## फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति अवैध : आईसीजे

**हेग (नीदरलैंड्स)।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने कहा है कि फिलिस्तीनी कब्जे वाले क्षेत्रों में इजराइल की उपस्थिति गैरकानूनी है और इसे समाप्त करने का आह्वान किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने शुक्रवार को जारी अपनी गैर-बाध्यकारी राय में कहा कि इजराइल ने पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में कब्जा करने, स्थायी नियंत्रण लगाने और बस्तियां बनाने की नीतियों को लागू करके, वहां कब्जा करने वाली शक्ति के रूप में अपनी स्थिति का दुरुपयोग किया है। उसने कहा कि इस तरह की हरकतें कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजराइल की मौजूदगी को गैरकानूनी बनाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के निकाय ने कहा कि उसकी (इजराइल की) निरंतर मौजूदगी अवैध है।

# 50 भारतीय छोड़ना चाहते हैं रूसी सशस्त्र बल

नयी दिल्ली, एजेंसी

- मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया : रणधीर जायसवाल

रूस के सशस्त्र बलों में कार्यरत भारतीयों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत और रूस काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ और नौ जुलाई की दो दिवसीय मॉस्को यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें लगभग 50 भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी है जो वर्तमान में रूसी सशस्त्र बलों की नौकरी छोड़ना चाहते हैं।

प्रवक्ता ने अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ये ऐसे मामले हैं जिनमें व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों ने उनकी सेवा की यथाशीघ्र समाप्ति सुनिश्चित करने में सहायता के लिए हमसे संपर्क किया है। जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे को रूस के साथ नेतृत्व स्तर सहित विभिन्न स्तरों पर उठाया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया रूस यात्रा के दौरान इस मामले को उठाया था। रूसी पक्ष ने हमारे अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। दोनों पक्ष भारतीय नागरिकों को शीघ्र सेवामुक्त करने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले महीने विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रूस की सेना में भारतीय नागरिकों का मुद्दा अत्यंत चिंता का विषय है।